रांची का तापमान
| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 25.0° | 25.8° |
| न्यून. | 10.5° | 11.8° |

रांची, रविवार
09 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 10, पृष्ठ-12

माघ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## मुख्यमंत्री ने किया 'एग्रोटेक किसान मेला-2025' का उद्घाटन, कहा

# कृषि के क्षेत्र में है आधुनिक तकनीक की अहम भूमिका

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि खेती-किसानी और कृषि अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। झारखंड जैसे राज्य के लिए एग्रीकल्चर एक महत्वपूर्ण विषय है। झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और ये लोग खेती-बाड़ी के माध्यम से ही अपना जीवन यापन करते हैं। वर्तमान समय में कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की बड़ी भूमिका है। ये बातें मुख्यमंत्री सोरेन ने शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 'एग्रोटेक किसान मेला-2025' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के स्थापित हुए लगभग 45 वर्ष हो चुके हैं। यह विश्वविद्यालय राज्य में किसानों के उत्थान के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इस संस्थान द्वारा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में काबिल बनाया जा रहा है। बीएयू से डिग्री प्राप्त कर कई विद्यार्थी देश और दुनिया में आज किसानों को बेहतर मार्गदर्शन दे रहे हैं। बीएयू में एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट एवं रिसर्च के क्षेत्र में समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड पठारी क्षेत्र में बसा हुआ राज्य है। वैसे तो प्रत्येक राज्य में खेती-बाड़ी के अलग-अलग पैमाने होते हैं, कहीं सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता है, तो कहीं व्यवस्थाओं के बल पर सिंचाई कार्य के लिए पानी पहुंचाया जा रहा है। किसान वर्ग को अन्नदाता कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को अपग्रेड करने की दिशा में कई गतिविधियां की जा रही हैं, किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए अभी और कार्य करने बाकी हैं। बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी एवं राज्य सरकार एक बेहतर समन्वय बनाते हुए किसानों को बेहतर दिशा देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में परंपरागत व्यवस्थाओं के साथ-साथ कृषि-खेती कार्य को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ने की आवश्यकता है। कभी-कभी बदलते मौसम के कारण किसान वर्ग के लोग हतोत्साहित होते जाते हैं, तकनीक के माध्यम से ही उन्हें इन समस्याओं से बचाया जा सकता है।

शेष पेज 11 पर

1. प्रशिक्षण हॉल एवं वन औषधि द्रव्य प्रदर्शनी दीर्घा का किया शिलान्यास
2. सीएम व कृषि मंत्री ने बिरसा कृषि मार्गदर्शिका 2025 का किया विमोचन



### महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना उद्देश्य : सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ढाई हजार रुपए प्रतिमाह सहयोग राशि प्रदान कर रही है। यह राशि यहां की महिलाओं को आत्मनिर्भर बन रहा है। इस राशि के जरिए राज्य में महिला किसान दीदियां पशुधन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। किसान महिलाएं गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, शूकर पालन, फूल की खेती सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से आय का स्रोत ढूंढ सकेंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जो महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने की दिशा में सकारात्मक कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सोच है कि कैसे यहां के किसान खेती-कृषि के माध्यम से कृषक उद्यमी के तौर पर उभरें। इस निमित्त योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे-छोटे घरेलू प्रॉसेसिंग यूनिट लगाकर आप व्यवसाय कर सकते हैं। किसानों का मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है, बस जरूरत है उन्हें एक बेहतर मार्गदर्शन मिले।

### सिंचाई के लिए मिलेगा कुआं निर्माण योजना का लाभ

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में कृषकों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी, समय पर किसानों के बीच बीज-खाद का वितरण आदि सभी चीजों पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी जिलों में किसान पाठशाला स्थापित की जाएगी, जहां किसान भाई खेती की आधुनिक तकनीक, पशुपालन, मछली पालन सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी एवं प्रशिक्षण लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि झारखंड के किसान वर्गों के लोगों को एक लाख से अधिक कुआं निर्माण योजना का लाभ मिलेगा। नदी, तालाब तथा कुएं सिंचाई के पारंपरिक साधन हैं। बोरिंग कभी-कभी फेल भी हो जाता है, इसीलिए राज्य सरकार द्वारा कुआं निर्माण योजना लाई जा रही है।

### बीएयू की रैंकिंग सुधारने को कारगर प्रयास हो : कृषि मंत्री

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य के किसानों की स्थिति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और सरकार के संबंधित विभागों को कदम मिलाकर काम करना होगा। जिस सोच और लक्ष्य के साथ इस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, उसमे पूरी सफलता नहीं मिल पाई है। स्थापना से अब तक राज्य सरकारों को जितना सहयोग इस विश्वविद्यालय को करना चाहिए था, वह नहीं कर पाई। उन्होंने देश के कृषि विश्वविद्यालयों में बीएयू की रैंकिंग में सुधार के लिए कारगर प्रयास पर जोर दिया। कहा कि झारखंड के किसान सिंचाई साधनों की कमी के कारण केवल 4-5 महीने ही अपनी जमीन का प्रयोग खेती में कर पाते हैं। पूरे 365 दिन कृषि योग्य जमीन का लाभकारी प्रयोग कैसे हो, इसकी रणनीति किसानों को विकसित करने चाहिए।



विधानसभा में 27 साल बाद भाजपा को मिला स्पष्ट बहुमत

# दिल्ली में फिर खिला कमल

70 में से 48 सीटों पर भाजपा विजयी

22 सीटें आम आदमी पार्टी के खाते में

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में फिर कमल खिला दिया और अपने 27 साल के वनवास को खत्म कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को करारी शिकस्त देते हुए 48 सीटें जीती हैं। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा की सभी 70 सीटों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी के खाते में 22 सीटें आई हैं। कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई है। भाजपा को मतगणना में 45.66 प्रतिशत, आम आदमी पार्टी को 43.55 प्रतिशत और कांग्रेस को 6.35 प्रतिशत मत मिले हैं।

दिल्ली विधानसभा की कुल 70 सीटों में से 68 पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे, जबकि दो सीटें अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी थीं। भाजपा-नीत राजग के घटक दल जदयू ने बुराड़ी सीट से शैलेंद्र कुमार और लोजपा (रामविलास) ने देवली सीट से दीपक तंवर को मैदान में उतारा था, लेकिन दोनों उम्मीदवार चुनाव हार गए। आम आदमी पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, 'आप' प्रवक्ता दुर्गेश पाठक, राखी बिड़लान और सोमनाथ भारती चुनाव हार गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री आतिशी और कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने अपनी सीट बचा ली है। भाजपा के प्रवेश साहिब सिंह, सतीश उपाध्याय, बिजेंद्र गुप्ता, आम आदमी पार्टी से आए कैलाश गहलोत और अरविंदर सिंह लवली, कांग्रेस से आए

शेष पेज 11 पर


### जनशक्ति सर्वोपरि!

## विकास जीता सुशासन जीता : मोदी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भाजपा को जीत दिलाने के लिए दिल्ली की जनता का अभिनंदन किया। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता। दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन। आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का

शेष पेज 11 पर




### हार स्वीकार, भाजपा को जीत की बधाई : केजरीवाल

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी की हार स्वीकार की। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, आज दिल्ली के चुनाव के नतीजे आए हैं और जनता का जो भी निर्णय है, उसे हम पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। जनता का निर्णय सिर माथे पर। मैं भारतीय जनता पार्टी को इस जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं और मैं उम्मीद करता हूं कि वे उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

### जनादेश हम विनम्रता से स्वीकार करते हैं : राहुल

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और दिल्लीवासियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, दिल्ली का जनादेश हम विनम्रता से स्वीकार करते हैं। प्रदेश के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध तथा दिल्ली की प्रगति और दिल्लीवासियों के अधिकारों की यह लड़ाई जारी रहेगी। ज्ञात हो कि इस चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस का खाता नहीं खुला, जो पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## आउटसोर्सिंग समर्थकों व ग्रामीणों में हिंसक झड़प

- थाना प्रभारी समेत कई घायल गाड़ियों के शीशे तोड़े, लगाई आग
- धनबाद के झरिया अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जीनागोडा की घटना

नवीन मेल डेस्क

धनबाद। धनबाद के झरिया अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जीनागोडा स्थित देव प्रभा आउटसोर्सिंग समर्थकों और सुरुंगा के ग्रामीणों के बीच शनिवार को हिंसक झड़प हुई। इसमें तिसरा थाना प्रभारी सुमन सोनू सहित छह से अधिक लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है देव प्रभा आउटसोर्सिंग समर्थकों द्वारा मारपीट किए जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग कैंप में जमकर तोड़फोड़ की, वाहनों के शीशे तोड़ दिए और कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते वाहनों में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे तिसरा थाना प्रभारी सुमन सोनू भी इस घटना में घायल हो गए हैं। घायलों का धनबाद एसएनएमएमसीएच में इलाज चल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया आउटसोर्सिंग के ओबी डंप से गांव का रास्ता बंद हो गया है।

शेष पेज 11 पर

### कोल इंडिया मैराथन आज, तैयारियां पूरी

**रांची।** कोल इंडिया रांची मैराथन का आयोजन राजधानी के मोरहाबादी स्टेडियम में रविवार (9 फरवरी) को होगा। प्रतियोगिता चार श्रेणियों में होगी। इसमें पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर, हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) और फुल मैराथन (42 किलोमीटर) शामिल है। कोल इंडिया रांची मैराथन की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध मुक्केबाज मैरीकॉम हैं। सीसीएल सीएमडी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शनिवार को आमंत्रित किया। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

## झारखंड को लॉन बॉल मेंस सिंगल्स में स्वर्ण

देहरादून (हि.स.)



38वां राष्ट्रीय खेल

देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के हॉकी प्रैक्टिस ग्राउंड में 01 से 08 फरवरी तक चले 38वें राष्ट्रीय खेल के लॉन बॉल मुकाबलों में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार को विभिन्न वर्गों में हुए सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में रोमांचक खेल देखने को मिला।

लॉन बॉल मेंस सिंगल्स के फाइनल में झारखंड ने बिहार को 21-17 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मेंस फोर्स के खिताबी मुकाबले में भी झारखंड ने पश्चिम बंगाल को 17-10 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वीमेंस पेयर्स के फाइनल में असम ने ओडिशा को 19-10 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, वीमेंस ट्रिपल्स में बिहार ने पश्चिम बंगाल को 16-14 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। मेंस सिंगल्स में झारखंड के सुनील बहादुर को स्वर्ण पदक मिला। वहीं, बिहार के चंदन कुमार सिंह को रजत पदक हासिल हुआ। पश्चिम बंगाल के सौमेन बनर्जी और असम के पुतुल सोनोवाल को कांस्य पदक मिला। मेंस फोर्स में झारखंड को स्वर्ण, पश्चिम बंगाल को रजत तथा असम व मणिपुर को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। वीमेंस ट्रिपल्स में बिहार को स्वर्ण, पश्चिम बंगाल को रजत तथा झारखंड व दिल्ली को कांस्य पदक मिला।

वीमेंस सिंगल्स, वीमेंस फोर्स, मेंस पेयर्स और मेंस ट्रिपल्स के फाइनल मुकाबले पहले खेले जा चुके हैं। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और लॉन बॉल खेल को नई पहचान मिली।

इंडिया

## लक्ष्य पर केंद्रित प्रयास से ही मिलती है सफलता



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हम अक्सर जीवन में असफलता पर बहुत चिंतन करते हैं पर यह कारणों से अधिक प्रयासों पर भी विचार किया जाना चाहिए। आध्यात्मिक जीवन में अनेक मार्ग होते हैं। इन विभिन्न मार्गों का जीवन के लक्ष्य से कोई संबंध नहीं है। मार्गों का संबंध यात्रियों से तथा उनकी यात्रा आरंभ करने के स्थान से होता है। दिल्ली पहुंचने वाले रास्तों का दिल्ली से क्या लेना-देना है? महत्व इस बात का है कि उस मार्ग पर चलने वाला कहां रहता है। हो सकता है वह देवघर या अहमदाबाद अथवा मॉस्को में रहता हो। जब तुम बंगलूरू में हो, उसी समय कोलकाता या मुंबई में नहीं हो सकते। इसलिए बंगलूरू से दिल्ली की यात्रा कैसे करें, यह सोचना तुम्हारा काम है। इस प्रकार तुम्हारे लिए बंगलूरू का अधिक महत्व है। दूसरे शब्दों में, लक्ष्य या मार्ग की ओर देखने के बदले तुम्हें यह पता लगाना होगा कि तुम अभी कहां हो या किस श्रेणी में हो।आध्यात्मिक यात्रियों की पांच श्रेणियां होती हैं। सबसे पहली श्रेणी में मूढ़ लोग आते हैं, जो भ्रम में खोए हुए हैं और उन तक पहुंचना, उनको जगाना बहुत कठिन है। दूसरी श्रेणी में क्षिप्त चित्त वाले लोग आते हैं, जिनका दिमाग, इच्छाएं, कामनाएं, उद्देश्य, उपलब्धियां, कर्म, अभिव्यक्तियां, व्यक्तित्व, पसंद-नापसंद, राग-द्वेष सब बिखरे हुए हैं। वे किसी एक विकल्प पर स्थिर नहीं हो पाते। कभी उनको फिल्म स्टार बनना है, तो कभी नेता बनना



है। कभी उनको स्वर योग करने का मन करता है, तो कभी कुंडलिनी योग। ऐसे लोगों को बोलते हैं क्षिप्त। उनका मन अस्थिर और चित्त अस्तव्यस्त रहता है। तीसरी श्रेणी के लोग घड़ी के पेंडुलम की तरह डोलते रहते हैं। घड़ी के पेंडुलम का कम से कम एक स्थिर मध्यबिंदु रहता है, जहां वह रुकता है। तुम्हारा मन इधर-उधर भटकता रहता है, फिर तुम प्राणायाम का अभ्यास करते हो। तुम अन्य किसी विषय के बारे में सोचने लगते हो कि अचानक ख्याल आता है, मैं तो प्राणायाम कर रहा था और फिर वापस अभ्यास करने लगते हो। जब मन भटकता है, तो तुम उसे फिर से वापस केंद्र में ला सकते हो।

यह मन की तीसरा श्रेणी है, जिसे विक्षिप्त कहा जाता है। मूढ़, क्षिप्त और विक्षिप्त- ये तीन मन की श्रेणियां हैं, अधिकतर लोग इन्हीं श्रेणियों में आते हैं। चौथी श्रेणी है एकाग्र चित्त वालों की। वे चाहे खाएं, पीएं या जो भी काम करें, उनका सारा ध्यान एक चीज पर केंद्रित रहता है। यह चित्त की बहुत ऊंची अवस्था है।एकाग्रचित्त की एक सुप्रसिद्ध कथा है। एक बार गुरु द्रोणाचार्य अपने शिष्यों को धनुर्विद्या सिखा रहे थे। उन्होंने सबको बारी-बारी से बुलाया और सबसे एक ही प्रश्न किया, 'तुम्हें सामने वाले वृक्ष पर क्या दिखाई दे रहा है?' ज्यादातर ने कहा कि मुझे वृक्ष, उनकी शाखाएं, टहनियां, पत्ते और पक्षी दिखाई दे रहे हैं। अंत में अर्जुन ने कहा, मुझे मात्र एक काला बिंदु, पक्षी की आंख दिखाई दे रही है। अगर तुम्हें पक्षी की आंख का भेदन करना है, तो तुम्हें अपने मन के लेंस को केंद्रित करना होगा, ताकि यह केवल लक्ष्य को देखे। पांचवीं अवस्था निरुद्ध चित्त यानी चित्त की नियंत्रित अवस्था है। जैसे आप कार को रोकने के लिए ब्रेक लगाते हैं, उसी प्रकार मन की गति को रोकना निरोध कहलाता है। यह बहुत उच्च अवस्था है।

आत्मनिरीक्षण करने के लिए अपने प्रति ईमानदार बनना होगा। पहले अपने आप को स्वीकार करो, फिर पता लगाओ कि मैं कौन हूं। अपने को जानने के एक नहीं अनेक तरीके हैं। तुम्हें एक आईने की आवश्यकता होगी। तुम्हारा आलोचक तुम्हारा आईना है, क्योंकि वह तुम्हारा सच्चा रूप तुम्हें दिखा देता है।

## रांची के कई इलाकों में कल से 4 दिनों तक ठप रहेगी पेयजलापूर्ति

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची के कई इलाकों में आगामी सोमवार (10 फरवरी) से चार दिनों तक पेयजलापूर्ति सेवा ठप रहेगी। इनमें नयासराय, विधानसभा का क्षेत्र, विस्थापित कॉलोनी, सीआरपीएफ कैंप, जगरनाथपुर गांव शामिल हैं। इन इलाकों में पाइपलाइन से होने वाली पेयजल आपूर्ति 10 फरवरी से 14 फरवरी 2025 तक पाइपलाइन की शिफ्टिंग के चलते ठप रहेगी। यह जानकारी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंताा चंद्रशेखर द्वारा दी गई है। विभाग की ओर से पेयजल आपूर्ति बंद रहने पर विभिन्न इलाकों में पाइपलाइन लिकेज को ठीक करने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नयासराय में रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा रहा है। इस वजह से सड़क चौड़ीकरण और पेयजल पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम किया जा रहा है। वहीं, विधानसभा और इसके आसपास के इलाकों में रांची और पिस्का रेलवे स्टेशन के बीच बन रहे चार लेन के रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण होने से इन इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

## आप के पाप का घड़ा फूटा : प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि दिल्ली में आखिरकार आप के पाप का घड़ा फूट ही गया। आप की सरकार ने दिल्ली की जनता के साथ धोखेबाजी की। आम आदमी की सरकार बनाने का दावा करने वाले केजरीवाल खुद शीश महल पर काबिज हो गए। ना यमुना का प्रदूषण काम हुआ और ना ही दिल्ली की हवा बदली। वहीं नरेंद्र मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व पर दिल्ली की जनता ने अपनी आस्था व्यक्त की है। भाजपा के द्वारा पूर्व में किए गए चुनावी वादों को पूरा करने का शानदार रिकॉर्ड रहा है। जनता ने इस पर विश्वास जताया है।अब दिल्ली को संवारने की जिम्मेवारी भाजपा की है।

## झारखंड की जनता ने दी दिल्ली चुनाव पर दी प्रतिक्रिया

**रांची।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से साफ हो गया है कि 27 साल बाद दिल्ली में बीजेपी की वापसी हुई। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत आप के कई दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं। कांग्रेस के लिए यह चुनाव भी बेहद निराशाजनक रहा है। चुनाव के नतीजों पर झारखंड की राजधानी की जनता ने दी अपनी प्रतिक्रिया।

### भाजपा की जीत राजनीतिक बदलाव को दर्शाता है : शुभम बर्मन



रांची निवासी सुभम बर्मन ने दिल्ली चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा- 2025 का दिल्ली चुनाव परिणाम एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव को दर्शाता है। दिल्ली में लगभग तीन दशक बाद भाजपा ने सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत बदलते जनमत को दिखाता है, जो संभवतः आम आदमी पार्टी की सरकार से असंतोष और भाजपा की रणनीतिक पहुंच का परिणाम है। आप ने एक दशक तक दिल्ली में मजबूती से शासन किया, लेकिन हाल के प्रशासनिक मुद्दों और नेतृत्व विवादों ने उसकी स्थिति को कमजोर किया। कांग्रेस की पूरी तरह से गैर-मौजूदगी यह दर्शाती है कि दिल्ली की राजनीति में उसकी पकड़ लगभग समाप्त हो चुकी है।

### बीजेपी ने फिर रचा इतिहास : आदित्य रवि वर्मा



दिल्ली में विधासभा चुनाव में भाजपा की जीत पर रांची निवासी आदित्य रवि वर्मा ने कहा कि अब विकास कागजों की बजाय मैदान में दिखेगा। अब सचमुच दिल्ली का विकास आगे बढ़ेगा और हम इसे देखेंगे। बस सत्तारूढ़ सरकार अपने बुनियादी सिद्धांतों को ना भूलें जो जनता की उम्मीदें हैं।

### सत्ता का परिवर्तन जरुरी है : मुकेश कंचन



खिलाड़ी मुकेश कंचन ने दिल्ली चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब सत्ता एक पक्ष का ही हो तो सत्ता शासन करने लगती है। इसलिए सत्ता परिवर्तन बहुत जरूरी है। भाजपा ने जीत हासिल की है इससे प्रतीत होता है कि दिल्ली में आप की सरकार ने कहीं ना कहीं वहां के नागरिकों को छलने का काम किया होगा, तभी लोग त्रस्त होकर भाजपा को समर्थन दिया है।

### यमुना का पानी होगा साफ : माधुरी रानी गुप्ता



शिक्षिका माधुरी गुप्ता ने दिल्ली चुनाव पर कहा कि भाजपा की जीत बहुत बड़ी जीत है दिल्ली के लिए। जिस प्रकार मोदी सरकार ने पूरे देश को संभाला है वैसे ही जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा जताया है। दिल्ली को भी आप की सरकार ने छलने का काम किया है। लेकिन अब यमुना का पानी साफ होगा। जनता ने अपनी सरकार चुन ली है।

### मोदी सरकार अपनी गारंटी को करती है पूरा : डॉली



दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर रांची निवासी डॉली ने कहा मोदी है तो मुमकिन है। इसलिए दिल्ली की जनता ने इस बार आप के बजाए मोदी की सरकार को चुना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर काम की गारंटी देते है और उस पर अमल करते है। दिल्ली वालों का दिल जितने में इन कारणों की अहम भूमिका है।

दिल्ली में भाजपा की जीत पर प्रदेश भाजपा ने मनाई खुशियां

# आपदा के खिलाफ दिल्ली की जनता का जबर्दस्त जनादेश : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का प्रतिफल बताया।

दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल के दुष्प्रचार को सिरे से खारिज कर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया, इसके लिए मैं जनता जनार्दन का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आपदा के खिलाफ प्रचंड जनादेश दिया है। जनता ने मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास जताया है। श्री मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह एवं दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक विजय पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

**●मोदी के गारंटी की जीत : डॉ रविंद्र राय**

भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने दिल्ली की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दिल्ली की जनता ने झूठ और फरेब को बेनकाब कर दिया है।

विकास विरोधी और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिज्ञों को इस जीत से सबक लेनी चाहिए। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी फरेबी पार्टी आपदा पार्टी को दिल्ली की जनता ने सबक सिखाया है। दिल्ली की जनता ने आप पार्टी को केवल चुनाव नहीं हराया बल्कि अरविंद केजरीवाल को चित से उतार दिया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर और पटाखे छोड़कर कार्यकताओं को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि यह जीत असत्य पर सत्य की जीत है। झूठे वादों और झूठी राजनीति से जनता को बहुत दिनों तक नहीं बरगलाया जा सकता।

प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि दिल्ली के जनादेश ने राष्ट्रवाद और तीव्र विकास की राजनीति को मजबूती प्रदान की है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार अब जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। मोदी की गारंटी अब जमीन पर साकार होगी।

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि पिछले एक दशक से दिल्ली की जनता को केवल मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाए गए। आज जनता झूठे और भ्रष्टाचारी लोगों को सबक सिखाई है।

कार्यक्रम में आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सरोज सिंह, शिवपूजन पाठक, अविनेश सिंह, अजय साह, राफिया नाज, आरती सिंह, सीमा सिंह, राहुल अवस्थी, शशांक राज, पवन साहू, अशोक बड़ाइक, अरुण झा, रमेश सिंह, समर सिंह,तारिक इमरान,राजू सिंह,संजीव चौधरी,सुनीता सिंह,सुचिता सिंह, माया सिंह सिसोदिया, लक्ष्मी कुमारी, जितेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

■ ढोल बाजे पर खूब थिरके नेता और कार्यकर्ता



## न्यूज | बॉक्स

### जैक अध्यक्ष डॉ नाटवा मुख्यमंत्री से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड अधिविद्य परिषद के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### सीसीएल सीएमडी मुख्यमंत्री से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सी.सी.एल.) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने 09 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में आयोजित कोल इंडिया मैराथन के तृतीय संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

### जोहार सिल्क ब्रांड विकसित करने पर बल



**रांची।** उद्योग मंत्री झारखंड सरकार संजय प्रसाद यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य रेशम विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन किया एवं रेशम कृषकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएसबी-सीटीआरटीआई निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने झारखंड राज्य में रेशम उद्योग के उन्नयन के उपायों पर चर्चा किया एवं जोहार सिल्क ब्रांड विकसित करने पर बल दिया। इस कार्यशाला में आकांक्षा रंजन, आईएएस, निदेशक, राज्य रेशम विभाग ने झारखंड राज्य में तसर कृषकों एवं राज्य रेशम विभाग के सामूहिक प्रयास एवं सफलता की प्रसंशा किया।

## झारखंड में धोखा नहीं होता तो भाजपा की सरकार होती : डॉ सूरज मंडल



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस नेता अहमद पटेल के नजदीकी एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने यदि धोखा नहीं किया जाता तो 2024 के विधानसभा चुनाव में यहां भी भाजपा ही जीतती। डॉ. मंडल ने कहा कि झारखंड में 2024 में वैसी प्रत्येक राजनीतिक-सामाजिक स्थिति मौजूद थी और सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के जितने आरोप थे उसके कारण झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सरकार से आम लोग त्रस्त थे। डॉ. मंडल ने कहा कि सिर्फ और सिर्फ गलत रणनीति और झारखण्ड बीजेपी के कुछ मौजूद नेताओं के गलत दृष्टिकोण के कारण ही यहां के विधानसभा चुनाव में झामुमो और कांग्रेस की जीत हुई।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत एक नए युग की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भ्रष्ट और अनैतिक सरकार का खात्मा हुआ है।

## दिल्ली की जनता ने मुफ्त की योजना को नकारा : राजेन्द्र



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने दिल्ली में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर बधाई दी है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने मुफ्त की योजना को नकार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की गारंटी पर विश्वास कर भाजपा को प्रचंड जीत दिलाई है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध लड़ने की बात कही थी, लेकिन वह स्वयं भ्रष्टाचार की दलदल में फंस गए। लोकपाल की बात करने वाले अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे को ही छोड़ दिया। जिसका परिणाम है कि आज सत्ता से दिल्ली की जनता ने उन्हें बाहर कर दिया है।

## प्रजातंत्र में सत्ता का बदलाव, लोकतंत्र की खुबसूरती है : अरविंद लाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने पर रवि रोहतगी ने कहा कि दस सालों से चल रहे जंगल राज का खात्मा हुआ। विवेक पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी आम रह गई, बीजेपी हुई खास। उन्होंने कहा कि एक तरफ यमुना साफ का वादा,केजरीवाल का शीश महल समेत कई ऐसे कारण आम आदमी पार्टी के लिए हार का कारण बनी। सतीश झा ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली आप के पाप से मुक्त हो गई है।

मनमोहन ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने 27 वर्षों के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में



ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। वहीं आप के प्रमुख नेता अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगी मनीष सिसोदिया ने अपने-अपने सीटों पर हार का सामना किया। हाईकोर्ट के अधिवक्ता अरविंद लाल ने दिल्ली चुनाव पर कहा कि प्रजातंत्र में सत्ता का बदलाव, लोकतंत्र की खुबसूरती है।

## एक दशक की आपदा से आज दिल्ली मुक्त हो गई : अन्नपूर्णा देवी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा देश की राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद मिली इस ऐतिहासिक जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करती हूं और उनका अभिनंदन करती हूं। साथ ही 2 तिहाई बहुमत के साथ जीत कर आये सभी 48 विधायकों को हार्दिक बधाई देती हूं। मुझे पार्टी की ओर से आदर्श



नगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रचार का प्रभार सौंपा गया था। चुनाव प्रचार के दौरान ही मुझे इस चुनाव में दिल्ली की जनता के मूड का आभास हो गया था।

आदर्श नगर विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के राजकुमार भाटिया जी ने आम आदमी पार्टी के मुकेश गोयल को 11482 वोटों से हराया है। लोगों में आम आदमी पार्टी और इसके नेताओं के खिलाफ आक्रोश और दिवारों पर लिखा बदलाव का संदेश साफ दिख रहा था। लोगों ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाने का मन बना लिया था और आज के नतीजों ने साफ कर दिया कि दिल्ली की महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं सहित सभी वर्ग के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी जी पर भरोसा जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलवाई है। इसके लिए दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करती हूं।

## आपदा के पापों से मुक्त हुई दिल्ली : संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा दिल्ली में अहंकार, झूठ, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनता की जीत हुई। यह ऐतिहासिक जीत मा० प्रधानमंत्री श्री ठंशेल्लशि टझ्ञ जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ख.ढ.र्ठाी जी और भाजपा के हर देवतुल्य कार्यकर्ता की जीत है। दिल्ली की देवतुल्य जनता को बधाई।

## झामुमो ओरमांझी प्रखंड संयोजक मंडली का हुआ गठन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में ओरमांझी, बरवे स्थित वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू पार्क में हुई।

मौके पर मुस्ताक आलम ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का हर तीन वर्षों मे सांगठनिक प्रक्रिया के तहत समितियों का गठन होता है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर रांची जिला संयोजक मंडली का जिले के सभी प्रखंडों का दौरा चल रहा है। इसी क्रम मे ओरमांझी प्रखंड मे बैठक हुई। हमारा उद्देश्य संगठन को गांवों से शहर तक मजबूत करने का है। हमारे पार्टी के केंद्रीय



अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने राज्य के लिए जो संघर्ष किया वो हमारे लिए प्रेरणा है। और हमारे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी द्वारा जो विकास कार्य किए जा रहे हैं, अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमे सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाना है। पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा 5 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। हमे रांची जिला की उपस्थिति को मजबूत करना है, जिला संयोजक मंडली की ओर से हमने पहले ही घोषणा कर दी है कि जो भी पंचायत सबसे ज्यादा सदस्यों को पार्टी से जोड़ेंगे उनको 10 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

बैठक का संचालन रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता ने किया। बैठक मे झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के द्वारा सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय 18 सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया। इस असवर पर पार्टी से जुड़ने वाले नए सदस्यों को जिला संयोजक मंडली के सदस्यों और पार्टी के नेतागणों द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई और माला पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया गया।



# भवन मालिक होल्डिंग टैक्स का भुगतान जल्द करें : प्रशासक

## जांच अभियान के दौरान पाई गई विसंगति



**नवीन मेल संवाददाता रांची।** नगर निगम के राजस्व शाखा द्वारा गठित टीम के द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत होल्डिंग, ट्रेड लाइसेंस एवं बिना कमर्शियल होल्डिंग के आवासीय भवनों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को निगम की टीम द्वारा लालपुर, अपर बाजार, स्टेशन रोड एवं मेन रोड स्थित विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों में विशेष जांच अभियान चलाया गया।

**विशेष पहल:** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में घृतिकर (प्रॉपर्टी टैक्स) भुगतान एवं ट्रेड लाइसेंस के आवेदन/नवीकरण की प्रक्रिया ऑन-स्पॉट पूरी की जा रही है। आगामी शिविर वार्ड नंबर 1 में दस फरवरी को मारु टावर में आयोजित किया जाएगा। आस-पास के सभी भवन मालिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द अपने घृतिकर का भुगतान करें एवं आवश्यक ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करें। प्रशासक रांची नगर निगम रांची ने शहर के सभी भवन मालिकों से अनुरोध किया है कि वे अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान जल्द से जल्द कर दें और अगर अपने परिसर मे कोई नई संरचना का निर्माण किया गया है तो उतने क्षेत्रफल का पुनर्मूल्यांकन करवाना सुनिश्चित करें।

**मेन रोड :** निगम की टीम ने कुल 6 प्रतिष्ठानों की जांच की। जिसमे मुख्यत: मेट्रो ब्रांच लिमिटेड, ऑल इन वन मिल्क प्रोडक्ट, सुधा मिल्क एण्ड दही, डॉलर शो बाजार, राजवंशी क्लॉथ स्टोर, रेबोक शूज शामिल हैं।मेट्रो ब्रांच लिमिटेड एवं रेबोक शूज ने अपने व्यवसाय को सेल्फ ऑक्यूपाइड दशार्या था, किंतु जांच में वे किराए पर संचालित पाए गए। यह कृत्य प्रत्यक्ष रूप से कर की चोरी की श्रेणी में आता है। अत: निगम ने इन प्रतिष्ठानों को दो दिनों के अंदर ही पुनर्मूल्यांकन कराने का निर्देश दिया। आदेश की अवेहलना होने की स्थिति में निगम अपने स्तर पर शास्ति अधिरोपित कर बकाये कर की वसूली करेगा।

**अपर बाजार:** कुल 6 भवनों की जांच की गई। शुक्ला रानी जैन एवं निर्मला देवी के भवनों को रेजिडेंशियल होल्डिंग के रूप में दिखाया गया था, जबकि वास्तविक रूप से वहाँ व्यावसायिक गतिविधियाँ संचालित हो रही थीं।निगम द्वारा इन भवनों की मापी कराकर ऑन स्पॉट ही कर निर्धारण कर डिमांड जारी किया गया और दो दिनों के भीतर भुगतान करने का निदेश दिया गया। कुल 10 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिसमे दो होटलों (होटल राही, होटल त्रिभुवन) के एरिया में अंतर पाया गया एवं फिर से मापी कर प्रतिष्ठानों का कर निर्धारण किया गया।

**लालपुर क्षेत्र:** कुल 14 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें स्टे होम, मां सरस्वती गर्ल्स हॉस्टल एवं सीता राम गर्ल्स हॉस्टल में के एरिया में अंतर पाया गया एवं फिर से मापी कर प्रतिष्ठानों का कर निर्धारण किया गया। निगम ने भवन मालिकों को कर का समय पर भुगतान करने का निर्देश दिया।


## निर्दोष छात्रों पर दर्ज प्राथमिकी हटाने के लिए पहल करे विवि : मंच

**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने अभिषेक झा के नेतृत्व में सीयूजे कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा और हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद निर्दोष विद्यार्थियों पर दर्ज प्राथमिकी को अविलंब हटाने की मांग की। वहीं कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन तत्काल इस मुद्दे पर संज्ञान ले। बीते 5 फरवरी को सीयूजे के बॉम्बे परिसर से मनातू परिसर जाते समय हुए एक सड़क हादसे में दो छात्रों की दुखद मृत्यु हो गई थी। इस घटना से व्यथित छात्र- छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से न्याय की मांग करते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। हालांकि, प्रशासन ने उनकी जायज मांगों पर विचार करने के बजाय बल प्रयोग किया, लाठीचार्ज किया और सैकड़ों विद्यार्थियों को घायल कर दिया। इसके अतिरिक्त, कई निर्दोष छात्रों पर अनुचित रूप से प्राथमिकी दर्ज की गई, जिससे उनके शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत भविष्य पर गंभीर संकट मंडराने लगा है। छात्र प्रतिनिधि अभिषेक झा ने कहा कि छात्रों का भविष्य अंधकारमय न हो, इस ओर विश्वविद्यालय प्रशासन को संवेदनशील रुख अपनाना चाहिए।

### प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित अयोध्यानाथ मिश्र की किताबों का विमोचन

# व्यक्तित्व के विकास में पुस्तक का योगदान अमूल्य: संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हमारे जीवन का अमूल्य साथी किताब होती है। व्यक्तित्व के विकास में किताबों का अविस्मरणीय योगदान होता है। सभ्यता चाहे जितना बदल जाए। किताबों का महत्व बना रहेगा। उक्त बातें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहीं। श्री सेठ शनिवार को प्रभात प्रकाशन से अयोध्यानाथ मिश्र की प्रकाशित दो किताबें 'अपने कुरुक्षेत्र में अकेला और आखिर क्यों' के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। यह कार्यक्रम राजधानी के चैंबर भवन में आयोजित किया गया था। श्री सेठ ने कहा कि युवाओं में किताब संस्कृति विकसित करने के लिए राजधानी में सबसे बड़ा पुस्तकालय का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा ई-लाइब्रेरी बनाया गया है जिसके माध्यम से रांची के युवा देश-विदेश की अहम किताबों को पढ़ सकेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि किताबों से व्यक्ति का निर्माण होता है। परिवार के निर्माण में महिलाओं का विशेष योगदान रहा है, ऐसे में किताबों के माध्यम से महिलाओं की करुणा, प्रेम और शक्ति को लाना बड़ा कार्य है, जिससे आगे बढ़ाना चाहिए। साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि वर्तमान दौर में बेहतर साहित्य का लेखन हो रहा है। प्रभात प्रकाशन के माध्यम से ऐसे लोग सृजन से जुड़ रहे है। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर लोगों को साहित्य एवं समाज के संबंध पर प्रकाश डाला। अयोध्यानाथ मिश्र ने कहा कि यह जीवन का अनुभव एवं सत्य घटनाएं हैं। दो कथा की किताबों में समाज, परिवार एवं महिलाओं के विविधि पक्षों को उभारा गया है। इस अवसर पर चिंतक और लेखक डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि हमारी सृजनात्मकता का आधार किताब होती है। यह जीवन में सृजन के लिए शक्ति देता है। व्यक्ति को सदैव आशावादी बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि हर सफल लेखक अपनी सफलता का बड़ा श्रेय उन किताबों और लेखकों को देता है जिन्हें उसने बचपन में पढ़ा है। सृजनात्मक बुद्धि के लिए किताबें अनिवार्य है, और अच्छे पाठक यानी रीडर ही आगे जाकर अच्छे लेखक बनते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति पढ़ने से ज्यादा सुनकर, देखकर और बोलकर सिखता है। कार्यक्रम में स्वागत प्रभात प्रकाशन के राजेश शर्मा, मंच संचालन श्याम किशोर चैबे और धन्यवाद ज्ञापन देवाशीषजी ने किया। इस अवसर पर पत्रकार बैजनाथ मिश्रा, संतोष किड़ो, अनीता रश्मि, डॉ अंबुज, सुस्मिता पांडेय सहित बड़ी संख्या में राजधानीवासी उपस्थित थे।

## साइनस रोग से बचाव के लिए करें नेति यौगिक क्रिया : योगाचार्य

**रांची।** अभी हाल ही में देखने में आया है कि साइनस रोग दिन प्रतिदिन युवाओं में अधिक संख्या में बढ़ता जा रहा है। इस कारण सिर दर्द, बार बार छींकें आना, सर्दी-जुखाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह रोग सर्दियों के समय सबसे ज्यादा घातक हो जाता है। नेति षट्कर्म नासिका मार्ग को साफ करने और शुद्ध करने की प्रक्रिया है, जिसमें गुनगुना नमकीन जल, सूत्र (धागा) दूध और घी का प्रयोग किया जाता है,जिससे साइनस में जमा हुआ मैल बाहर निकलता है और संतुलित श्वास को बढ़ावा मिलता है। योगाचार्य महेश पाल बताते हैं की नेति हठयोग में वर्णित एक महत्वपूर्ण शरीर शुद्धि योग क्रिया है। नेति, षटकर्म का महत्वपूर्ण अंग है। नेति मुख्यतः सिर के अन्दर वायु-मार्ग को साफ करने की क्रिया है। हठयोग प्रदीपिका और घेरंड सहिता में नेति के बहुत से लाभ वर्णित हैं। नेति के मुख्यतः दो रूप हैं : जलनेति तथा सूत्रनेति। जलनेति में जल का प्रयोग किया जाता है; सूत्रनेति में धागा या पतला कपड़ा प्रयोग में लाया जाता है जलनेति में पानी से नाक की सफाई की जाती है और आपको साइनस, सर्दी, जुकाम, पोल्लुशन, इत्यादि से बचाता है। जलनेति में नमकीन गुनगुना पानी का इस्तेमाल किया जाता है।

# अवैध क्रशर संचालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओरमांझी अंचल अंतर्गत मोजा खेड़ाबेड़ा में संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इसमें जिला खनन पदाधिकारी रांची, जिला खनन पदाधिकारी रामगढ़, अंचल अधिकारी ओरमांझी, वन विभाग के वनरक्षी एवं ओरमांझी थाना के पदाधिकारी मौजूद थे। जांच के क्रम में पाया गया कि वसन्त प्रसाद, अजय कुमार एवं सतीश मुंडा द्वारा अवैध क्रशर का संचालन किया जा रहा है। इनके खिलाफ ओरमांझी थानाप्रभारी से जांचोपरांत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग शुभम दत्ता खान निरीक्षक जिला खनन कार्यालय रांची ने की है।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में जया एकादशी पर हुई भगवान की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जया(भैमी) एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर ( तिरुपति बालाजी ) मंदिर में शनिवार को प्रातः 6:00 बजे भक्तजनों की लालसा- अभिलाषा पूर्ण करनेवाले श्रीभगवान के विग्रह का आराधन हुआ। मंदिर में भगवान के चार व्यूह (स्वरूप) विराजमान है और इन चारों व्यूहों के साथ 'श्री'भू- नीला और पद्मा ये- भगवान की चार पत्नियां उनकी तेज हैं। इसलिए भगवान और भगवती के इन स्वरूपों का धूप दिखाकर प्रोक्षण ,दहनाभ्यां मुद्रा , सुरभि मुद्रा ,अग्निमुद्रा ,दीप मुद्रा दिखाकर वेद और उपनिषद के ऋचाओं का उच्चारण करते हुये नक्षत्र आरती ,कुंभ आरती और कर्पूर आरती की गयी। फिर भाँति -भाँति प्रकार से मंत्र,ऋचा और स्तोत्रों से भगवान के पुण्यकीर्ति का स्तुति हुआ। साँवा दाना का पायस ,साबूदाना -आलू की खिचड़ी,छांछ कुटू आटा -आलू कीपकौड़ी ,फल और मेवा का बालभोग नैवेद्य हुआ। शनिवार के दिन का संयोग होने से 865 वां खिचड़ी भंडारा के बदले में फलाहारी पायस का भंडारा हुआ। जिसमें 1274 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आज के फलाहारी पायस **महाप्रसाद :** विकास -रूचिता शर्मा की ओर से निवेदित हुआ।

अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने दिन भर के अनुष्ठान को विधिवत्त संपन्न कराया। उपस्थित रहे प्रदीप नर्सरिया रमेश धरनीधरका रंजन सिंह शंभू नाथ पोद्दार प्रभास मित्तल सुशील गारोदिया सीता शर्मा छाया दुबे यशोदा देवी सुधा झा उर्मिला झा विमल मिश्र अशोक धनानी भोला बरनवाल जगनारायण प्रसाद के अतिरिक्त सैकड़ो भक्तों ने भगवान की अर्चना- वंदना करके अपने अपने मनोभिलाषित वरो की कामना की।

**आज / कल**




## अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में जया एकादशी उत्सव मना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शनिवार को जया एकादशी उत्सव अत्यन्त भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया। एकादशी का उल्लास लिए भक्तगण प्रातः काल से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातःकाल में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे लाल गुलाब, रजनीगंधा, गैंदा व तुलसी दल से मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया।

रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव के जयकारों के बीच ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण ज्योत में आहुति प्रदान कर मंगलमय जीवन की कामना की। श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ कर भजनों की अमृतवर्षा की गई । भजनों की लय पर देर रात तक भक्तगण श्री श्याम प्रभु को रिझाते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रशाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, विकाश पाडिया, ज्ञानप्रकाश बगला, प्रियांश पोद्दार,अजय साबू , नितेश केजरीवाल, जीतेश अग्रवाल एवं मनोज ढांढनीयां का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

## युवा पीढ़ी को नशा, हिंसा और नफरत से बचाने का आह्वान

**रांची।** हमारे देश की युवा पीढ़ी नशा, हिंसा नफरत के रास्ते पर बढ़ रही है, जो हमारे समाज के लिए एक बड़ा खतरा है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम उन्हें इस रास्ते से बचाएं और राष्ट्रीय तरक्की और समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें। लोक सेवा समिति इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। हमारा उद्देश्य नशा, हिंसा और नफरत से राष्ट्र और समाज को बचाना है। हमें मिलकर जागरूकता अभियान चलाना होगा और सरकार, पुलिस और प्रशासन को जगाना होगा ताकि वे नशा के कारोबार और हिंसा पर रोक लगा सकें। इस कड़ी में समिति एक प्रेरणा नामक स्मारिका पुस्तक का प्रकाशन कर रहा हैं, जिसमें लेख, संदेश और विचारों के माध्यम से राष्ट्र और जन सेवा में लोग जुड़ सकते हैं।

### कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ कैसे हो कार्रवाई, महिलाओं को हो कानूनी जानकारी

# जरुरी कानून और धाराओं से महिलाओं को अवगत रहना चाहिए : अधिवक्ता सोनाली

**काजल मेहता रांची।** स्वतंत्रता के बाद भारतीय नारी की स्थिति में काफी परिवर्तन हुआ है। आजादी के बाद महिलाओं के प्रति अपराध को रोकने के लिए बनाए गए अधिनियमों की विवेचना करते हैं तो स्पष्ट होता है कि महिलाओं की गरिमामयी स्थिति को बनाये रखने के लिए बहुत सारे कानून बनाए गए हैं। लेकिन पर्याप्त कानूनी शिक्षा के अभाव में कानूनों की जानकारी उनकों नहीं मिल पाती है। यहां तक कि अधिकांश महिलाओं को पता ही नहीं हो पाता कि उन्हें कौन-कौन से अधिकार प्राप्त हैं। अधिवक्ता सोनाली ने महिलाओं को प्राप्त कानूनी जानकारी साझा की और आईपीसी और बीएनएस की धाराओं में अंतर भी बताया। साथ ही कार्यस्थल से लेकर घर तक यदि महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हो रही है तो वह कैसे कानून का सहारा ले सकती है इस विषय पर भी बताया।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013

### कानून क्या करता है?

यदि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ किसी तरह से शोषण हो रहा है या महिलाएं उत्पीड़न का सामान कर रही है तो इस पर उच्च न्यायलय अधिवक्ता सोनाली ने बताया कि वर्ष 2013 में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न अधिनियम को पारित किया गया था। जिन संस्थाओं में दस से अधिक लोग काम करते हैं, वहां यह अधिनियम लागू होता है। ये अधिनियम, 9 दिसम्बर, 2013 से प्रभाव में आया था। जैसा कि इसका नाम ही इसके उद्देश्य रोकथाम, निषेध और निवारण को स्पष्ट करता है और उल्लंघन के मामले में, पीड़ित को निवारण प्रदान करने के लिए भी ये कार्य करता है। ये अधिनियम विशाखा केस में दिए गए लगभग सभी दिशा-निदेर्शों को धारण करता है और ये बहुत से अन्य प्रावधानों को भी स्थापित करता है जैसे- शिकायत समितियों को सबूत जुटाने में सिविल कोर्ट वाली शक्तियां दी गई है, यदि नियोक्ता अधिनियम के नियम को पूरा करने में असफल होता है तो उसे 50,000 रुपये से अधिक जुर्माना भरना पड़ेगा, ये अधिनियम अपने क्षेत्र में गैर-संगठित क्षेत्रों जैसे ठेके के व्यवसाय में दैनिक मजदूरी वाले श्रमिक या घरों में काम करने वाली नौकरानियां या आयाएं आदि को भी शामिल करता है। अधिवक्ता सोनाली ने कहा इस प्रकार, ये अधिनियम कार्यशील महिलाओं को कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न के खतरे का मुकाबला करने का उपाय है। ये विशाखा फैसले में दिये गये दिशा निदेर्शों को सुव्यवस्थित करता है और इसके प्रावधानों का पालन करने के लिये नियोक्ताओं पर एक सांविधिक दायित्व अनिवार्य कर देता है। अधिवक्ता सोनाली ने कहा कि इस अधिनियम में कुछ कमियां भी है जैसे कि ये यौन उत्पीड़न को अपराध की श्रेणी में नहीं रखता बस केवल नागरिक दोष माना जाता है जो सबसे मुख्य कमी है, जब पीड़ित इस कृत्य को अपराध के रुप में दर्ज करने की इच्छा रखती है तब ही केवल इसे एक अपराध के रुप में शिकायत दर्ज की जाती है, इसके साथ ही पीड़ित पर अपने वरिष्ठ पुरुष कर्मचारी द्वारा शिकायत वापस लेने के लिए दबाव डालने की भी संभावनाएं अधिक रहती है। इस प्रकार, अधिनियम को एक सही कदम कहा जा सकता है लेकिन ये पूरी तरह से दोषरहित नहीं है और इसमें अभी भी सुधार की आवश्यकता है। यहां तक कि अब, पीड़ित को भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत पूरी तरह से न्याय पाने के लिये अपराधिक उपायों को तलाशना पड़ता है। और फिर, अपराधिक शिकायत धारा 74 के अन्तर्गत दर्ज की जाती है जो कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की विशेष धारा नहीं बल्कि एक सामान्य प्रावधान है।



**● मौलिक अधिकारों से महिलाएं और बच्चियां हो वाकिफ**


### अधिवक्ता सोनाली ने बताई जरुरी अनुच्छेद और धाराएं

1. आईपीसी की धारा 354 जो की बीएनएस की धारा 74 है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, महिलाओं के खिलाफ हमले और यौन उत्पीड़न से जुड़े अपराधों से निपटती है। इस धारा के तहत, किसी महिला पर हमला करने या उस पर आपराधिक बल का इस्तेमाल करने पर सजा का प्रावधान है।
2. आईपीसी की धारा 354(अ) बीएनएस की धारा 75 है। इस धारा के तैहत लैंगीक उत्पीडन और दंड यानी सजा का प्रावधान।
3. आईपीसी की धारा 354(इ) बीएनएस की धारा 76 है। इस धारा के तहत, किसी महिला पर हमला करने या उससे कपड़े उतारने की कोशिश करने पर सजा का प्रावधान है।
4. आईपीसी की धारा 354(ऊ) बीएनएस की धारा 78 में पीछा करने के खिलाफ सजा का प्रावधान है। पहली बार दोषी पाए जाने पर तीन साल तक की जेल हो सकती है और जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। वहीं, दूसरी बार या उसके बाद दोषी पाए जाने पर पांच साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

इसी के साथ अधिवक्ता ने बताया की भारतीय संविधान के अनुसार अनुच्छेद 20, 21 और 14 मौलिक अधिकार हैं। जिसमें लैंगिक, जाति आधारित, धर्म आधारित, भेदभाव करना अपराध की श्रेणी में आएगा। साथ ही अधिवक्ता ने कहा- किसी भी कार्यलय में पुरुष का वेतन अधिक और लिंग भेद के कारण महिला का कम है नहीं दे सकते। या कार्यलय में लिंग भेद के कारण महिला को कम सम्मान नहीं दे सकते। गर्भावस्था में पहले 6 महीने की मातृत्व छुट्टी मिलती थी लेकिन अब 9 महीने की छुट्टी दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा गर्भावस्था में महिलाओं को कार्यलय से निकाला जा सकता है।

### क्या करता है यह कानून?

यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को अवैध करार देता है। यह कानून यौन उत्पीड़न के विभिन्न प्रकारों को चिह्नित करता है, और यह बताता है कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत किस प्रकार की जा सकती है। यह कानून हर उस महिला के लिए बना है जिसका किसी भी कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ हो। इस कानून में यह जरूरी नहीं है कि जिस कार्यस्थल पर महिला का उत्पीड़न हुआ है, वह वहां नौकरी करती हो। कार्यस्थल कोई भी कार्यालय/दफ्तर हो सकता है, चाहे वह निजी संस्थान हो या सरकारी।

## चंदौरी में भाजपा के संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन

**तिसरी (गिरिडीह)।** भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर शनिवार को चंदौरी मंडल में संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता और संचालन मंडल अध्यक्ष सुनील साव ने किया जबकि चंदौरी मंडल चुनाव अधिकारी कामेश्वर पासवान और मंडल सहयोगी उदय साव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के संयोजक व सहसंयोजक और बूथ कार्यकर्ता व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। बताया गया कि पार्टी के गाइडलाइन के अनुसार पंचायत प्रभारी और सह प्रभारी बनाकर वहां के बूथ अध्यक्ष व चयन बूथ कमेटी का निर्माण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। चुनाव प्रभारी कामेश्वर पासवान ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत जो भी 50 सदस्य बनाए होंगे वही बूथ,मंडल, प्रखंड,जिला और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी होंगें।

# दिल्ली की जीत पर खलारी में मना जश्न, बंटी मिठाईयां



*दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि डबल इंजन की सरकार में ही विकास की गंगा बह सकती है। वहीं शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता अराजक माहौल से तंग आ चुकी थी।*

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर खलारी के भाजपा कार्यकताओं ने जश्न मनाया। मतगणना का परिणाम आने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू के नेतृत्व में कार्यकर्ता केडी हिन्दूगढ़ी चौक पर एकत्रित होने लगे। हाथ में पार्टी का झंडा लिए कार्यकर्ता जिन्दाबाद के नारा लगाते रहे। जीत की खुशी में पटाखे जलाए गए। लड्डू बांटा गया। अनिल गंझू ने कहा कि यह जीत झूठ पर सत्य की जीत है। दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि डबल इंजन की सरकार में ही विकास की गंगा बह सकती है। वहीं शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता अराजक माहौल से तंग आ चुकी थी। अराजकता व बेरोजगारी के खिलाफ लोगों ने वोट किया। श्यामसुन्दर सिंह ने कहा कि देश में जहां जहां डबल इंजन की सरकार है, वह प्रदेश विकास की राह पर है। दिल्ली की जनता इसे समझ चुकी है। जश्न मनाने वालों में अनिल गंझू, शैलेंद्र शर्मा, भरत रजक, श्यामसुंदर सिंह, सिन्नी समाड, भरत प्रजापति, दिलीप पासवान, प्रदीप प्रामाणिक, लालबाबू सिंह, रविभूषण सिंह, दिलीप गंझू, प्रताप यादव, रतनलाल, मुकेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, नवीन कुमार, मिथिलेश सिंह, जफरुद्दीन अंसारी, गिरिधर तिवारी, डीएन शर्मा, राजू कुमार, मुकेश सिंह, रविंद्र पासवान, रविंद्र गिरि, छोटू सिंह, किरण देवी, शोभा कच्छप आदि शामिल थे।

### भाजपा खलारी मंडल का कार्यशाला आयोजित

## बूथ कमेटी के लिए नियुक्त कर दिए गए शक्ति केंद्र के प्रभारी : अनिल गंझू



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
भाजपा खलारी मंडल द्वारा खलारी पहाड़ी मंदिर के समीप सामुदायिक भवन में संगठनात्मक चुनाव को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने की। कार्यशाला में मुख्य रूप से भाजपा के चुनाव पर्यवेक्षक संजीव तिवारी व जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम साहू उपस्थित थे। कार्यशाला की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्थानीय कार्यकताओं ने पार्टी के पदाधिकारियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यशाला में बूथ स्तर से मंडल स्तर तक की नई कमेटी का गठन करने का प्रस्ताव रखा गया। बताया गया कि बूथ कमेटी चयन को लेकर सभी शक्ति केंद्र में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। कार्यशाला में भरत रजक, शैलेंद्र शर्मा, जितेंद्रनाथ पांडेय, मिथिलेश प्रजापति, किरण देवी, चतुर्गुण भूइयां, दिनेश गुप्ता, सुरेश साव, भोला गंझू, रविन्द्र पासवान, मनोज साहू, शिव चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### विधायिका का कार्य कानून बनाना है : रबीन्द्रनाथ महतो



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो में एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे के द्वारा आयोजित सम्मेलन में शनिवार को शामिल हुए। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाले सदस्यों का 'विधायकों के लिए क्षमता निर्माण' कार्यक्रम के दूसरे सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विधायिका का कार्य कानून बनाना है, परंतु विधेयकों पर कम चर्चा होना चिंताजनक है। विधानसभा सत्र को नहीं चल नहीं दिए जाने की नई परिपाटी शुरू हई है जो किसी भी स्थिति में लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। हमें इन विषयों पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है। अध्यक्ष इस सम्मेलन में 14वां नेशनल कॉन्क्लेव भारतीय छात्र संसद की उद्घघाटन समारोह में भी भाग लिया। झारखंड विधानसभा के सदस्य जो इस कार्यशाला में भाग ले रहे है विभिन्न समितियों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों से आए सदस्यों के साथ राज्य के विभिन्न योजनाएं जो उनके राज्यों में फलीभूत हो रहे हैं तथा विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किए।

### भारत के आभूषण हैं पूर्वोत्तर के राज्य : संजय सेठ




**रांची।** अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन (राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा - 2025) के तहत पूर्वोत्तर भारत के युवाओं का दल झारखंड भ्रमण पर है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत छात्रों ने झारखंड की संस्कृति, यहां की समृद्धि विरासत और जल, जंगल, जमीन के प्रति हमारे प्रेम को देखा। आज ऐसे युवाओं से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। झारखंड के संदर्भ में उनके अनुभवों को सुना। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इनसे मैंने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष एक परिवार है, और आप सब उसके ब्रांड एंबेसडर हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का जो लक्ष्य भारत ने लिया है, इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सबके कंधे पर है। आपकी ऊर्जा, आपका परिश्रम, आपका समर्पण; हमें विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में सबसे अधिक संबल प्रदान करेगा। श्री सेठ ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य भारत के आभूषण हैं। ये प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण हैं। पूर्वोत्तर राज्य विकसित किए बिना देश का विकसित भारत बनान संभव नहीं है। अपने माटी के रक्षा हेतु झारखंड एवं पूर्वोत्तर भारत के लोगों ने आक्रांताओं के सामने कभी भी घुटने नहीं टेके; अपितु, उन्होंने अपनी संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण में सर्वस्व न्योछावर किया है।

### पलाश का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** पलाश जेएसएलपीएस द्वारा शनिवार को बुढ़मू प्रखंड के सभागार मे एक दिवसीय आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जेएसएलपीएस निशिकांत नीरज, उप प्रमुख बुढ़मू हरदेव साहू , विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, जिला आजीविका प्रबंधक जेएसएलपीएस अभिषेक चांद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पलाश जेएसएलपीएस द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं सीएलफ की दीदियों को समेकित कृषि के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। समेकित कृषि के माध्यम की समूह की दीदीयों की आजीविका संवर्धन पर चर्चा की गई। इस परियोजना के माध्यम से दीदीयों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन मधुमक्खी पालन किए जाने पर जोर दिया गया। वन उपज, ईमली, लाह की खेती को बढ़ावा देने के लिए जगरुक किया गया। उत्पादक समूह के द्वारा दीदी अपने उत्पाद को गाँव मे ही बेच सकती है। एफपीओ के माध्यम से कैसे ग्रामीण उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराया जा सके इस पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी बुढ़मू , प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, गुरुगईं, खखरा, बुढ़मू एंव उमेडंडा पंचायत के मुखिया सभी सीएलएफ पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी अधिकारी, फील्ड थीमेटिक कॉर्डिनेटर, सामुदायिक समन्वयक, आजीविका कृषि सखी, पशु सखी ,संकुल संघ के लेखापाल एंव सखी मंडल की दीदियां उपस्थित थी।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम कल से



**रांची।** फाइलेरिया विलोपन हेतु मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम रांची जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक 02 सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र ओरमांझी एवं तमाड़ में निर्धारित है। कुल 2,45,828 जनसंख्या (गर्भवती महिला, 2 वर्ष से छोटे बच्चों एवं अन्यंत गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) को डीईसी एवं एलबेंडाजोल दवा का सेवन कराया जाना है। सभी आंगनबाडी केन्द्रों एवं स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक भवनों में बुथ के माध्यम से 10फरवरी को तथा शेष बची जनसंख्या को 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के द्वारा कराई जाएगी। कुल 323 बुथों पर 646 डीए के द्वारा दवा सेवन कराया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए 33 सुपरवाईजर नियुक्त किए गये हैं। दवा सेवन हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम की जा रही है ताकि शत-प्रतिशत जनसंख्या को दवा का सेवन कराया जा सके। फाइलेरिया एक वेक्टर जनित लाईलाज तथा दूसरी बड़ी दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है। यह गंदे पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। यह जानलेवा बीमारी नहीं है लेकिन इसकी वजह से शरीर में विकृति पैदा होती है। इसलिए इस रोग से बचाव के लिए एम०डी०ए० कार्यक्रम के दौरान सभी व्यक्तियों को दवा सेवन करना आवश्यक है। 01 से 02 वर्ष के बच्चों को सिर्फ एलबेंडाजोल की दवा आधी गोली खिलाई जानी है।

## झामुमो का चलाया सदस्यता अभियान



**मांडर।** प्रखण्ड के मलती पंचायत के चटवल गांव में झामुमो ने सदस्यता अभियान चलाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही लोगों को प्रेरित किया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही झारखंड राज्य का विकास करेगा। इसमें मुख्य रूप से मुख्य संयोजक मंडली के अध्यक्ष रोशन इमानुएल तिग्गा, मंडली सदस्य राजू लोहरा, सुधांशु भगत, फ्रांसिस लकड़ा, अमानत अंसारी, हसन अंसारी समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर



**चान्हो।** प्रखंड स्थित बाघवार अकादमी के कला एवं संस्कृति भवन में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के ने रिबन काटकर किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्लांट सेल, मैजिक फायर, टेस्ला कॉइल, एलिफेंट टूथपेस्ट, प्लास्टोस्कोप, फायर बम, स्मोक ग्रेनेड इमरजेंसी, इनविजिबल प्रोजेक्ट, वॉटर रॉकेट, वर्टेक्स कैनन, जायरोस्कोप, माइक्रोस्कोप, स्मोक मशीन, रेन डिटेक्टर, लेजर होम सिक्योरिटी और हाइड्रोलिक जेसीबी जैसे अद्भुत और आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।प्रदर्शनी में लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। धन्यवाद ज्ञापन के वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्णा सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विज्ञान शिक्षकों - कुलदीप, सिन्हा, अमित, और अनुभव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत पूर्वी राज्यों त्रिपुरा और मिजोरम से आए छात्रों रेसमीता और जेराना का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। सूत्रों ने लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से अपनी क्षेत्रीय सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन किया। उन्होंने आपस में अपने अनुभव साझा किए और एक-दूसरे की संस्कृति को समझने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाषा, संस्कृति और स्थानीय विशेषताओं को बढ़ावा देना था। साथ ही, छात्रों ने प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक आदिवासी व्यंजनों का स्वाद भी चखा, जिससे उन्हें झारखंड राज्य के खान-पान की विशेषताओं को जानने का अवसर मिला। इस अवसर पर कॉलेज के संकाय सदस्य, प्रशिक्षु शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

### सिल्ली विधायक ने की सामुदायिक अस्पताल की समीक्षा, कहा

# मरीजों को दें बेहतर सेवा, कोताही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली विधायक अमित महतो ने शनिवार के दिन सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के सर्जन डॉक्टर और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जायजा लिया। प्रभारी डॉ प्रियंका सिन्हा ने विधायक का अभिनंदन और स्वागत गुलदस्ता देकर किया।विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले दिनों में हम सब आगे कैसे बढ़े और कैसे मरीजों को बेहतर सेवाएं दे सके, इसको लेकर निरंतर प्रयास करना है। विधायक ने अस्पताल में उपस्थित डॉक्टर, नर्स और उपलब्ध दवाईयों के बारे में विस्तृत जानकारी ली और साथ ही अस्पताल के पीछे फेंके गए दवा के बारे में भी पूछताछ किया इस पर डॉक्टर प्रियंका सिन्हा ने कहा कि दवा फेंकने की जानकारी मुझे मिली है जिसको लेकर छानबीन चल रही है और इसकी सूचना थाने में भी दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि ऐसा काम न करें जिससे आप लोगों के ऊपर कोई उंगली उठा सके, मैं आपलोगों से यही अपेक्षा रखता हूं। हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें जिससे आपलोग बेहतर कर सकें। आपलोग बेहतर करने का प्रयास करें। आपलोगों को कोई समस्या उत्पन्न होती है तो मुझे सूचित करें ताकि समय रहते ही उसका निदान किया जा सके। मरीजों के इलाज हेतु अस्पताल में जिन वस्तुओं की जरूरत होगी उसे पूरा करने में मेरा पूरा सहयोग रहेगा।

## विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली (टुटकी) में शनिवार के दिन विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों का मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी में लगाए। मौके पर छात्रों ने अपने वैज्ञानिक प्रोजेक्ट, मॉडल और प्रयोग को लोगों के बीच दिखाया।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करने का मकसद छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और उनके रचनात्मक विचारों को दिखाना होता है। वहीं प्राचार्य वी सुधीर राव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी ऊर्जा को लगाए साथ ही विज्ञान और प्रकृति के संबंध के बारे में भी छात्रों को ज्ञान दिया। प्रदर्शनी के आयोजन में विद्यालय के शिक्षक गोविंन्दर कुमार सिंह, विपुल राय,प्रेम कुमार, लंकेश लोहरा एवं राहुल भद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपित गिरफ्तार

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी सर्टिफिकेट और दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर जालसाजी तथा धोखाधड़ी कर ऑनलाईन ठगी मामले का उद्वेदन करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। वहीं कई इलेक्ट्रॉनिक सामानों को भी पुलिस ने जब्त किया है। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना अन्तर्गत पानी टंकी रोड पर एक व्यक्ति की ओर से नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी सर्टिफिकेट एवं दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर जालसाजी तथा धोखाधड़ी कर ऑनलाईन ठगी की जा रही है। एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने उक्त स्थल पर छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में तिलैया थानान्तर्गत पानी टंकी रोड से चन्दन वर्णवाल के घर में किराये पर रह रहे मुकेश यादव को गिरफ्तार किया गया।

# समाजसेवी व व्यवसायी वीरेंद्र साहू की सड़क दुर्घटना में मौत



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
भरनो थाना क्षेत्र के डोम्बा डुड़िया सड़क पर टाटा मैजिक ने बुलेट बुलेट बाइक पर सवार लापुंग थाना क्षेत्र के मालगो निवासी गल्ला किराना व्यवसायी विरेंद्र साहु को शनिवार की शाम लगभग 6:30 बजे जबरदस्त टक्कर मार दी। जब विरेंद्र साहु अपनी धर्मपत्नी को लाने के लिए अपनी बुलेट बाईक से लापुंग से डाड़हा जा रहे थे। टाटा मैजिक और बुलेट की टक्कर में विरेंद्र साहु की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सुनसान इलाका होने के कारण उनके परिवार वालों को घटना की जानकारी देर से मिली। उल्लेखनीय है कि हेलमेट पहनने के बावजूद वीरेंद्र साहू को चेहरे सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। उनके मौत की खबर सुनकर पूरे लापुंग प्रखंड एवं उनके पैतृक गांव के उनके परिजनों एवं ग्रामीणों में मालगो में शोक की लहर छा गई। मालगो निवासी विरेंद्र साहु लापुंग में ही घर बनाकर रहते थे और किराना की दुकान चलाते थे और उनकी धर्मपत्नी यशोदा देवी गुमला जिले में महिला एवं समाज कल्याण विभाग में सुपरवाइजर के पोस्ट पर कार्यरत हैं। वीरेंद्र साहू की एक बेटी प्रीति कुमारी और दो बेटे क्रमशः हरिन्द्र साहु एवं मनोहर साहु हैं।

## हथियार और कारतूस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**खूंटी।** कर्रा क्षेत्र में वाहन वालों से हथियार के बल पर लूटपाट कर रहे एक थार गाड़ी परं सवार दो अपराधियों को कर्रा थाना की पुलिस ने खदेड़कर दबोच लिया। पकड़े गए अपराधियों में मुरहू थानांतर्गत गुड़मी गांव निवासी पंकज कुमार (30 ) और मुरहू बस्ती निवासी विश्वनाथ जायसवाल (36) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने मौके पर एक आठ चक्र की देसी रिवाल्वर, दो जिंदा गोली, पीएलएफआइ के दो पर्चे, लेवी के नगद नौ हजार रुपये, तीन मोबाइल और थार जीप (जेएच 01 ईजेड 5854) बरामद किया गया । यह जानकारी पुलिस की ओर से शनिवार को दी गयी। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक को यह सूचना मिली थी कि कैंची मोड़ से कर्रा जानेवाली मुख्य सड़क पर एक थार जीप और एक वेन्यू कार पर सवार अपराधी वाहन वालों से हथियार के बल पर लूटपाट कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्रा थाना की पुलिस ने कर्रा थाना चौक में वाहनों की चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। उसी दौरान टिमड़ा की ओर से आ रही उक्त थार जीप को पुलिस टीम ने जब रोकने का प्रयास किया, तो थार में सवार अपराधी पुलिस के एक बोलेरो वाहन को टक्कर मारते हुए भागने लगे।

### एशिया पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में झारखंड के 12 खिलाड़ियों का हुआ चयन, कहा

# झारखंड में नहीं मिलती दिव्यांग खिलाड़ियों को कोई सुविधा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एशिया पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में झारखंड के 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ। 28 से 30 मार्च तक चलने वाला एशिया पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, नोम पेन्ह में वर्ल्ड फेडरेशन कम्बोडिया के द्वारा किया गया है। एशिया पारा थ्रो बॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार अल्बर्ट के नेतृत्व में भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। उल्लेखनीय है की टीम में झारखंड के 12 खिलाड़ी शामिल है जिसमे 7 महिलाएं और 5 पुरुष खिलाडी हैं। महिला खिलाडी में प्रतिमा तिर्की, महिमा उरांव, अनीता तिर्की, संजुक्ता एक्का, अन्सुता टोप्पो, पुष्पा मिंज, तारामणि लकड़ा शामिल हैं वहीं पुरुष खिलाडियों में कप्तान मुकेश कंचन, सनोज महतो, पवन लकड़ा, राजेश कुमार मेहता और मुकेश कुमार शामिल हैं।

**सामान्य की तरह दिव्यांग खिलाड़ियों को भी मिले मैदान : एसोसिएशन :** पैरालम्पिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के संरक्षक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि झारखंड के 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है लेकिन इसमें राज्य सरकार का कोई योगदान नहीं मिला। ये जरुर कहा जा सकता है कि राज्य से 12 खिलाड़ियों का चयन दिव्यांग जनों का हौसला अफजाई में मददगार साबित होगा।

### प्रतियोगिता में शामिल महिला खिलाड़ियों ने कहीं अपने मन की बात

खिलाड़ी अनीता तिर्की और प्रतिमा तिर्की जो रांची के कांके मिसिर गोंदा की रहने वाली हैं। दोनों खिलाड़ियों ने दो- दो बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला है और स्वर्ण पदक लाकर झारखंड का नाम रौशन किया है। महिमा उरांव जो कपड़ा सिलाई करके अपने परिवार को चलाने में योगदान देती है। महिमा ने बताया 5 बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया है। महिमा ने कहा- प्रैक्टिस के लिए मैदान तक पहुंचने के लिए 5 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। खिलाड़ी असुंता टोप्पो ने बताया की बचपन में ही मां व पिता की मृत्यु हो गई थी, बड़े भाई व बहनों ने संभाला। उन्होंने बताया की वह 4 बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगी में भाग ले चुकी हैं। पुष्पा मिंज ने बताया की वह काफी छोटी थी तब माता पिता की मौत हो गई थी। इसके बाद से वह रांची में सब्जी बेच कर घर चलाती हैं। संयुक्ता एक्का ने बताया कि वह 2 बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं और झारखंड के लिए दोनों बार स्वर्ण पदक लाया है। संयुक्ता ने बताया शादी के बाद खेल में काफी परेशानी हुई। ससुराल वालों ने शुरुआती दौर में समर्थन नहीं दिया हालांकि अब सभी लोग साथ हैं और सहयोग भी करते हैं। उन्होंने कहा किमां बनने के बाद शारीरक बदलाव के कारण खेलने में थोड़ी परेशानी हुई लेकिन खेल ज्यादा महत्वपूर्ण है। चान्हो निवासी तारामणि लकड़ा ने बताया 4 बार अंतरराष्ट्रीय खेल चुकी हैं। फिलहाल वे निजी अस्पताल में नर्स का काम कर खेल और परिवार दोनों का ख्याल रखतीं हैं।

## अफीम की खेती के खिलाफ कार्रवाई जारी दो दिनों में 10 गिरफ्तार

**खूंटी।** अफीम की खेती के खिलाफ खूंटी जिला पुलिस के जरिये चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अफीम के खेत में काम कर रहे 10 लोगों को दो दिनों के अंदर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में अड़की थानांतर्गत ग्राम तिनतिला टोली भुरसूडीह निवासी एसी सबन (48),एसी आसब (60),एसी नेमिया (46),एसी प्रभुदयाल (50 ),एसी दयाल (35),एसी अभिराम (45) तथा सायको थानांतर्गत ग्राम सैदवा निवासी वीरसिंह हस्सा उर्फ बिरसा (25 ),सेरेंगडीह गांव के दाऊद बड़ाएउद (26 वर्ष),जानुमपीड़ी गांव के सोमा हस्सा (56) एवं आड़ा गांव के करम सिंह पाहन उर्फ मंगरा (30 ) शामिल हैं। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक अमन ने शनिवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने कहा कि अफीम की खेती के खिलाफ जिला पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। एसडीपीओ ने बताया कि अफीम विनष्टीकरण अभियान के दौरान ग्रामीणों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्रों के कई गांव में ग्रामीण जागरूक भी हुए हैं और स्वयं से अफीम की फसल को नष्ट करने लगे हैं।

## एक नजर

### माता वैष्णों देवी मंदिर का 34 वां वार्षिकोत्सव भंडारे का आयोजन

**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की प्रतिमा की स्थापना का 34 वां वार्षिकोत्सव शनिवार को माता के भंडारा के साथ संपन्न हो गया। माता का वार्षिकोत्सव बीते 3 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ था। छह दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला थी। सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित गोविंद बल्लभ शर्मा व उनके सहयोगी पंडित लीलाधर शर्मा, किशोर शर्मा, मुरारी मोहन शर्मा, राजेश पांडेय, उपेंद्र पांडेय, सत्येंद्र द्विवेदी, अंकित पाठक ने करवाया। शनिवार को हवन, कंजक पूजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान के बाद माता का अटूट भंडारा किया गया।

### दस दिवसीय लोक नृत्य कार्यशाला सह प्रस्तुति का हुआ शुभारंभ

**रामगढ़।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकुद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था रामगढ़ के बैनरतले दस दिवसीय लोक नृत्य कार्यशाला सह प्रस्तुति का शुभारंभ गणिनाथ धर्मशाला बिजुलिया रामगढ़ में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम एवं बतौर विशिष्ट अतिथि कमल बागडिया, डोमन गुप्ता ,एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनुजा कुमारी, निमृति गुप्ता, अनुषा सोनी ने अपने मन मोहक नृत्य से दर्शकों को आनंदविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज विश्वदीप, एवं दीक्षा साहू ने किया। कार्यक्रम में मारकस हेमरोम ने बच्चों को दिशा निर्देश देते हुए बताया कि आप खेलकूद, नृत्य एवं गीत में भी अपना भविष्य बना सकते हैं।

### केदला वाशरी के कोयला बंकर में लगी आग

**रामगढ़।** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र की केदला वाशरी के चार नंबर कोयला बंकर में आग लग गई। यह घटना शुक्रवार की शाम में हुई थी। जिसके बाद प्रबंधन ने आग को बुझाने के लिए बंकर में पाइप से पानी डालना शुरू किया तत्पश्चात देर रात में आग से धुआं निकला बंद हो गया। लेकिन शनिवार की सुबह पुनः बंकर से धुआं उठना शुरू हो गया। जिसके बाद केदला वाशरी परियोजना पदाधिकारी पीके सिंह ने हजारीबाग एरिया से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलवाया। वहीं साथ में वाशरी के अलग अलग वाटर सप्लाई के पानी को भी पाइप के माध्यम से बंकर में डालना शुरू किया। काफी मशक्त के बाद आग से धुआं उठना जब बंद हुआ तो उस कोयला को कन्वेयर वेल्ट के माध्यम से बंकर के अंदर से खाली किया गया। मौके पर पीओ पीके सिंह ने कहा कि जब कोयला गर्म होता है तो इस तरह की घटना होती है।

दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर हजारीबाग में जश्न

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यकर्ताओं के संग मनाई खुशी

❑ भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत यह दर्शाती है कि जनता झूठे वादों और भ्रष्टाचार की राजनीति से ऊब चुकी है और उसने विकास एवं सुशासन के मार्ग को चुना है




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने विधायक सेवा कार्यालय के समक्ष कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ मिलकर भव्य जश्न मनाया। इस दौरान आतिशबाजी की गई, ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी मनाई गई एवं कार्यकताओं व आमजन को मिठाइयां बांटी गईं। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत यह दर्शाती है कि जनता झूठे वादों और भ्रष्टाचार की राजनीति से ऊब चुकी है और उसने विकास एवं सुशासन के मार्ग को चुना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को दिल्ली की जनता ने पूर्ण समर्थन दिया है और यह जीत देश में भाजपा की मजबूत पकड़ एवं जनता के अटूट विश्वास को प्रमाणित करती है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के विकास, जनता की सेवा और पारदर्शी शासन के लिए प्रतिबद्ध है और दिल्ली की जनता ने इस संकल्प पर अपनी मुहर लगा दी है। इस विजय उत्सव में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने दिल्ली में भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत को लेकर जोश और उत्साह के साथ ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाच-गाकर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया।

चलंत पशु चिकित्सा सुव्यवस्थित करने को लेकर विधायक को लिखा पत्र

# 1962 पर कॉल के बाबजूद भी नहीं मिली सहायता : दिनेश





**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भारतीय जनता पार्टी के बेंदगी पंचायत के पश्चिमी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश साव ने बरही प्रखंड में चलंत पशु चिकित्सा सेवा दुरुस्त करने की मांग किया है. इस बाबत उन्होंने स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव के नाम पत्र लिखकर ठोस पहल करने का अनुरोध किया है. श्री साव ने अपनें पत्र के माध्यम से बरही प्रखंड में संचालित वर्तमान चलंत पशु चिकित्सा सेवा व्यवस्था पर आपत्ति जताई है. पत्र में उन्होंने लिखा है की बीते दिन उनका भैंस गलफुली से पीड़ित था. इस संबध में 1962 पर कॉल किया गया. पर कोई लाभ नहीं हुआ. कॉल रिसीव करने वाले सिर्फ फोन को ट्रांसफर कर कभी बरकट्ठा तो कभी चौपारण के पशु चिकित्सक से बात करवाते रहे, पर कोई पशु चिकित्सक नही आया. इस व्यवस्था ने किसानों के लिए की गई इस चलंत पशु चिकत्सा व्यवस्था की पोल खोल दी है.

## न्यूज | बॉक्स

### 148 परीक्षार्थियों के बीच प्रवेश पत्र वितरण किया गया



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित +2उच्च विद्यालय कलहाबाद में माध्यमिक परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले कुल 148 छात्र छात्राओं को प्रवेश पत्र का वितरण शनिवार को समारोह आयोजित कर किया गया। मौके पर प्राचार्य शशि भूषण प्रसाद ने सभी परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए ।इस दौरान श्री प्रसाद ने बताया कि अपने बेटे बेटियों की सफलता से जितनी खुशी माता पिता को होती है उससे उतनी ही खुशी शिक्षकों को विद्यार्थियों के सफलता पर होती है। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को संयमित,निडर और अनुशासन में रहकर पढ़ाई करना चाहिए इससे वे अपना भविष्य बेहतर कर पाते हैं। समारोह में शिक्षक धानेश्वर कुमार, विनोद साव, अमरदीप कुमार, प्रेम प्रकाश प्रजापति,दीपक कुमार, रामचंद प्रसाद, शंकर प्रसाद, बृषकेतु प्रसाद,सुभान अली,जय प्रकाश प्रसाद आदि शामिल हुए।

### दसवीं व बारवीं के विद्यार्थियों का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजित



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित कन्या +2 उच्च विद्यालय बेलकपी में दसवीं व बारवीं के विद्यार्थियों का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास व संचालन संजय कुमार ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि आगामी 11 तारीख से आपलोगों की परीक्षा प्रारंभ है। परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से कम से कम आधे घंटे पहले अवश्य पहुंचे ताकि कोई हड़बड़ी न हो । कहा मुझे विश्वास है आप सभी उन चुनौतियों का सामना बेहतर रूप से करने में सक्षम होंगे।वहीं शिक्षक मुकेश पांडेय ने कहा कि आपको अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। इस दौरान उन्होंने परीक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव परीक्षार्थियों को दिए। वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर शिक्षक छत्रु प्रसाद, इंद्रजीत प्रसाद, मुकेश पांडेय, मुकेश कुमार, अवधेश यादव, सुरेंद्र प्रसाद, राकेश प्रसाद, गुलाम कौशर, ब्रह्मदेव कुमार, ईश्वर कुमार, आकांक्षा चौबे, रेखा कुमारी बर्नवाल, ममता कुमारी, विक्रम कुमार समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे। विदाई सह सम्मान समारोह के अंत में सभी शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य हेतु कामना की।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना संदेह के घेरे में, जांच शीघ्र

# दो से चार दिन में प्रारंभ होगी जांच की प्रक्रिया : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत गलत तरीकों से लाभ लेने वाले लाभुक की जांच और गलत तरीके से निर्गत राशि वापसी की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. इसी के तहत बरही प्रखंड कार्यालय को प्रखंड में कुल 1176 लाभुक के डुप्लीकेसी संबंधित सूचना मिली है. प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड में 1176 लाभुक संदेह के घेरे में है. जिन पर दो अलग स्थान से योजना के लाभ लेने की सूचना प्राप्त हुए हैं. इस संबंध में बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि यह संख्या जिला से प्राप्त पत्र के आधार पर बताई गई है. दो से चार दिनों के अंदर इसकी जांच प्रारंभ की जाएगी. जिसमे डुप्लीकेसी के साथ फर्जी तरीके से योजना का लाभ लेने वाले लाभुक की जांच की जायेगी. सत्यता की पुष्टि होने पर वैसे लाभुक के खिलाफ विधि सम्मत कारवाई करते हुए पैसे वापसी की प्रक्रिया अपनाई जाएगी.

दिल्ली विधानसभा की जीत पर सांसद मनीष जायसवाल ने जताई खुशी, कहा

# झूठ के राज का हुआ अंत अब बढ़ेगी विकास की गति

*सांसद ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रचंड जनादेश के साथ 26 साल बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी करायी है*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** दिल्ली विधानसभा चुनाव- 2025 में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व और प्रचंड जीत पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि, दिल्ली में झूठ के राज का अंत हुआ और विकास एवं सुशासन की शुरूआत अब होगी। दिल्ली में प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली की महान जनता, दिल्ली चुनाव में लगे भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रिय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामना दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रचंड जनादेश के साथ 26 साल बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी करायी है ,इसके लिए दिल्ली की जनता और मतदाता विशेष बधाई के पात्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जैसा कि भाजपा ने ऐलान किया था ,कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली में आएगी तो विकास की गति बढ़ेगी अब दिल्ली में बदल इंजन की विकास की रफ़्तार बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि सांसद मनीष जायसवाल को भाजपा सिर्फ नेतृत्व ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में दो विधानसभा क्षेत्र का दायित्व सौंपा था।

ऑरडविनो उनो बोर्ड के उपयोग को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी ज्ञान देना : कुलाधिपति

*छात्रों ने इस कार्यशाला में बढ़-चढ़कर भाग लिया और ऑरडविनो उनो बोर्ड का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया*




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकाय द्वारा 08-02-2025 को ऑरडविनो उनो बोर्ड के उपयोग के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी ज्ञान से अवगत कराना और उनकी क्षमताओं को विकसित करना था। कार्यशाला में इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकाय के व्याख्याताओं ने ऑरडविनो उनो बोर्ड से संबंधित व्याख्यान दिया। उन्होंने ऑरडविनो उनो बोर्ड के उपयोग जानकारी साझा की और छात्रों को इसके अनुप्रयोगों से परिचित कराया। छात्रों ने इस कार्यशाला में बढ़-चढ़कर भाग लिया और ऑरडविनो उनो बोर्ड का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने इस पहल की सराहना की और सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस कार्याशालय के आयोजन से छात्रों को तकनीकी के क्षेत्र में जानकारी मिलेगी। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि इस कार्यशाला द्वारा छात्रों के बीच तकनीक के प्रति रुचि जगाई और उनके व्यावसायिक कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, संकाय के अन्य व्याख्यातगण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

23 को एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

# लैंड बैंक को शीघ्र रद्द किया जाए : भूवनेश्वर मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड में जल जंगल जमीन की लूट मची हुई है, हजारीबाग जिला अंतर्गत 32 कोल ब्लॉक का आवंटन हुआ है, जिसको लेकर भूमि अधिग्रहण जारी है। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत भूमि अधिग्रहण का अनूपालन नहीं किया जा रहा है। गोंदलपूरा में अडानी प्रोजेक्ट के तहत अधिग्रहण को लेकर रैयतों और ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर सभी आंदोलनरत हैं उक्त बातें शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के मुख्यमंत्री काल में 21 लाख हेक्टेयर गैरमजरूवा जमीन को लैंड बैंक में डाल दिया गया, जिनकी रसीद काटना बंद हो गई है। जिसको लेकर 22 अप्रैल 2023 से किसान चतरा जिला में आंदोलनरत हैं। सिंहपुर - कठौतिया रेल लाइन और भारत माला प्रोजेक्ट को लेकर चतरा में भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसके तहत हजारों किसानों की जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है।

### उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग




**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को दाखिल खारिज संबंधित विशेष राजस्व शिविर के आयोजन के पूर्व उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। दाखिल खारिज संबंधित विशेष राजस्व शिविर के दौरान सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जाना है इसे लेकर उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को दाखिल खारिज संबंधित मामलों में निष्पादन के उपरांत शुद्धि पत्र भी त्वरित रूप से निर्गत करने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज संबंधित विशेष राजस्व शिविरों का स्वयं औचक निरीक्षण करने की बात भी कहीं।

यूथ विंग की प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

# रक्तदान महादान, एक बूंद भी किसी की आशा की किरण बन सकती है : बाबूलाल

❑ हजारीबाग की जनता से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की और कहा कि हमारा एक छोटा सा योगदान किसी की जिंदगी बचाने में सहायक हो सकता है



3 मार्च रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में किया आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सर्किट हाउस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था ने आगामी 3 मार्च को आयोजित रक्तदान शिविर में उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जिसे बाबूलाल मरांडी ने सहर्ष स्वीकार किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने संस्था की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान और पुनीत कार्य है, जो कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचा सकता है। रक्त का एक बूंद भी किसी के आशा की किरण बन सकती है। उन्होंने हजारीबाग की जनता से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की और कहा कि हमारा एक छोटा सा योगदान किसी की जिंदगी बचाने में सहायक हो सकता है। रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इस विशेष अवसर पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने हजारीबाग यूथ विंग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था निरंतर समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 2024 में संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 130 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था, जो हजारीबाग में रक्तदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सांसद ने भी हजारीबाग की जनता से अपील करते हुए कहा कि, रक्तदान सबसे बड़ा दान है।

विशेष मनरेगा दिवस को लेकर प्रभातफेरी का आयोजन

# ग्रामीणों को मनरेगा संबंधित कार्यों की दी गई जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार प्रखंड के बरकनगांगो पंचायत में विशेष मनरेगा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, रोजगार सेवक नारायण प्रसाद की मौजुदगी में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणो को मनरेगा संबंधित कार्यों की जानकारी आदान प्रदान किया गया। इस निमित पंचायत सचिवालय से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में रोजगार सेवक नारायण प्रसाद के नेतृत्व में पंचायत के सभी मार्ग से रैली भ्रमण करते हुए पंचायत में 100 दिन कार्य किए मजदूरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वहीं मजदूरों के मांग पर जॉब कार्ड का वितरण किया गया।मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं मनरेगा मजदूर के साथ मनरेगा संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजय चौधरी, मथुरा यादव, मुरली प्रसाद, महेश यादव, गंगाधर रजक, राजेश रविदास, कैलाश ठाकुर,शंकर महतो,दीपक यादव ,जमुना महतो,रघु राम समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

तीन दिन से जारी है डीवीसी विस्थापित संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना

# मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा धरना : संयोजक संघर्ष समिति

बदले में ऐसे जमीन पर बसाया गया जो कोई काम का नहीं है. इस जमीन का न तो रसीद निर्गत होता है न ही जाति प्रमाण पत्र बनता है. जिससे यहां के लोग या बेरोजगार को स्थानीयता संबधित सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** पिछले तीन दिनों से डीवीसी विस्थापित संघर्ष समिति उरवां, कोडरमा और हजारीबाग अपने मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर हैं. धरना में डीवीसी से विस्थापित हुए 56 मौजा के विस्थापित रैयत सहित संघर्ष समिति के पदाधिकारी, कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल हैं. संघर्ष समिति का कहना है कि डीवीसी ने तिलैया डैम निर्माण के समय हम सभी का जमीन लेकर विस्थापित किया. बदले में ऐसे जमीन पर बसाया गया जो कोई काम का नहीं है. इस जमीन का न तो रसीद निर्गत होता है न ही जाति प्रमाण पत्र बनता है. जिससे यहां के लोग या बेरोजगार को स्थानीयता संबधित सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. लोग स्थानीय होकर अस्थाई बने हुए हैं. स्थानीय की माने तो लड़ाई आर पार की है. जब तक लगान रसीद निर्गत सहित अन्य मांगों पर सार्थक पहल नहीं होता है धरना जारी रहेगा. यह भी बताया गया कि उरवां पंचायत के कुछ लोग अपने शेष जमीन पर तिलैया जलाशय योजना के तहत मछली पालन कर जीविकोपार्जन कर रहें हैं. जिस पर डीवीसी प्रबंधन ने सोलर प्लांट लगाने की बात कह रहा है. जिससे यहां के सैकड़ो मछुआरे की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा. धरणार्थियों के मुख्य मांगो में जमीन का रसीद निर्गतन, डीवीसी डैम में मछुआरे एवं केज उत्पादकों को समुचित वित्तीय सहायता, प्रभावित गाँव में निःशुल्क पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई की समुचित व्यवस्था, विस्थापित रैयत के बकाया मुआवजा के भुगतान एवं जमीन का पर्चा निर्गत, 75% स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार, खेल मैदान एवं हेल्थ केयर का निर्माण, उरवां पंचायत ने एक सौ बेड वाला अस्पताल का निर्माण और डीवीसी फॉर्म के उत्तर दक्षिण में जलाशय तक आने जाने के लिए 25 फीट का सड़क निर्माण आदि शामिल है.

### माध्यमिक में 7473 एवं इंटरमीडिएट में 5280 अभ्यर्थी लेंगे परीक्षा में हिस्सा

# पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त तरीके से कराएं परीक्षाओं का आयोजन : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** आगामी 11 फरवरी से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पदाधिकारियों एवं केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष सिमडेगा जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 21 परीक्षा केंद्रों पर 7473 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 05 केंद्रों पर 5280अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे।उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी. उन्होंने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायें। उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। इसके अलावे परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की दूरी तक धारा 144 लागू करनेऔर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त करने सहित आयोजित परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल रहित सम्पन्न हो, ये हम सभी के जिम्मेवारी व जवाबदेही है। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई कोताही बरतने वाले अधिकारियों व व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएं। आगे उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक केन्द्र पर पुलिस बल तैनात कर दिए जाएगें। साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, कर्मचारी व पुलिस अधिकारी मॉनिटरिंग करें और परीक्षार्थियों को प्रवेश करने के बाद उन्हें परीक्षा समाप्ति के बाद ही बाहर आने दें। 11 फरवरी से जब तक परीक्षा संचालन रहे उस समय निर्वादरूप से विद्युत का आपूर्ति करने हेतु कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ ने माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए परीक्षा केंद्र पर सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने सभी केंद्र अधीक्षकों से कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो सर्वप्रथम जिला प्रशासन को इसकी सूचना देंगे। उन्होंने परीक्षा के दौरान फायर सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए कोलेबिरा, सिमडेगा एवं केरसई प्रखंड में अग्निशामक वाहन की भेजने की बात कहीं। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, कार्यपालक दंडाधिकारी -सह-अनुमंडल पदाधिकारी ज्ञान रंजन ज्ञानी, जिला कोषागार पदाधिकारी सुशीला समद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## डीसी की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग योजनाओं की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने जल जीवन मिशन, ग्रीष्म ऋतु 2025 में निर्बाध पेयजल आपूर्ति हेतु कंट्रोल रूम का गठन, प्रति पंचायत 10 अदद् डीप नलकूप, पीभीटीजी परिवारों वाले गांव में पेयजल की सुविधा, नलकूप मराम्मति, सिंगल विलेज स्कीम सहित वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजना क्रियान्वयन, सोख्ता गड्ढा, नाडेप/वर्मी कम्पोस्ट पीट का निमार्ण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण ॥ के क्रियान्वयन में अभिसरण आधारित कार्य करने हेतु 15वें वित्त आयोग, पंचायती राज एवं मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन संबंधित संरचनाओं का निर्माण करना आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने ने बासेन जलापूर्ति योजना की कार्य प्रगति की जानकारी लिया जिस पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सिविल वर्क का कार्य पूर्ण कर लिया गया है अभी विद्युतीकरण का कार्य विद्युत प्रमंडल द्वारा की की जा रही है। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को फोन के माध्यम से निर्देश देते हुए कहा कि बासेन पंचायत अंतर्गत बृहद जलापूर्ति योजना में मार्च माह तक विद्युतीकरण के कार्यों को पूर्ण करें जिस की मार्च के बाद ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति की जा सकें। इसके अलावा उन्होंने कुरडेग, कोनजोबा, बोलबा, मालसाड़ा बृहद जलापूर्ति योजना के तहत किया जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ठेठईटांगर प्रखंड में जल की आपूर्ति की जा रही है। उपायुक्त ने ठेठईटांगर में जितने भी छुटे हुए हाउस होल्ड है उसमें भी यथाशीघ्र कनेक्शन करने का निर्देश दिया। तथा उपायुक्त द्वारा पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्रोतों की स्थिति, चापाकलों की स्थिति, चापाकलों की मराम्मति, जल मीनार की मराम्मति इत्यादि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी सहित पेयजल विभाग के सभी जेईई एवं कर्मी गण उपस्थित रहे।

## फाइलेरिया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड विकास अधिकारी ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** प्रखण्ड सभागार में शनिवार को फाईलेरिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बताया गया कि 10 फरवरी को फायलेरिया की दवा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और सीएचसी केंद्रों में मुफ्त में खिलाई जाएगी।इस अभियान को सफल बनाने के लिए बीडीओ ने कहा सबसे पहले हम सब पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि फायलेरिया की दवा का सेवन करेंगे और सभी लोगों को दवा का सेवन कराएंगे। फ़ाईलेरिया समन्वयक विक्की कुमार ने बताया की दो साल से छोटे बच्चे, गर्भवती महिला एंव गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नही देना है, दवा खाली पेट नही खाना है।फायलेरिया लाइलाज बीमारी है,गाँव मे इसे हाथी पांव के नाम जाना जाता है।यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है।बैठक में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, प्रखण्ड बीस सुत्री सदस्या नुसरत खातून ,सांसद प्रतिनिधि देवनिस खलखो, चिकित्सा प्रभारी दिलीप कुमार बेहरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिंजा मरचा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के ग्राम बिंजा मरचा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई।ग्रामीणों को मानव तस्करी , महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, क्यू आर कोड एवं नालसा द्वारा जारी ट्राल फ्री नंबर 15100 के विषय में विस्तृत जानकारी पीएलवी अशोक कुमार द्वारा दी गई। ग्रामीणों ने अपनी कई समस्याओं से संबंधित जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव को आवेदन देकर बिंजामर्चा बरटोली, बड़ाइक टोली, जराटोली एवं गंझूटोली में लगे विगत एक वर्ष पहले जल मीनार खराब होने की जानकारी देते ज़मीनार बनवाने की गुहार लगाई है।ग्रामीणों ने बताया कि चार टोलों में विगत एक वर्ष पहले लगे जल मीनार खराब पड़े हैं।स्वच्छ पेयजल की काफी समस्या है, आनेवाली गर्मी के मौसम में पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो जाएगी ।ग्रामीणों ने आवेदन देकर जलमीनार मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि जाब कार्ड का कार्य संधारित नहीं होने से मनरेगा में किए कार्य की मजदूरी नहीं मिल रही है एवं मनरेगा के तहत कूप निर्माण कार्य सामग्री के अभाव में एक वर्ष से अधूरा है।कार्यक्रम में ग्राम सभा अध्यक्ष निस्तार मिंज, मारकुश मड़की , बसंत बड़ाइक,रतन अहीर, अनीता टोपनो, रोपनी देवी, बिमला देवी, इलीसबा सुरीन, अलिसा पहान, डुमनी कुंडलना आदि लोगउपस्थित थे।

## जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा में मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा में मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा सभी पदाधिकारी/कर्मी/मनरेगा मेट/बागवानी सखी/मनरेगा श्रमिक से मनरेगा योजनाओं में किस प्रकार उनके द्वारा कार्य किया जाता है इसके बारे में जानकारी ली गई। ऐसे मनरेगा श्रमिक जिनके द्वारा 100 दिनों का रोजगार सृजन किया है। उन्होने बताया कि मेरे द्वारा अपने बागवानी योजना, सिंचाई कूप योजना एवं अन्य योजनाओं में कार्य कर 100 दिनों का रोजगार सृजन किया गया है साथ ही उन्नती योजना के अन्तर्गत मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लेकर मशरूम का उत्पादन भी किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करते हुए मशरूम उत्पादन के कार्य को बृहत पैमाने पर करने का सुझाव दिया गया, जिससे उनके आय के श्रोत में वृद्धि हो। महिला मेट से उनके कार्यों की जानकारी ली गई। उनके द्वारा बताया गया कि हमलोगों के द्वारा मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, टी.सी.बी. योजना एवं अन्य योजनाओं में मजदूरों को कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। बागवानी सखी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना का देख-रेख यथा - जलकुण्ड निर्माण कराना, पौधों में ससमय दवा एवं खाद डालने, पौधों में एच-टेका लगाने जैसे क्रियाकलाप करने हेतु लाभुकों को जानकारी दी जाती है। मनरेगा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2 बागवानी सखी, 4 महिला मेट एवं 4 मनरेगा मजदूर जिन्होंने 100 दिनों का रोजगार सृजन किया है। उन्हें अपने पंचायत में बहतर कार्य करने हेतु प्रशस्ती पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। साथ ही सिमडेगा जिला अंतर्गत मनरेगा योजना में विभिन्न पैरामीटर में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती सुलोचनी कुमारी, प्रखण्ड-केरसई एवं श्रीमती सरोजनी कुमारी, प्रखण्ड-ठेठईटांगर को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं मनरेगा अंतर्गत ई-एम.बी. प्रविष्टि करने में बेहतर कार्य करने पर सहायक अभियंता, विधु शेखर सिंह, प्रखण्ड-पाकरटांड़ को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपायुक्त महोदय द्वारा इनके कार्यों की सरहना करते हुए भविष्य में इसी प्रकार कार्य करने की निदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि मनरेगा कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहें हैं। यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को मिल रहा है। मनरेगा के तहत हर हाथ को काम देने की कोशिश की गई है। इसके प्रावधानों के आनुसार 100 दिनों का रोजगार, महिलाओं की भागीदारी, ससमय मजदूरी भुगतान कर योजनाओं को क्रायान्वित कराया जा रहा है।इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, सिमडेगा संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, परियोजना पदाधिकारी, सहायक परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, महिला मेट, बागवानी सखी, मनरेगा श्रमिक आदि उपस्थित थे।

### जिप सदस्य की गैर मौजूदगी में हुआ मेला का उद्धघाटन

**केरसई।** प्रखण्ड में लगने वाले वार्षिक जतरा मेला का उद्घाटन शनिवार को किया गया। मेला के संवेदक ने केरसई जिला परिषद सदस्य प्रेमा बाड़ा को मेला उद्घाटन हेतु बुलाया था, वहीं जिप सदस्य उद्घाटन हेतु गंतव्य की ओर प्रस्थान कर चुकी थीं। परंतु संवेदक के द्वारा जिला परिषद पद की गरिमा को ताक पर रखकर आनन फानन में केरसई के अंचलाधिकारी के हाथों केरसई मेला का उद्घाटन करा दिया गया। जिसपर जिप सदस्य ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि पद का सुनियोजित तरीके से मेला संवेदक के द्वारा अपमान किया गया है तथा प्रखण्ड के किसी भी जनप्रतिनिधियों को उद्घाटन पर नही बुलाया गया यह चिंताजनक है। वहीं जिप सदस्य ने मेला उद्घाटन करने वाले केरसई अंचलाधिकारी देवकांत सिंह के क्रियाकलापों पर भी सवाल उठाये हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ विद्यालय समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में शनिवार को विद्यालीय समिति की बैठक पूर्वाह्न 11:30 बजे हुई ।बैठक की अध्यक्षता मेघराम पहान ने किया ।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नए सत्र से विद्यालय में कंप्यूटर की पढ़ाई होगी ।साथ ही कक्षा सह इंग्लिश स्पोकन की पढ़ाई भी होगी ।नए सत्र से प्लस टू की पढ़ाई होगी ।किस -किस संकाय की पढ़ाई होगी मार्च के प्रथम सप्ताह में होने वाली बैठक में अंतिम मुहर लगेगी ।यह भी निर्णय लिया गया कि प्लस टू हेतु आचार्यों की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में निकाला जाएगा ।नए सत्र में नामांकन हेतु कक्षा द्वितीय से नवम तक फॉर्म वितरण 25 फरवरी से किया जाएगा ।इच्छुक अभिभावक विद्यालय आकर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं ।पूरा परिसर सी०सी० टी० भी० की नज़र में रहेगा ।सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि मार्च महीने में मातृसम्मेलन और पूर्व छात्र समागम भव्य रूप से किया जाएगा ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे मेघराम पहान ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि गुणवता पूर्ण शिक्षा देना हमारा उद्देश्य है। संस्कार युक्त शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता रहेगी ।बैठक में विद्यालय के अध्यक्ष मेघराम पाहन,सचिव राजेश अग्रवाल,सह सचिव श्री रिक्की अग्रवाल,कोषाध्यक्ष आनन्द कोठारी,सदस्य, जनकु सिंह,श् प्रवीण साहु, संजय ठाकुर,प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु उपस्थित थे ।बैठक सफल और प्रभावी रहा।

### गार्डवाल निर्माण कार्य में नहीं रखा जा रहा है गुणवत्ता का ध्यान

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के बाघचट्टा पंचायत अंतर्गत सिमडेगा रेंगारीह मुख्य पथ पर बारबेडा में बन रहे गार्डवाल में गुणवता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में लगाए जा रहे पत्थर, सिमेंट इत्यादि बहुत ही घटिया किस्म का है जिससे गार्डवाल कभी भी टूट सकता है। वहीं ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर बिल्कुल भी समझौता नहीं किया जाएगा जिले के उच्च आधाकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग करेंगे।


## दिल्ली पर भाजपा की जीत,मोदी जी की गारंटी पर मुहर : रवि गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** देश के दिल कहे जाने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में 48 विधानसभा सीटों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रचंड बहुमत देने के लिए दिल्ली की जनता बधाई के पात्र हैं उन्होंने देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर भरोसा जताया और भ्रष्ट केजरीवाल सरकार की विदाई की आम आदमी का जीवन जीने की कसमें खाने वाले केजरीवाल अरबो रुपए के शीश महल बना कर रहता था हर मोहल्ले में शराब के ठेके खुलवा दिए थे जनता ने बता दिया कि उन्हें केजरीवाल की पॉलिसी पसंद नहीं है, दिल्ली वासियों ने बता दिया की जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता जनता ने अपने वोट से गांधी यमुना पीने का गंदा पानी टूटी सड़के ओवर पूरे होते सिवारो और हर गली में खुले शराब के ठेकों का जवाब दिया है साथ ही दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल जी के दुष्प्रचार को भी सिरे से खारिज कर दिया है।दिल्ली के जीत से झारखंड के कार्यकर्ताओं में भी जोश है कार्यकर्ता संगठन को मजबूत कर 2019 में जोरदार वापसी करने का प्रण ले रहे हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ कक्षा नवम एवं ग्यारहवीं पार्श्व प्रवेश परीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में कक्षा नवम एवं ग्यारहवीं पार्श्व प्रवेश परीक्षा 2025 का सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह परीक्षा प्रातः 11:15 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 1:45 बजे तक चली। परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किया गया, जिसमें सभी उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ किया ।कक्षा नवम के लिए कुल 148 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 115 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं कक्षा ग्यारहवीं के लिए 44 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य महोदय प्रशांत कुमार ने परीक्षा से पूर्व आवश्यक दिशा-निर्देशों और नियमों को स्पष्ट करते हुए सभी सदस्यों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संचालन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी उपस्थित शिक्षकों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने और परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सुझाव दिए। केंद्र अधीक्षक प्रभारी प्राचार्य श प्रशांत कुमार इंचार्ज संजय कुमार सिन्हा एवं मनोज कुमार, केंद्र पर्यवेक्षक डॉ. प्रमोद कुमार महतो एवं सुनील कुमार सिंह,निरीक्षकगण के रूप -रेणु कुमारी सिन्हा,ज्योति टूटी,आशुतोष कुमार पांडे,विजय कुमार भुइयां,अवधेश रजक, रूपा रोज बिलुंग, घनश्याम, अहमद फराज खान, प्रिया कुमारी , सहायक के रूप में प्रभात कुमार और अजय मौर्य जी थे।

## कुरडेग ट्रक चेचिस दुर्घटना में चालक की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के कुरडेग - सिमडेगा मुख्य पथ कस्तूरबा स्कूल के समीप शुक्रवार रात में हुए सड़क हादसे में ट्रक चेचिस के चालक की मौत कुरडेग अस्पताल में हो गई । चालक की पहचान भी शिव कुमार राव 39 वर्ष पिता भी सान्याली राव निवासी काला बगान जमशेदपुर के रूप में हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चेचीस टाटा से पुणे महाराष्ट्र जा रहा था इसी कम में कस्तूरबा स्कूल के समीप घुमावदार सड़क पर दो पेड़ों में जोरदार टक्कर मार दी । कुरडेग पुलिस को जानकारी मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को ईलाज के लिए कुरडेग अस्पताल लाई जहाँ इलाज के क्रम में देर रात चालक की मौत हो गई । वहीं कुरडेग पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया । इधर दुर्घटना में लोगों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि करंगागुड़ी और कुरडेग के बीच अक्सर चेचीस ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो रही है जिसका मुख्य कारण करंगागुड़ी से कुरडेग के बीच अलग अलग स्थानों पर ढ़ाबा है जहाँ ये चालक अक्सर रुकते है और भोजन करते हैं।

## विधायक और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने जताया शोक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सीए रोहित शर्मा की दादीजी के निधन की सूचना पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा शनिवार को उनके आवास पहुंच परिजनों का ढांढस बंधाया। मौके पर जोसिमा खाखा ने दिवंगत दादी जी के पार्थिव शरीर पर कफ़न ओढ़ाते हुए श्रद्धांजलि दी। साथ ही दिवंगत के आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। जोसिमा ने इस दुःख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का भी आश्वासन दिया। इधर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आकाश सिंह ने भी दिवंगत के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर लीला नाग सहित अन्य उपस्थित थे। इधर रोहित शर्मा की दादी के निधन पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। विधायक ने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## लचरागढ़ में कांग्रेस पार्टी की हुई बैठक पार्टी को मजबूती पर दिया गया बल

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ में कांग्रेस पार्टी की बैठक शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी गण शामिल हुए।बैठक में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया गया।समय-समय पर बैठक आयोजित कर पार्टी संगठन के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए उनके निष्पादन करने की बात कही गई।मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिमडेगा डेविड तिर्की,जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनिल मिंज,प्रवक्ता रंधीर रंजन,प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनिल खड़िया,प्रखंड विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद,कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग आदि उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन हेतु चलाया गया प्रचार प्रसार

**बानो।** बानो कस्तुरबा गांधी अवासीय विधालय के वार्डन सह शिक्षिका अनुराधा कुमारी प्रसाद ने उकोली पंचायत, बेडायरगी पंचायत, महाबुआग क्षेत्र में पीएम श्री कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय बानो मे नमांकन हेतु प्रचार प्रसार किया। अभिभवाको व ग्रामीणो से मिलकर कस्तुरबा गांधी अवासीय विधालय नमांकन करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर वार्डन सह शिक्षिका अनुराधा कुमारी प्रसाद ने बताया कि पीएम श्री कस्तुरबा गांधी अवासीय विधालय मे नये सत्र मे नमांकन लिया जायेगा। इसके फार्म भरा जा रहा है विधालय मे वर्ग 6 नवम वर्ग मे नमांकन लिया जायेगा। प्रचार प्रसार मे लेखपाल बिपिन कुमार समद के अलावा विधालय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य शामिल थे।

# महाकुंभ से वापस लौटने के दौरान घायल बुजुर्ग की हुई मौत




**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के सलेडीह गाँव से महाकुंभ के लिए गए घर वापस आने के क्रम में सड़क दुर्घटना हो गया, जिसके बाद बुजुर्ग घायल हो गया। घायल बुजुर्ग की पहचान सलेडीह गांव निवासी लगभग 68 वर्षीय लेखों राणा के रूप में हुआ है।।परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनो पति पत्नी महाकुंभ के लिए गया था। महाकुंभ से घर वापस आने के क्रम सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण उसे घर सलेडीह लाया गया जहां पर धनबाद ले जाने तैयारी की जा रही थी।।जिसके बाद लेखों राणा ने दम तोड़ दिया। वही परिवार वाले का रो रोकर बुरा हाल है। इस घटना की खबर सुनकर बिरनी प्रमुख रामु बैठा, उपप्रमुख शेखर सुमन,पंचायत समिति अली असगर,मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, पूर्व मुखिया जानकी बैठा,मुस्तकीम अन्सारी, राजकुमार यादव, राजू ठाकुर जागेश्वर वर्मा अन्य लोग पहुचकर परिवार वाले को ढांढस बंधाया।हर संभव का मदद का भरोसा दिलाया

## मनरेगा सप्ताह का समापन उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभुक हुए सम्मानित

**चांडिल।** मनरेगा योजना के अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड में 2 फरवरी से शुरू मनरेगा सप्ताह का शनिवार को समापन हुआ. मनरेगा सप्ताह के अंतिम दिन कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान बागवानी योजना व बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभुकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. साथ ही व्यवस्थित तरीके से कार्य कराने वाले मेट को भी सम्मानित किया गया. कुकड़ू प्रखंड के बीपीओ रामलगन उरांव ने कहा कि मनरेगा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में मनरेगा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करना था. इस अवसर पर पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे. कार्यक्रम को लेकर सभी पंचायत में प्रखंड स्तर से एक-एक नोडल अधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया था.

# एसडीएम की देखरेख में हुए दाखिल खारिज के कार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड अंचल कार्यालय में आयोजित दाखिल खारिज निष्पादन कैम्प में डीसी द्वारा प्रतिनियुक्ति जिला पदाधिकारी के रुप में एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी अनुश्रवण कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम अनुराग तिवारी ने बताया कि उपायुक्त रामगढ़ के निदेशानुसार 1 से 10 डिसमिल भूमि का वैसे दाखिल खारिज के आवेदन जिनका स्थलीय जांच हो चुका है, उनका नामांतरण करते हुए शुद्धिपत्र वितरण कार्य शनिवार को दिन दस बजे से दिन एक बजे तक अंचल कार्यालय परिसर मे किया गया। साथ ही साथ रैयत पुराने छुटे हुए नामांतरण के मामले का आवेदन नियमानुसार कर सकते है। दाखिल खारिज के ऑनलाइन आवेदन के निष्पादन के बाद शुद्धिपत्र का वितरण किया जा रहा है। दुलमी में कैम्प के दौरान अंचल कार्यालय में एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी सहित दुलमी सीओ किशोरी यादव, दुलमी बिससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो सहित कई आवेदक मौजूद थे। इसके द्वारा कैम्प में ऑनलाइन

### उपायुक्त की पहल बेहतर, जनता को मिलेगी राहत : सुधीर मंगलेश

कैम्प में मौजूद दुलमी 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहां की लगातार आम जनता द्वारा शिकायत मिल रही थी कि अंचल के काम को लेकर काफी परेशान किया जाता है। बार-बार अंचल के चक्कर लगाने के बाद भी बगैर दलाल के काम नहीं होता है। जिसपर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कड़े रुख इख्तियार किया था। रामगढ़ उपायुक्त ने जमीन मोटेशन के जल्द निष्पादित करने और आम जनता को सहूलियत देने के लिए कैम्प लगाकर ऑनलाइन मोटेशन का कार्य का निष्पादन करवाना काफी सराहनीय है। इससे आम जनता को राहत मिलेगी। वहीं, कार्य मे पारदर्शिता भी आएगी।

दाखिल खारिज के आवेदन का निष्पादन होने के बाद आवेदकों के बीच शुद्धिपत्र का वितरण किया गया।

## जेएलकेएम की बैठक में आंदोलन पर होगी चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की पतरातू प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग महतो के निर्देशनुसार 10 फरवरी दिन सोमवार को सुबह 09 बजे हेसला पंचायत भवन, बिरसा मार्केट पतरातु, रामगढ़ के समीप अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के आंदोलन को लेकर रूपरेखा तय कि जायेगी। कहा इस बैठक में पतरातू प्रखंड के सभी विंग, केंद्रीय, जिला पंचायत एवं सक्रिय सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड पतरातु, रामगढ़ में मजदूरों से प्राप्त शिकायत के समाधान हेतु वार्ता प्रबधन द्वारा इंकार किया गया है। रमेश कुमार महतो ने कहा कि सभी कामगार पिछले कई वर्षों से बीसीएल (बर्नपुर सीमेंट लिमिटेड) कंपनी में पे -रोल पर कार्यरत थे। लेकिन 29.11.2023 को बीसीएल कंपनी को अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा खरीद लिया गया। इसके बाद सभी मजदूरों को ओसोर्स ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड में नियुक्त कर दिया गया। उस वक्त इसका पुरजोर विरोध सभी मजदूरों के द्वारा किया गया। तब एच. आर .महाप्रबंधक द्वारा आश्वासन दिया गया कि छः महीना के अंदर सभी बीसीएल में कार्यरत कामगारों को अल्ट्राटेक कंपनी में पे-रोल पर बहाल कर लिया जाएगा। छह महीना बीत जाने के बाद भी इस पर कोई पहल नहीं किया गया! इसके बाद दिनांक 19.06.2024 को कामगारों के द्वारा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन एच .आर.महाप्रबंधक को सोपा गया। जिसमें साफ तौर पर मांग किया गया कि अगर 15 दोनों के अंदर सभी कामगारों को पे -रोल पर नहीं रखा जाता है तो हम सभी मजदूर आंदोलन करने को बाध्य होंगे ! इसके बावजूद प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट संतोष मिश्रा ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को इंटरनेशनल साइक्लिस्ट संतोष मिश्रा ने विद्यालय के सभागार में छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया। उन्होंने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया और बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने के नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना हम सभी का कर्तव्य है और यह हमारे जीवन को सुरक्षित बनाता है।उन्होंने कुतों से होने वाले दुर्घटनाओं पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया की वर्ष 2001 के 15 अगस्त से वे दुर्घटना मुक्त भारत बनाने के लिए इस अभियान को चला रहे हैं। 24 वर्षों में वे अबतक 7 लाख किलोमीटर साइकिल चला चुके हैं जिसमे वे विभिन्न देशों का भी भ्रमण कर चुके हैं। और इसके माध्यम से गांव व शहर में दुर्घटना मुक्त भारत बनाने हेतु ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा अभियान से जोड़ रहे हैं।इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना,बच्चूलाल तिवारी,राकेश कुमार सहाय,अमरदीप नाथ शाहदेव,सेखर कुमार,डॉ गायत्री पाठक, शशि कान्त आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## मवेशी को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, दो जख्मी, रेफर



**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्हेत गांव के पास शनिवार को मवेशी को बचाने के दौरान एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया। बाइक गिरने से मो कलीम गंभीर रूप से जख्मी हो गया जबकि सोयब अख्तर पिता मो मकसूद आलम मामूली चोटें आई। घायल की पहचान गावां थाना क्षेत्र के बादीडीह गांव के रूप में हुई है। आनन-फानन में स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया, जहां डॉ मुकेश कुमार वर्मा ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद मो कलीम को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। डॉ वर्मा ने बताया कि सर में गंभीर चोटें आई है। परिजनों ने बताया कि मंझने की और जा रहा था, तभी सड़क पर अचानक मवेशी आ गया। जिसको बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया।

## गुटखा दुकानों में छापेमारी, टीम ने लिया सैंपल दुकानदारों में हड़कंप

**धनबाद।** खाद्य सुरक्षा की टीम ने शनिवार को झरिया बाजार में गुटखा की बिक्री के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया. टीम का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार कर रहे थे. छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया. इस दौरान टीम ने झरिया सब्जी पट्टी स्थित बजरंगी मंडल की दुकान से चार गुटखा का सेंपल लिया, जिसमें शिखर, सिग्नेचर, बहार व कमला पसंद शामिल हैं. खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार ने कहा कि सभी सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा. जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि बजरंगी मंडल की दुकान का लाइसेंस भी नहीं. उन्हें एक सप्ताह में लाइसेंस बनाने का निर्देश दिया गया है. अगर एक सप्ताह में लाइसेंस नहीं बना, तो दुकान सील कर दी जाएगी. अभियान आगे भी जारी रहेगा.

## स्थापना दिवस के सफल आयोजन को लेकर तुरी समाज की बैठक आयोजित

# शिक्षा ही वह हथियार है जिससे हमारा हक और अधिकार मिल सकता है : राजकुमार दयाल



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)** 18 मार्च को गिरिडीह जिले में होने वाले तुरी समाज के स्थापना दिवस की तैयारीयों को लेकर समाज के जिला कमिटी की टीम जोर - शोर से जुटी हुई है। इसी क्रम में शनिवार को तिसरी प्रखंड के चंदौरी में तुरी समाज के जिला कमेटी की एक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता चंदौरी के मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल और संचालन परमेश्वर तुरी ने किया। जबकि मुख्य रूप से तुरी समाज के जिला अध्यक्ष कृष्णा तुरी, सचिव प्रदीप तुरी, वरिष्ठ अभिभावक गोविन्द तुरी, पूर्व प्रदेश संयोजक उमेश तुरी और मीडिया प्रभारी सकलदेव मिर्धा उपस्थित थे। बैठक के दौरान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तुरी समाज के स्थापना दिवस के सफल आयोजन को लेकर चर्चा परिचर्चा के साथ रणनीति बनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से कोष जमा करने, कार्यक्रम में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और गांव में जाकर अपने समाज के लोगों को जागरूक करने की कवायद की गई। इस दौरान समाज के वरिष्ठ लोगों ने विद्यादायिनी मां शारदे की वीणा की भांति मधुर वाणी अपने जीवन में घोलने और समाज के हर एक व्यक्ति को शिक्षा से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे हमारा हक और अधिकार मिल सकता है। इसके अलावे गीत के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। बैठक में सुरेश तुरी, शंभू तुरी, अजय तुरी, चुल्हन दयाल, बुधन तुरी, महादेव तुरी, खोरठा सिंगर सुनील सजनवा धनेश्वर तुरी समेत महिलाएं भी शामिल हुई।

## माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव भंडारा आयोजित

**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की प्रतिमा की स्थापना का 34वां वार्षिकोत्सव शनिवार को माता के भंडारा के साथ संपन्न हुआ। माता का वार्षिकोत्सव बीते 3 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ था। छह दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला थी। सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित गोविंद बल्लभ शर्मा व उनके सहयोगी पंडित लीलाधर शर्मा, किशोर शर्मा, मुरारी मोहन शर्मा, राजेश पांडेय, उपेंद्र पांडेय, सत्येंद्र द्विवेदी, अंकित पाठक ने करवाया। शनिवार को हवन, कंजक पूजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान के बाद माता का अटूट भंडारा किया गया। जिसमें पूरे रामगढ़ जिले के लगभग 15 हजार लोगों ने माता के भंडारे का प्रसाद बैठकर ग्रहण किया। इससे पूर्व शुक्रवार की रात माता वैष्णों देवी मंदिर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं व मंदिर ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराए गए 2 क्विंटल दूध से मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला ने माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक कराया। इसके बाद माता का श्रृंगार किया गया। माता के दुग्धाभिषेक को देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में देर रात तक मौजूद थे। भंडारा के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट व पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह आदि सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, कई ने किया रक्तदान

# रक्तदान से बढ़कर जीवन में कोई दान नहीं : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। गावां, गिरिडीह** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां में स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ महेन्द्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वरम, एमओ प्रदीप राम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में कुल 22 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास और सीओ अविनाश रंजन ने सभी से बढ़चढ़ कर रक्तदान करने की अपील की। उन्हों ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है, इससे बढ़कर जीवन में कोई दान नहीं है। आपके दिए हुए रक्त से हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वरम ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवनकाल में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कहा कि रक्तदान का महत्व हमें तब समझ में आता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं, वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। मौके पर कॉग्रेस नेता मरगूब आलम, झामुमो कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह, बीपीओ गंगाधर पांडेय, बीटीटी राजदा खातून, बीपीआरओ संजय कुमार, अनिल यादव, अनिल साव, रविन्द्र बरनवाल समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# विद्यालय में नहीं रहते हैं गुरु जी सप्ताह में दो दिन मिलता है एमडीएम

सब्बा अहमद

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी में इन दिनों शिक्षा विभाग गड़बड़ झाला चल रहा है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है।।मामला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भालुवाही जहां पर विद्यालय में नहीं शिक्षक थे नहीं स्कूल के बच्चे इतना ही नहीं इतना ही एमडीएम बनाने वाली रसोईया थी। जब इस विद्यालय के पड़ताल किया गया तो देखा कि शिक्षक तो थे ही नहीं लेकिन सिर्फ कार्यालय खोलकर शिक्षक अपने घर में आराम कर रहे थे।।जब विद्यालय पहुंचने के बाद कार्यालय में देखा तो कोई निजी व्यक्ति कार्यालय में ही सीमेंट रखरखाव किया गया था। जब इस संबंध में सचिन जीतलाल प्रसाद यादव से भी बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मैं तीन दिनों से छुट्टी में हूं। हमारे सहायक शिक्षक को नियुक्त करके छुट्टी में है। जिस सहायक शिक्षक को नियुक्त किया गया था लेकिन वह खुद अपने घर में आराम फरमा रहे थे। जब सहायक शिक्षक को पत्रकार की भनक लगी तो वह जैसे तैसे स्कूल दौड़कर पहुंचे और दरवाजा खोला इस समय भी सिर्फ कुछ मिनट के लिए ही सहायक शिक्षक रुके और फिर वहां से नौ दो गयारह हो गए।इस विद्यालय में पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है। बच्चों को नदी किनारे पानी पीने का मजबूर है जिसमें गंदे पानी का बच्चों सेवन कर रहे हैं शिक्षा विभाग कि अब तक इस मामले में किसी तरह का प्रक्रिया नहीं आया है ना ही किसी तरह का एक्शन लिया गया है।



### क्या कहते हैं प्रमुख रामु बैठा

इस संबंध में जब प्रमुख रामु बैठा ने बताया कि शिक्षा विभाग लगातार कुछ ना कुछ सामने मामला आता है।। लेकिन लेकिन शिक्षा कोई कारवाही देखने को नहीं मिल रहा है।।उन्होंने कहा कि इस पर कड़ी आदेश शिक्षा विभाग को दिया है।

### क्या कहते हैं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी

इस मामले में जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मामले संज्ञान में नहीं है। लेकिन इस मामले में जाँच किया जाएगा।

## उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों को दी जानकारी

# जिला दंडाधिकारी चंदन कुमार ने की 403.30 एकड़ संदेहात्मक जमाबंदी की रद्द



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू अंचल में 403.30 एकड़ संदेहात्मक जमाबंदी रद्द किए जाने संबंधित मामले को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने प्रेस वार्ता कर मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू अंचल के मौजा चपरा में गैर मजरूआ खास किस्म जंगल भूमि पर संदेहात्मक जमाबंदी कायम किए जाने संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। मांडू अंचल अंतर्गत मौजा चपरा थाना संख्या 94 खाता संख्या 7 में उमापदो सेन मोदक के नाम से 168.30 एकड़, ईशहाक मियां के नाम से 150 एकड़ एवं विश्वनाथ सेन मोदक के नाम से 85 एकड़ कुल 403.30 एकड़ गैर मजरूआ खास किस जंगल भूमि पर कायम संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द कर दिया गया है। संदेहात्मक जमाबंदी संबंधित मामले संज्ञान में आने के उपरांत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ के न्यायालय में मामले की सुनवाई की गई एवं न्यायालय द्वारा संबंधित मामले में बिहार/ झारखंड भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4 के तहत कायम संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द किया गया जिसके उपरांत विभागीय प्रक्रिया के अंतर्गत जमाबंदी रद्द की संपुष्टि हेतु प्रस्ताव आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग को भेजा गया है।

### संदेहात्मक जमाबंदी रद्द किये जाने के कारण निम्न है

- ◆विपक्षी का प्रश्नगत भूमि पर कब्जा नहीं है। रिर्टन ङ प्रपत्र दाखिल नही होना एवं इस संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करना।
- ◆प्रपत्र पर लगान निर्धारण किया जाना आवश्यक है परन्तु इस संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जाना।
- ◆पंजी-2 में जमाबन्दी खोलने हेतु किसी सक्षम पदाधिकारी का आदेश नहीं है।
- ◆रैयत मान्यता अभिलेख पर सक्षम प्राधिकार का हस्ताक्षर नहीं है।
- ◆वन भूमि पर बन्दोबस्ती सरकार के आदेश के बिना विधि विरुद्ध है।

# बिरनी में यात्रियों से भरा टेम्पू पलटा , आधा दर्जन घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के बरहमसिया चौक में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे यात्रियों से भरी एक टेम्पो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान राजधनवार थाना क्षेत्र के बरामो निवासी 50 वर्षीय हरि तुरी, 40 वर्षीय मालती देवी, 30 वर्षीय रूबी तुरी, 7 वर्षीय निशा कुमारी, 6 वर्षीय खुशी कुमारी और 4 वर्षीय शिवानी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बारे में हरि तुरी ने बताया कि वे बरामो से टेम्पो रिजर्व कर अपनी बेटी के घर, भरकट्टा ओपी क्षेत्र के ब्रांय गाँव जा रहे थे। तभी बरहमसिया चौक में टेम्पो पलट गया, जिससे सभी यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। इधर, टेम्पो चालक विनय राणा स्थानीय लोगों की मदद से टेम्पो लेकर सरिया की ओर भाग गया, लेकिन पलौंजिया हाट के पास एक दुकान के सामने टेम्पो फिर से अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज को दी। पुलिस ने घटनास्थल से टेम्पो जब्त कर बिरनी थाना ले गई।


## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

### खुला डाक द्वारा बन्दोबस्ती सूचना (अल्पकालीन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114, दिनांक 18.01.1992 के आलोक में माण्डू, गोला एवं पतरातू अंचल अवस्थित शेश बचे अबन्दोबस्त राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती दिनांक 11.02.2025 एवं दूसरी तिथि 18.02.2025 को जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में 12:30 बजे अपराह्न में की जाएगी।

1. अल्पकालीन बन्दोवस्ती तीन वर्शों तक के लिए 2024 – 25 से 2026–27 तक के लिए होगी।
2. निर्धारित वार्शिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोवस्ती नहीं की जाएगी।
3. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्शिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।

उच्चत्तम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि में समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।

4. डाक की राशि जमा नहीं करने पर जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. उच्चतम डाक वक्ता को विभाग से मत्स्य बीज लेना अनिवार्य है।
6. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक माह के अंदर एकरारनामा करना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। सम्पादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोवस्तदार को स्वयं के खर्च पर करना होगा।
7. एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में बन्दोवस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।
8. किसी भी डाक / बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
9. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
10. उक्त तिथि तक अगर समिति बन्दोवस्ती लेने के लिए तैयार हो जाती है, तो बन्दोबस्ती समिति के साथ की जायेगी।
11. जलकरों की सूची –

वर्ष 2024–25 में बन्दोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।
अल्पकालीन बन्दोवस्ती अवधि 2024–25 से 2026–27 तक।

अंचल:– माण्डू

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता नं0 | प्लोट नं0 | रकबा | सुरक्षित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भदवा नया आहर | भदवा | सोनडीहा | 1092 | 1042 | 0.80 | 1000 |

अंचल – पतरातू

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता नं0 | प्लोट नं0 | जलक्षेत्र | सुरक्षित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पतरातू तालाब | पतरातू | पतरातू | 86 | 916 | 1.00 | 6400 |
| 2 | टेरपा तालाब | टेरपा | टेरपा | 70 | 703 | 0.30 | 1000 |
| 3 | किन्नी तालाब | किन्नी | लबगा | 20 | 302 | 0.90 | 1500 |
| 4 | साकी तालाब | साकी | साकी | 54 | 323 | 0.40 | 1000 |
| 5 | छोटका सधिवार तालाब | सिंधवार | कण्डेर | 1 | 447 | 0.50 | 1400 |
| 6 | सेलिया आहर | सेलिया | तालाटांड | 32 | 15 | 0.40 | 1200 |
| 7 | बटुका आहर | बटुका | हफुआ | 47 | 492 | 0.30 | 800 |
| 8 | कोतो आहर | कोतो | कोतो | 42 | 58 | 0.50 | 700 |
| 9 | इचापीरी आहर | इचापीरी | हफुआ | 23 | 237 | 0.50 | 3400 |
| 10 | हरिहरपुर आहर | हरिहरपुर | हरिहरपुर | 26 | 459 | 0.44 | 1200 |
| 11 | टोकीसूद तालाब | टोकीसूद | पालू | 64 | 130 | 0.30 | 800 |
| 12 | कान्डेर तालाब | कन्डेर | कान्डेर | 51 | 1118 | 0.50 | 3400 |
| 13 | सुथरपुर तालाब | सुथरपुर | बीचा | 53 | 1819 | 0.40 | 1200 |
| 14 | चिटो आहार | चिटो | सांडी | 46 | 81 | 0.20 | 700 |
| 15 | अरमादाग आहर | चिटो | सांडी | 46 | 653 | 0.30 | 1200 |
| 16 | कोडी आहर | कोडी | साकी | 1 | 758 | 0.15 | 1000 |
| 17 | घाघरा तालाब 2 | घाघरा | कुरसे | 17 | 83 | 0.50 | 1200 |
| 18 | बुजूर्ग जमीरा आहर | बुजूर्ग जमीरा | बुजूर्ग जमीरा | 67 | 214 | 0.40 | 2600 |
| 19 | करमचन्दी आहर 1 नया | घाघरा | कुरसे | 10 | 135 | 0.40 | 1200 |

अंचल:– गोला

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता नं0 | प्लोट नं0 | रकबा | सुरक्षित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तोयरा तालाब | तोयर | हुप्पु | 67 | 1006,1007 | 1.00 | 4000 |
| 2 | फलझरिया आहर | मगनपुर | मगनपुर | 61 | 608 | 0.56 | 1200 |
| 3 | सुतरी तालाब – 2 | सुतरी | सुतरी | 124 | 281 | 0.50 | 1600 |

PR.NO.346079 Fish(24-25):D

जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़।



# काहे को भेजा परदेश बाबुल

सविता की सास ने तुनककर कहा "बहू आज तो सब्जी में नमक ही नहीं डाली? ये क्या फीकी फीकी भिंडी आलू मुझसे नहीं खाया जाएगा।"

तभी पति चिल्लाया। --- "मेरे ऑफिस का समय हो गया। क्या सविता ? मेरे कपड़े तक प्रेस नहीं किए ? अब मैं क्या पहनकर जाऊँ ? तुम कह देती कि मुझसे नहीं होगा।मैं स्वयं ही कर लिया होता। सविता का पति बक बक कर रहा था।तभी दूसरे कमरे से पिता यानी सविता के श्वसुर बोल पड़े "बहू ! आज भी मेरी दवाई आएगी कि नहीं ? कि मैं स्वयं बाजार जाऊँ? देखने वाले पसीज जाते हैं लेकिन अपना बेटा बहू नहीं।" ....... सविता का श्वसुर अंट संट बके जा रहे थे। तभी सविता का इकलौता देवर इठलाते हुए बोला "भाभी, भाभी आपने मेरे टिफिन पैक कर दी ?मैं कॉलेज पहुंचने में लेट हो जाऊँगा। प्लीज भाभी जल्दी।



**गीता सिन्हा गीतांजलि**

सविता पूरे घर में चक्करघिन्नी सी नाचती रहती। सास, श्वसुर, देवर और पति की फरमाइशें पूरी करते करते वह थककर चूर हो जाती। न आराम के लिए समय मिलता, न अपने लिए कोई शौक पूरा करने का समय मिलता। सविता माँ बनने वाली थी। सास कीचेन के काम में मदद न कर, खाने में कमी ढूंढ निकालती।अपने पति के रवैया देखकर भी काफी उदास हो जाती। वह कह उठती "काहे को भेजी परदेश बाबुल ?"

सविता सोचती "यह सिर्फ मेरी नियति नहीं, शायद कुछ खुशनसीब को छोड़कर प्रायः हर लड़की की यही नियति है।उसे अपने माता पिता की याद आती, वह सुबक सुबककर रोने लगी।"

*"काहे को भेजी परदेश बाबुल" उस दिन को कोसती,जब शादी के लिए उसने "हाँ"कही थी।

## यात्रा वृत्त

# सपनों की मुंबई नगरिया





**अनिता रश्मि**

समुद्र की उछलती, उफनती, गरजती लहरें हमेशा ही मुझे आकर्षित करतीं। चट्टानों के किनारों से टकराकर लौटतीं फेनिल लहरें अंतस तक भिगो डालतीं।

पानी का नीला,-श्वेत रंग मंत्रमुग्ध करता। ऊपर से अपना यायावरी चित्त। इसीलिए मुंबई यात्रा का कार्यक्रम बनते ही उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुट गई।

नीलाभ रत्नाकर के उफान, उछाल को मैंने पूर्व में पुरी सागर तट पर घंटों बैठकर सुना, गुना, महसूसा था।

मुंबई रेलयात्रा के दौरान उसी पुलक को सहेजती जुहू बीच की कल्पना में डूबी रही। वह मार्च 1990 का महीना यानी प्रकृति के धूप-छाँव का मौसम! सर्द हवाएँ...गर्माता दिन। कभी इसका पलड़ा भारी, कभी उसका। ऐसे में रेल की ओर बढ़ते हुए आगत आनन्द की तरंग में होठों से बेसाख्ता गीत मचल उठता,

"ये है बंबई नगरिया, तू देख बबुआ।"

साथी यायावर भी प्रसन्न। उस यात्रा में मेरे साथ तीन पुरुष रिश्तेदार एवं तीन बच्चियाँ थीं। सबके सब अनोखे पुलक से भरे सपनों की नगरी मुंबई में सैर को लालायित! जानती थी, पूरे देश के ख्वाब यहीं जवां होते हैं। हीरो-हिरोइन बनने का ख़्वाब लेकर पूरे देश से आते युवा-किशोरों की यह स्वप्न भूमि जरूर बेहद खूबसूरत होगी।

गज-गामिनी चाल से सात घंटे लेट लौहपथगामिनी ने गंतव्य स्थल का दर्शन कराया। मुंबई के उपनगर कल्याण पहुँचे।एक रिश्तेदार का इलाज करवाना था। घूमना एवं इलाज साथ-साथ, यही कार्यक्रम तय हुआ था।

मार्च की दुपहरी वहाँ अजीब तपिश में डूबी। भीड़ की अथाह रेल-पेत को ठेल, हम कुली/रिक्शे की तलाश में लग गए। कल्याण जंक्शन पर गर्म अलसाई पड़ी दोपहर के हाथों हम अवस झूल रहे थे। हमें मॉडर्न गेस्ट हाउस पसन्द आ गया। शाम तक उस अलसाई गर्म दोपहर को झेलते रहे।

उस दिन भरी सड़क व भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं को लोगों ने रौशनी से नहला दिया था। उनकी जयंती थी। नाचते-गाते आबालवृद्ध। कहीं भाषण करते नेतागण। पूरी सड़क हमारे संविधान निर्माता के चहेतों की उपस्थिति से गुंजायमान। शाम से प्रारंभ दौर रात के दो-तीन बजे तक चलता रहा। पास में ही उपस्थित एक मूर्ति के पास महाराष्ट्रीय वेशभूषा में सजे लोगों का नृत्य-गायन रेस्ट हाउस से ही देखा। साड़ी की लांग कमर में खोंसे नाचती-गाती नारियों की भक्ति-उत्साह चरम पर।

संविधान की जानकारी भले न हो, पर संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर को वे अपने स्वाभिमान, आत्माभिमान का प्रतीक मानकर बेहद श्रद्धा रखती हैं।

दूसरी सुबह हम लोकल ट्रेन पकड़कर विक्टोरिया फोर्ट की विशाल अट्टालिकाओं का वैभव देखने बी. टी. पहुँचे। यहीं से पूरे मुंबई, आस-पास के उपनगरों के लिए लोकल ट्रेनें खुलती हैं। बी. टी. में इमारतें अंग्रेजों के जमाने की हैं। वहीं से हमने ताज होटल, 'गेटवे ऑफ इंडिया' देखने के लिए टैक्सी पकड़ी। 'गेटवे ऑफ इंडिया', जार्ज पंचम के स्वागत के लिए बना द्वार। दूसरी ओर अरब सागर है। इसी रास्ते जार्ज पंचम भारत आए थे।

ऐतिहासिक द्वार के सामने ताज होटल है और वह जगह, जहाँ कबूतरों को दाना चुगते-उड़ते सबने विभिन्न सीरियलों, फिल्मों में देखा है। बंबई फिल्म निर्माण का सबसे बड़ा केन्द्र। तब फिल्मों की बात होनी ही थी। हमने कबूतरों को दाना चुगाते हुए उन तमाम दृश्यावलियों को याद किया। पीछे स्टीमर जल पर अठखेलियाँ कर रहे थे।

एक पर सवार होकर, गर्म-तपते मौसम में कोल्ड ड्रिंक सिप करते हुए सुदूर एलिफैंटा गुफा की ओर बढ़ने लगे। सरसराती हवाएँ देशी-विदेशी पर्यटकों के अलको-पलकों को सहलाकर लौट रही थीं। अनेक पक्षी समुद्र की सतह पर तैरते दिखलाई पड़े। कुछेक स्टीमर पर। अब हम एलिफेंटा की सीढ़ियों पर थे। प्यास से गला सूखा हुआ। कोल्ड ड्रिंक कितनी प्यास बुझाए। सीढ़ियों पर महाराष्ट्रीयन महिला को गागर में जल लेकर बैठे देखा। मन प्रफुल्लित। पैसे देकर ठंडा पानी पीया। एलिफेंटा गुफा में संकरा भयावह गहरा सोता। उसका शीतल, मीठा जल सामने लहराते खारे जल को मुँह चिढ़ा रहा। गजब विरोधाभास। हाथ-मुँह धोते ही तप्त-दग्ध आत्मा तक तृप्त।

गुफा में शंकर-पार्वती /अर्द्धनारीश्वर की प्रतिमाएँ देखकर कलाकारी के आगे नतमस्तक।

स्टीमर से गेटवे ऑफ इंडिया लौटकर टहलते हुए स्टेशन।

दूसरे दिन चौपाटी, जुहू घूमते रहे।

चौपाटी जाते हुए होठों पर था, "चौपाटी जाएँगे/भेलपुरी खाएँगे।"

अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा, कई अभिनेताओं-अभिनेत्रियों के बंगले, मरीना बीच, जुहू, नरीमन प्वाइंट की इमारतें, धर्मयुग के कार्यालय की अंदरूनी भव्यता, हैंगिग गार्डन आदि अन्य दर्शनीय स्थल देखे, तो झुग्गी-झोपड़ियों, गंदगी के अंबार, टूटी-फूटी सड़कों के अशेष संसार भी।

यह उस समय की यात्रा थी, जब मुंबई, बंबई था।

"डूबने वाला शहर है यह।"

मुंबईवासियों ने बताया,

"बरसात में डूब जाता। लोग पानी में डूबकर खाना बनाते हैं।"

छोटे कमरे में तीन-तीन परिवार जिंदगी गुजारते। इतने लोग यहाँ बस गए, जगह छोटी पड़ गई। पर तांता लगा है।

नींबू पानी, आम का पन्ना बेचकर पेट भरेंगे पर रहेंगे यहीं। मुर्गे की टांग, गर्दन कुछ भी पका लेंगे, फुटपाथ पर ही पेड़ की छाँह तले फटी चिंदियाँ घेरकर सो लेंगे पर मुंबई छोड़कर नहीं जाएँगे। फुटपाथों पर बच्चों को पेट पर सुलाते, चिपटे पतीले में भोजन पकाते विभिन्न बोली-बानीवाले एक ही भाषा अपना लेते हैं...मुंबइया भाषा।

वर्षा होते ही पोल-पट्टी खुल जाती सपनों के शहर की। बादली आँसुओं में दिनों तक कर्मठ लोगों को परिजनों-बच्चों से मिलने नहीं देता। झिलमिलाते शहर की त्रासदी तकलीफदेह।

दुबारा 2015 में मुंबई यात्रा में कायाकल्प देखकर काफी खुशी-संतुष्टि मिली।

# कामायनी- एक दृष्टि

हिंदी काव्य - धारा में छायावाद के स्तम्भ जयशंकर प्रसाद जी के जन्मदिन (*० जनवरी) पर उनके द्वारा रचित कालजयी काव्य 'कामायनी' का साहित्यावलोकन करते हैं। जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित काव्य "कामायनी" का लेखन काल ऐसे समय का है, जब समझा जा रहा था कि हिंदी या खड़ी बोली में काव्य रचना नहीं हो सकती है। इसके पहले मैथिली शरण गुप्त का काव्य साकेत आया था। लेकिन मुख्यतः तत्सम शब्दों में कामायनी ही उससमय की एकमात्र एकमात्र रचना थी। इसके पहले ऐसी सुसम्बद्ध, सुरुचिकर, अद्भुत कृति हिंदी साहित्य की काव्य विधा में देखने में नहीं आयी थी। "कामायनी" हिंदी साहित्य के छायावाद युग की प्रतिनिधि रचना है। मानव की चित्त वृत्तियों का वैयक्तिकरण करना और उसे काव्य का रूप देना एक दुस्तर कार्य था, जिसे जयशंकर प्रसाद जी ने उस समय पूरा किया, जब हिंदी काव्य - लेखन एक संक्रमण - काल से गुजर रहा था। क्या यह काव्य सामान्य पाठक के बीच लोक व्यापक हो पाया था या अभी है?



**ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र**

इसपर विचार करने के पहले इसकी रचना के मुख्य बिंदुओं पर विचार करें: वैसे महाप्रलय और उसके बाद जीवन के विकास की कहानी हर पंथ और ग्रंथ का विषय रहा है। यहाँ इस विषय को कवि ने "शतपथ ब्राह्मण" के पौराणिक ग्रंथ के जलप्लावन के प्रसंग से लिया है। जलप्लावन के महाप्रलय के बाद छिन्न - भिन्न हुई देव संस्कृति के पश्चात वैवस्वत मनु ही बचे थे। वे हिमालय के उत्तुंग शिखर पर स्थित हो अस्थिर चित्त से सोच रहे हैः

नीचे जल था ऊपर हिम था, एक तरल था एक सघन,
एक तत्व की ही प्रधानता, कहो उसे जड़ या चेतन।

' एक तत्व की ही प्रधानता' के दर्शन से ही मनु एक ऐसी ही सभ्यता का विकास करना चाह रहे हों...यही उनकी चिंता का विषय है - इसलिए जयशंकर प्रसाद ने पहले अध्याय का नाम 'चिंता सर्ग' रखा है। हर अध्याय मनुष्य की अंतर्वृत्तियों को रूपायित करता है। मानव सभ्यता के पूर्व शायद देव संस्कृति रही हो, जहाँ किसी प्रकार चिंता नहीं होने से 'चिर-यौवन' प्राप्त देवता 'नित्य-विलासी' रहे हों। जब कोई भी सभ्यता आत्म-मंगल, आत्म-आमोद-प्रमोद लीन भोग-विलास में गर्त हो जाती है तो प्रकृति यह अनाचार सहन नहीं कर पाती है और अपनी विनाश लीला से उस सभ्यता को नष्ट-भ्रष्ट कर देती है। फलस्वरूप जलप्लावन और हिमयुग आ जाता है और एकमात्र मनु बचे रहते हैं।

उनकी चिंता का पारावार नहीं है। जब यहाँ से वह एक सभ्यता विकसित करने की सोच रहा है। इसी चिंता से दैवी और आसुरी वृत्तियों का आविर्भाव होता है और उनके घात-प्रतिघात के बीच संतुलन बनाते हुए व्यष्टि और समष्टि दोनों की यात्रा तबतक जारी रहती है जबतक आनंद न प्राप्त हो जाय। इसलिए इस काव्य का अंतिम अध्याय आनंद सर्ग है। मनुष्य की आंतरिक वृत्तियाँ को ही इस काव्य के अध्याय का नाम दिया गया है। एकं ओर आशा, श्रद्धा, लज्जा, इड़ा और निर्वेद जैसी दैवी वृत्तियाँ हैं, तो दूसरी ओर कामवासना, ईर्ष्या आदि आसुरी वृत्तियाँ हैं। जयशंकर प्रसाद जी ने पुस्तक के आमुख में लिखा है, "जलप्लावन की घटना ने मनु को देवों से विलक्षण मानवों की एक भिन्न संस्कृति प्रतिष्ठित करने का अवसर दिया।" "छान्दोग्य उपनिषद" में मनु और श्रद्धा की भावमूलक व्याख्या भी मिलती है। श्रद्धा कामगोत्र की बालिका है, इसलिए श्रद्धा नाम के साथ उसे कामायनी भी कहा जाता है। मनु प्रथम पथ-प्रदर्शक और अग्नि-होत्र प्रदर्शित करने वाले और कई वैदिक कथाओं के नायक हैं। जलप्लावन के पश्चात एकाकी मनु का मिलन श्रद्धा के साथ उसी निर्जन प्रदेश में बिखरी हुई सृष्टि को पुनः आरम्भ करने के लिए होता है। परंतु असुर पुरोहित के मिल जाने से वे पशु बलि देते हैं। इस बली के पश्चात मनु जो देव संस्कृति के ही अवशेष मात्र थे, उनमें देव - प्रवृति जाग उठती है - इड़ा के संपर्क में आने से।

इड़ा की उत्पत्ति दही, घी इत्यादि छवियों के पोषण से यज्ञ से होती है, इसलिए इड़ा स्वयं को मनु की दुहिता कहती है। वह प्रजापति मनु की पथ-प्रदर्शिका बनी और बुद्धि-विकास और राज्य स्थापन में उसी का प्रभाव रहा। इन्हीं सब धाराओं से मिलकर 'कामायनी' की मुख्य- कथा- धारा बहती है। परंतु दर्शन इसकी अंतर्धारा है। उसको याद रखकर ही पाठक इस काव्य का पूर्ण आनंद उठा सकते हैं।

आनंद पर्व तक की यात्रा करते हुए आइये आनंद का अनुभव किया जाय। आनंद पर्व की अंतिम पंक्तियाँ देखें:

वह चंद्र-किरीट रजत नग स्पंदित -सा पुरुष पुरातन,
देखता मानसी गौरी लहरों के कोमल नर्तन।

और नारी के नारीत्व की उच्च भाव भूमि को व्याख्यायित करती पंक्तियाँ :

नारी तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास-रजत-नग-पग-तल में,
पीयूष स्रोत सी बहा करो, जीवन के सुंदर समतल में ।

# गंदा रूम

कमरे में निक्की और चिक्की के सिवा कोई नहीं था। चिक्की अपनी निक्की दीदी को कमरे के इस छोर से उस छोर तक चक्कर लगाते टुकुर टुकुर ताक रही थी। चिक्की पलंग पर आधी लेटी हुई हाथ में अपनी इंग्लिश की बुक लिए बस यही समझ पा रही थी कि - "बाप रे! ये बोर्ड का एकजाम कितना भारी होता है? मेरे से तो नहीं होगा बाबा। निक्की दी तो मम्मा की फेवरेट है और नंबर भी ले आएगी। मेरा क्या हाल होगा, मम्मा तो चटनी बना देगी।" ये सब सोचती चिक्की पढ़ते पढ़ते उठकर फ्रिज में जाकर कुछ ढूंढने लगी। उसकी खटर पटर से निक्की ने मुंह सा बनाया, फिर अपने क्वेश्चन एंसर रटने लगी - "शेक्सपीयर वाज द वल्ड्र्स बेस्ट ड्रामाटिस्ट.."। "ये शेक्सपीयर कौन था निक्कू दी?" चिक्की के इतना पूछते ही निक्की बिफर पड़ी और चिल्लाते हुए बोली - "मम्मा, मम्मा, ये चिक्की को कुछ पढ़ना वढना है नहीं और मुझे भी डिस्टर्ब कर रही है! मैंने आपको कहा था न कि इसे दूसरा रूम दे दो मेरे एकजाम टाइम तक। न प्रोपर्ली बैठती है, न पढती है। शी इज टू एन्नोइंग!" मम्मा उधर से गरमाए हुए चिक्की को कमरे से बाहर निकाल कर चमेटा लगाते अपने बेडरूम में ले गईं। चिक्की पलंग पर लेटी हुई सोचने लगी - "बस एक बटरफ्लाई ही तो बनाने का ट्राई किया था। निक्कू दी कितना शाउट करती है! बस उसका रूम, उसका शेल्फ, उसका कपबोर्ड! भक्क मेरा नहीं है क्या! मैंने तो अपनी साइड में ड्राइंग करी, उसका क्या जाता है? नहीं करूंगी उससे कभी बात,, मेरी ड्राइंग भी मिटा दी!" सोचते सोचते उसके गालों पर आंखों के मोती झर गए। उधर पापा मम्मा को धीरे से बोल रहे थे - "ये निक्कू की ओसीडी को तुम सपोर्ट कर रही हो। ये अपनी छोटी बहन के साथ एडजस्ट नहीं कर पा रही, बाद में ये दिक्कत बढ़ जाएगी!" और मम्मा कह रही थी -"ऐसा कुछ भी नहीं, यू आर ओवरथिंकिंग। चिक्की ने ही रूम गंदा कर दिया था!" उधर अधनिंदीं अवस्था में चिक्की रोते हुए बुदबुदा रही थी - "नो दीदी, मेरी बटरफ्लाई; प्लीज़ डोंट रब न!!"



**डॉ आकांक्षा चौधरी**

## काव्य कोना

# कब और कैसे

धूप कहाँ टुकड़े-टुकड़े में
चाँदनी कैसे बाँटोगे ?
हवा चलेगी अपने मद में
ज़मीं से कौन-सी लहर मिलेगी?
लहरों ने कब पूछा है ?
जीवनका बहना एक लय है
लय को कैसे बाँटोगे?
यौवन की कलियाँ बचपन हैं
अनुभव मिलेगा किस उम्र में?
उम्र ने कब यह पूछा है?
पथ का पथिक कहाँ रुकता है?
बढ़ना कैसे बाँटोगे ?
पग-पग में ठोकर है, फिर भी
शिखर कहाँ पर कौन-सा पत्थर?
पथ के पत्थर ने कब पूछा है?

**नाग मणि**

# नौकरी

मुन्नी आज बहुत खुश थी। वह जल्दी-जल्दी सारे काम निपटा रही थी।अब तक तीन घरों का वह काम कर चुकी थी। " क्या बात है, आज तुम बड़ी जल्दी-जल्दी काम कर रही हो और खुश भी दिख रही हो?"... उसकी मालकिन ने उससे पूछा।

" मेरे भाई को नौकरी मिल गई है, आंटी। आज उसके नौकरी का पहला दिन है। इसलिए मैं जल्दी घर जाना चाहती हूँ।"... उसने खुश होते हुए कहा," आंटी, आप मुझे थोड़ा दही- गुड़ देंगी? आज भाई का नौकरी का पहला दिन है, इसलिए माँ उसे दही-गुड़ खिलाकर भेजना चाहती है। " जब तुम पहली बार काम करने निकली थी तो तुम्हारी माँ ने तुम्हें दही-गुड़ खिलाया था?"

" आंटी, आप कैसी बात करती हैं, मैं तो झाड़ू-पोछा का काम करती हूँ। भला यह भी कोई नौकरी हुई।"... मुन्नी ने हँसते हुए कहा। मालकिन सोच रही थी चलो इसके भाई की नौकरी लग गई है। अब इसके घर की स्थिति अच्छी हो जाएगी ।उसे दही-गुड़ देते हुए कहा," तेरे भाई को नौकरी मिल गई है। अब तुम अपना काम-धंधा छोड़कर अपनी पढ़ाई पूरी करो । "मैं अपना काम-धंधा नहीं छोड़ सकती, आंटी। भाई का वेतन ज्यादा नहीं है। घर का खर्चा कैसे चलेगा?"... वह थोड़ी रुकी। फिर बोली," छोटे भाई के स्कूल का फीस कहाँ से आएगा?"



**रंजना वर्मा उन्मुक्त**

# कुंभ का अमृत

बज रहा डंका कुंभ का,छलक रहा अमृत कुंभ से।
कर लो आचमन गंग का,लगा कर डुबकी मन से।
गंगा यमुना सरस्वती संगम पर,भर गया कुंभ जन से।
शीतल धार पावन भूमि पर,धुल रहा पाप जल से।
भव्य दिव्य आयोजन है,देशी विदेशी सभी चकित है।
लगता कुंभ बारह वर्ष पर,दो हज़ार पच्चीस विशेष है।
महाकुंभ में चरण पड़े हैं,साधु संत औ अखाड़ों की गूँज है।
चहुँओर दर्श है संस्कृति की,फहर रहा पताका धर्म का।
सनातनी हो या अंग्रेज़ी ,पहने हैं चोला भगवा रंग का।
यहाँ नहीं कोई भेद भाव है,संगम घाट सर्वश्रेष्ठ है।
तट का नजारा विहंगम सजा ,बसा एक नगरी अति विशिष्ट है।
आस्था का बह रहा वेग है,कल कल निर्मल जल है।
अद्भुत दृश्य प्रयागराज का,दृग में बस रहा यह पल है।
जप तप हवन यज्ञ हो रहा,यहीं कर्मों का हल है।
भर लो तन मन के कुंभ को,बूँद बूँद गंगा निश्छल है।
माटी का यह तन क्षणिक है,स्नान ध्यान ही कष्टों का हल है।



**सविता गुप्ता**

## व्यंग्य वार्ता

# फेरी लगाने का सुख



**ललन शर्मा**

बचपन में अकसर देखा करता था कि फेरीवाला हमारी जरूरतों के सामान हमारे दरवाजे पर आकर बेचता था और गली-गली फेरी लगाने आगे बढ़ जाता था फेरीवाले की आवाज सुनते ही हमें लगता था कि हमारे लिए भी कुछ खरीदा जायगा। फेरीवाले की बात पर मुझे काबुलीवाला और टैगोर बाबू की मिन्नी याद आ रही है खैर,उस जमाने में फेरीवाले क्या सोचकर सामान बेचते थे, ये सबको मालूम ही होगा। पर इधर सदी के अंत में फेरीवालों अपने ग्राहकों को की बेचना षुरू कर दिया। इन्हीं फेरीवालों में एक महान फेरीवाला चर्चित रहा- नाम है रोमेष षर्मा। असली नाम पता नहीं, पता चला है ये उत्तर प्रदेष की गलियों में कपड़ों की फेरी लगाया करते थे। बाद में इन्हें कहीं से दिव्यज्ञान प्राप्त हुआ और फेरी लगाते-लगाते हेरा-फेरी पर उतर आए और ऐसी स्थिति में पहूँच गये कि अन्य बड़े-बड़े हेरा-फेरी करने वाले इनके चारों ओर फेरी लगाने लगे। कुछ वर्श और गुजरते तो देष के सारे हेरा-फेरिये इन्हें अपना फेरा स्वामी मान कर स्वयं को धन्य समझते। पर बुरा हो उनलोगों का जिन्होंने रोमेष षर्मा को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया। उस बेचारे का क्या दोश, वह तो नव भारतीय संस्कृति का निर्वाह कर जन-जन में फेरी के मार्फत हेरा-फेरी का संदेष पहूँचा रहा था। राश्ट्र की मूलधारा में हेरा-फेरी को स्थान दे रहा था। फिर भी इस घटना से सभी फेरीवालों को निराष नहीं होना चाहिए। उन्हें अब रोमेष षर्मा को हेरा-फेरी का संस्थापक या फेरा स्वामी घोशित कर उनके नक्षे कदम पर चलना षुरू कर देना चाहिए ताकि उनका यह राश्ट्रीय संदेष जन-अंदोलन बन कर सभी तक पहुँचता रहे तथा लोग इससे मालामाल होने का सुख प्राप्त करे।



वैसे हेरा-फेरी करना, मेरा मतलब फेरी लगाकर षर्मा जी ने मानव संस्कृति का विकास ही किया है दुनिया का उसूल है कि हर आदमी दूसरे के फेरे में रहता है मसलन नौकर मालिक के फेरे में, चोर सिपाही के फेरे में, सिपाही बड़ा बाबू के फेरे में, रंगकर्मी नाटक के फेरे में, आलोचक आलोचना के फेरे में, मंत्री मुख्यमंत्री तथा मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के फेरे में। मतलब कोई भी सृश्टि के इस नियम से बच नहीं सकता अर्थात कोई भी ऐसा जीव नहीं है जो फेरे से बचा रहता हो। हाँ, यह अलग बात है कि रोमेष भईया जैसे लोगों को फेरी का चक्कर ठीक से समझ में आया है।

मेरे विचार से फेरी लगाने के सुख से किसी को वंचित नहीं किया जाना चाहिए तथा सबसे अच्छे हेरा-फेरिए को फेरी-रत्न, फेक्कू अवार्ड आदि से सम्मानित किये जाने का प्रयास या प्रावधान हेरा-फेरी संगठनों द्वारा होना चाहिए। और फेरी लगाते लगाते किसी की जान खोजी विभाग के हाथ फँस जाय तो उस विभाग को ही फेरे में डालने का प्रयास किया जाना चाहिए ताकि खुफिया विभाग के नापाक इरादे हेरा-फेरी की पुण्य गंगा को मैला न कर सके। फेरी लगाने में बड़ा सुख है, इससे आदमी चन्द ही दिनों में लाखों में खेलने लगता है। बड़े-बड़े दण्ड-नायक, खलनायक सर झुकाकर सलाम करते है। और आदमी गॉड फादर बन जाता है। गॉड फादर का अर्थ हुआ कि देष-विदेष में जितने भी बाप है उन सबका बाप। इसलिए मेरा लोगों से अनुरोध है कि रोमेष फादर के पग चिन्हों पर चले, फले-फूले। और फेरी लगाने का परम सुख प्राप्त करे।

**संयोजन - नरेश अग्रवाल**

# रौशनी की लकीर - लालटेन



**गीता चौबे गूंज**

रुप भले है
जर्जर मेरा,
किंतु काम की
चीज रही।
किसी जमाने
मेरे बल पर,
थी प्रकाश की
नदी बही।।
अँधियारे को दूर भगाना, रही
प्राथमिकता मेरी।
टिमटिम करती रौशन होती
एक ज्योति-चिह्न उकेरी।।

नहीं आज हूँ उपयोगी मैं, कभी रहा
गौरव अपना।
ढिबरी वाले युग में मै भी,
रही वंचितों का सपना।।
साँझ ढले ही चमकाते थे,
मेरे तन को मल-मल के।
मैं भी हरदम खुश रहती थी, संग
तेल के जल-जल के।।

जब विकास का पहिया चलता, सबको
भाती चीज नई।
छोड़ पुरानी सारी बातें, यह दुनिया
भी नई हुई।।
हुआ हाल जैसे पुरखों का,
मेरी हालत भी वैसी।
रखा कबाड़ बनाकर मुझको, होती है
ऐसी-तैसी।।

## आज का दोहा

क्या दिन थे, मधुमास के, हर पलाश अंगार।
मन टहले था आग में, जुड़े कहीं पर तार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

# पराली

उसने सुना था कहीं...
पराली न जले तो
नई फसल नहीं उगती,
नया रोपने के लिए,
अच्छा उगाने के लिए,
कुछ पुराना जलाना पड़ता है,

उसने भी तो जलाया था कितना कुछ
अपनी पहचान,
पुरानी यादें,
रिश्ते नाते दोस्त,
छोड़ा अपना घर आँगन,
शहर गलियाँ चौबारे,

खुद को रोप दिया नई मिट्टी में,
उगना चाहा था मन से,
पर जड़ें गहरे न बैठ पाईं
नई मिट्टी नें पराया ही जाना...

पुरानी माटी को पराया कर आई थी,
नई मिट्टी कभी सगी न हुई,
लड़कियाँ कहीं की न रहीं,
रोप तो दी गईं,
पर लहलहा न सकीं...



**रीना सिन्हा सलोनी**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## चिति संवाद, साहित्य और कलाओं में चिति विमर्श पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# चिति का सुन्दर उदाहरण प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ है : डॉ. सच्चिदानंद जोशी




**● भारतीय गुरुकुल परम्परा से प्रेरणा लेकर हमे ज्ञान वर्धन करना चाहिए : प्रो. निर्मल सिंह**

**एजेंसी। मेरठ**

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजिज (भाषा विभाग) तथा कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय एवं अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय चिति संवाद, साहित्य और कलाओं में चिति विमर्श रहा ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, सुभारती विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति कर्नल डॉ. देवेन्द्र स्वरुप, कार्यक्रम अध्यक्ष जम्मू कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री व इतिहासकार प्रो. निर्मल सिंह, विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की उपाध्यक्ष व केन्द्रीय साहित्य अकादमी की अध्यक्ष प्रो कुमुद शर्मा, पूर्व आईएएस अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष व आकाशवाणी महानिदेशालय के पूर्व निदेशक सोमदत्त शर्मा, कार्यक्रम संयोजक एवं अध्यक्ष भाषा विभाग डॉ. सीमा शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि सतत विकास के साथ चरित्र निर्माण पर भी ध्यान देने की अति आवश्यकता है। भारत एक बुद्धिजीवी समाज वाला देश है और गौरवशाली संस्कृति के साथ रचनात्मकता के लिए विश्व भर में विख्यात है। आज एआई तकनीक ने रचनात्मकता को खत्म करने का कार्य किया है। इससे हमारी नैसर्गिक रचनात्मक क्षमताओं का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चल रहे भव्य महाकुम्भ चिति का गौरवशाली उदाहरण है। हम अपने संस्कार व परम्परा को अपनाकर चिति के उद्देश्यों को पूर्ण कर सकते है। जम्मू कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री व इतिहासकार प्रो. निर्मल सिंह ने कहा कि किताबों से दूरी और तकनीक के उचित प्रयोग न करने से हमारी क्षमताओं में कमी आई है। आज आवश्यकता इस बात कि है कि भारतीय गुरूकुल परम्परा से प्रेरणा लेकर हमे अपना ज्ञान वर्धन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा साधन है, और भारतीय भाषाएं अपने संस्कारों का प्रतिनिधित्व करते हुए भारतीय संस्कृति के विराट उदाहरण के रूप में विश्व में विख्यात है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की उपाध्यक्ष प्रो. कुमुद ने चिति शब्द को लेकर सर्वप्रथम उसका वृहद विवेचन करते हुए चिति संवाद के तत्वों का विवेचन किया। उन्होंने स्त्री विमर्श पर व्याख्यान देते हुए कहा कि चिति हमारी सामूहिक अस्मिता है। पूर्व आईएएस सत्येंद्र सिंह ने साहित्य और कलाओं में चिति की भूमिका पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में हवेली संगीत एवं कथक की मनमोहक प्रस्तुति की गई। जिसमें रणछोड़ लाल गोस्वामी ने हवेली संगीत की प्रस्तुति करते हुए सभागार में उपस्थित सभी को मध्यकाल (भक्तिकाल) में पहुंचा दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रंजना नैब जो कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा नामित विख्यात कथक कलाकार है उन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी और अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभागार में उपस्थित सभी का मन मोह लिया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. कर्नल देवेंद्र स्वरूप ने भारतीय भाषाओं के महत्व पर वक्तव्य देते हुए बताया कि जो व्यक्ति जितनी अधिक भाषाओं का ज्ञानी होता है उसका बौद्धिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास उतना ही विस्तृत होता है। सभी विद्यार्थियों और मनुष्यों को आपसी समन्वय बनाते हुए प्रत्येक भाषा को सीखने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों द्वारा प्रो. सर्वेश पाण्डेय, भाषाविद एवं प्राचार्य, डीसीएसके स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मऊ, उत्तर प्रदेश, प्रो. रचना विमल- अध्यक्ष हिन्दी विभाग, सत्यवती महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय,

डॉ. सुशील तिवारी, स्वतंत्रता संग्राम और प्रवासी अध्ययन केंद्र, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, डॉ. श्रीराम परिहार, निदेशक, निमाड़ लोक कला केन्द्र, सी वी रमन वि.वि.,(म.प्र.), मेजर डॉ. सरस त्रिपाठी ने भी चिति संवाद, साहित्य और कलाओं में चिति विमर्श विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

## भारतीय भाषाएं, परंपरा व लोक संस्कृति हमारे देश की संस्कृति का संगम : डॉ गणेश

**एजेंसी। मेरठ**

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजिज (भाषा विभाग) तथा कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय एवं अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दूसरे दिन देशभर से आए शिक्षाविदों व विद्वानों तथा लेखकों ने चिति संवाद, साहित्य और कलाओं में चिति विमर्श विषय पर अपने विचार रखें।

अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ की ओर से दूसरे दिन के प्रथम सत्र का संचालन डॉ. मंजू देवी तिवारी व सुनील बादल ने किया। सत्र की अध्यक्षता कर रहे जंतु विज्ञान विभाग रांची विश्वविद्यालय झारखंड के अध्यक्ष डॉ. गणेश चंद्र बास्की ने कहा कि लोक संस्कृति गांवों, कस्बों और शहरों के रूप में होती है। सब की अपनी भाषा, रहन सहन, खान पान और परम्पराएं एक दूसरे से विभिन्न होने के साथ सब की एकता ही भारतीयता की पहचान है। उन्होंने कहा कि भाषाएं परम्परा व लोक संस्कृति हमारे देश की संस्कृति का संगम है।

जनजाति साहित्य और संस्कृति के विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मीकांत चंदेला ने लोक समाज और लोक परंपराओं पर विस्तारपूर्वक अपना प्रकाश डाला। दिल्ली से प्रसिद्ध लेखिका और रंगकर्मी सविता शर्मा नागर ने भारत एक समाज लोक समाज और लोक परम्पराएं जैसे विषय को अपनाकर आज के समय से जोड़ते

**● दूसरे दिन के प्रथम सत्र का संचालन डॉ मंजू देवी तिवारी व सुनील बादल ने किया**

हुए नवीन विचारधाराए दी।

दूसरे सत्र में शोधार्थी भाषा विभाग प्रज्ञा शर्मा ने अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण दिया। इस सत्र का संचालन शिक्षाविद्, संस्कृति अध्येता एवं पूर्व प्रकाशन सलाहकार, केंद्रीय हिन्दी संस्थान, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के डॉ. स्वर्ण अनिल द्वारा किया गया। प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सहराई, अशोक नगर एवं न्यासी अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ डॉ. अतुल गुप्ता ने साहित्य में चित्रित तत्व स्वरूप और संवेदना का किस प्रकार समावेश होता है इस पर विस्तारपूर्वक अपने विचारों को उदबोधित कर सभागार में उपस्थित सभी श्रोता को अपने विचारधारा से जोड़ दिया। डिलीट अध्यक्ष, हिंदी विभाग, शाहिद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ प्रो. सुधा रानी सिंह ने साहित्य में चिति का समावेश कैसे आया और किस प्रकार वह आज संपूर्ण साहित्य को अपने अंतर्गत समाहित किए है उस पर विस्तार सहित प्रकाश डाला।

सत्र की अध्यक्ष सुपरिचित लेखक, हैदराबाद तेलंगाना की डॉ. सुमन चौरे ने कहा कि जीवन के अनुभव, अगणित अनुसंधान और अनुकूलन की प्रक्रिया से संचरण के उपरांत ही किसी समाज या मानव समुदाय की ह्यचितिह्न का विकास होता है। तीसरे सत्र का आयोजन कला में चितिका स्वरूप के विषय पर हुआ।। इस सत्र का संचालन प्रसिद्ध निमार्ता निर्देशक अभिजीत कुमार द्वारा किया गया।

प्रसिद्ध लोक चित्रकला कलाकार सुषमा सिटोके ने कलाओं में चोटी का स्वरूप होता क्या है, इस पर विरोध विवेचन करते हुए कुशलता पूर्वक अपने विचारों को उद्बोधित कर सभागार में उपस्थित सभी श्रोतागणों के साथ तादात्म्य में स्थापित किया। रंगकर्मी और निमार्ता निर्देशक राजेश अमरोही ने चिति का स्वरूप कलाओं में किस प्रकार अपने आप को समाहित किए हुए हैं इस पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

प्रो. रचना विमल ने संपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की। समापन सत्र में अतिथि परिचय एवं स्वागत शोधार्थी भाषा विभाग रंजन नाम नैब द्वारा किया गया। प्रतिवेदन प्रस्तुति भाषा विभाग से डॉ. आशीष कुमार द्वारा की गई। विशिष्ट उद्बोधन पदम श्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल द्वारा दिया गया। इसके उपरांत विशिष्ट रितु उद्बोधन श्री सोमनाथ शर्मा द्वारा दिया गया। सह अध्यक्षता पद्मश्री विष्णु पांडे की रही। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज एवं कार्यकारी अधिकारी डॉ.कृष्णा मूर्ति ने संगोष्ठी के सफल आयोजन पर अपनी बधाई दी।

धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक एवं अध्यक्ष भाषा विभाग डॉ. सीमा शर्मा द्वारा किया गया।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में में लगभग 21 राज्यों के अतिथि गण उपस्थित रहे और 350 से अधिक प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग किया।

### रेलवे प्रशासन ने आपात स्थिति में महिला यात्री को मुहैया कराई चिकित्सा सुविधा

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के कर्मचारियों ने आपात स्थिति में एक महिला यात्री को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई। महिला अब बेहतर स्थिति में है और हरदा के निजी अस्पताल में उपचार जारी है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से फिरोजपुर की ओर जा रही गाड़ी संख्या 12137 के एचए-एक कोच में यात्रा कर रही महिला यात्री को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या की सूचना स्टेशन मास्टर हरदा को मिली। इस सूचना में बताया गया कि महिला यात्री जागृति (पत्नी शिव कुमार, निवासी मुंबई) ललितपुर की यात्रा कर रही हैं, उन्हें असहनीय पेट दर्द हो रहा है और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। बताया गया है कि हरदा के स्टेशन मास्टर ने तुरंत सक्रिय होकर आरपीएफ की टीम को सूचित किया। सहायक उप निरीक्षक रूपेंद्र बुवाडे और आरक्षक मुकेश सिंह ने तुरंत कोच में पहुंचकर स्थिति का आकलन किया और महिला यात्री, जो मुंबई से ललितपुर की यात्रा पर थीं।

### मिल्कीपुर में भाजपा की हुई बड़ी जीत अपना बूथ भी हार गये सपा उम्मीदवार

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की मतगणना में भाजपा की बड़ी जीत हुई है। भाजपा के चंद्रभानु पासवान ने सपा प्रत्याशी अजित प्रसाद को भारी मतों से हरा दिया। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने 61,710 वोट के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। भाजपा के चंद्रभानु को 1,46,397 वोट मिले, जबकि सपा के अजित प्रसाद ने 84,687 मत प्राप्त किए। हालात यह रहे कि सपा पत्याशी अपना बूथ भी हार गए। जीत के बाद भाजपा प्रत्याशी ने मतगणना स्थल पहुंच कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। भाजपा कार्यालय में पुष्प वर्षा के साथ ढोल नगाड़े बजाए जा रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सभी को जीत की बधाई दी। शनिवार को सुबह से कड़ी सुरक्षा के बीच मिल्कीपुर विधानसभा की राजकीय इंटर कॉलेज में मतगणना शुरु हुई। दोपहर बाद जैसे ही भाजपा उम्मीदवार की जीत 61,710 मतों से निश्चित हुई तो भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी।

## देश विदेश

# न्यूयॉर्क में बर्ड फ्लू के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए बंद किए गए लाइव पोल्ट्री मार्केट

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने घोषणा की है कि न्यूयॉर्क शहर और वेस्टचेस्टर, सफ़ोक और नासाउ काउंटियों में स्थित सभी लाइव पोल्ट्री मार्केट अगले पांच दिनों के लिए बंद रहेंगे। यह कदम अत्यधिक संक्रामक एवियन इन्फ्लूएंजा (एचपीएआई) के प्रसार को रोकने के लिए उठाया गया है। इन बाजारों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी पक्षियों को बेच दें और फिर पूरी तरह से सफाई और कीटाणुशोधन प्रक्रियाओं को लागू करें।न्यूयॉर्क राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 31 जनवरी से नियमित निगरानी के दौरान क्वींस, ब्रोंक्स और ब्रुकलिन बोरों में स्थित बाजारों में सात एचपीएआई मामले पाए गए हैं। न्यूयॉर्क राज्य के स्वास्थ्य आयुक्त जेम्स मैकडोनाल्ड ने कहा, "हालांकि जनता के स्वास्थ्य के लिए कोई तत्काल खतरा नहीं है और न्यूयॉर्क राज्य में मनुष्यों में एचपीएआई के कोई ज्ञात मामले नहीं हैं, हम कृषि और बाजार विभाग के नवीनतम सक्रिय उपायों का समर्थन करते हैं जो जानवरों और मनुष्यों के बीच बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए न्यूयॉर्क शहर और आसपास के



काउंटियों में लाइव बर्ड मार्केट को अस्थायी रूप से बंद करने के लिए हैं।" सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट की अनुसार, मैकडोनाल्ड ने कहा कि जिन लोगों का पशुधन और जंगली पक्षियों के साथ नियमित संपर्क होता है, उन्हें इन जानवरों के संपर्क में आने पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा करनी चाहिए। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार, अप्रैल 2024 से अमेरिका में 67 मानव बर्ड फ्लू मामले और वायरस से एक मौत हुई है।

बर्ड फ्लू को एवियन इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) या अत्यधिक संक्रामक एवियन इन्फ्लूएंजा (एचपीएआई) के रूप में भी जाना जाता है। यह एक वायरस के कारण होता है जो पक्षियों और स्तनधारियों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का कारण बन सकता है। बर्ड फ्लू वायरस से मानव संक्रमण दुर्लभ हैं, लेकिन जब वायरस किसी व्यक्ति की आंखों, नाक, मुंह में या सांस लेने पर अंदर जाता है तो ऐसा हो सकता है। जो लोग पक्षियों या अन्य एवियन फ्लू वायरस से संक्रमित जानवरों के आसपास हैं, उन्हें बीमार होने का अधिक खतरा होता है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार, इसमें उन लोगों को शामिल किया गया है जो खेत, चिड़ियाघर या अन्य जंगली जानवरों की फैसिलिटी में काम करते हैं।

### नेपाल के पेयजल मंत्रालय में लगी आग, तीन कमरे के कागजात जलकर नष्ट


**काठमांडू।** नेपाल के संघीय सरकार के प्रशासनिक भवन काठमांडू के सिंहदरबार में पेयजल मंत्रालय में शनिवार सुबह आग लग गयी। इससे तीन कमरे के कागजात एवं अन्य सामान जल कर नष्ट हो गए। आज सुबह पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के भवन में चौथे मंजिल पर अचानक आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। इस घटना के तुरंत बाद वहां पहुंचे पेयजल मंत्री प्रदीप यादव ने बताया कि शॉट सर्किट होने के कारण आग लगने की संभावना दिख रही है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आग से उनके निजी कार्यकक्ष, उनका बैठक कक्ष और निजी सचिवालय के कमरे में रहे सभी फर्नीचर, पर्दे, कम्प्यूटर, टीवी सबकुछ जल कर नष्ट हो गया है। प्रारंभिक अनुमान है कि इस घटना में करीब पचास लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## अमेरिका और जापान ने उत्तर कोरिया के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति अपनी 'दृढ़' प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

आमने-सामने की शिखर वार्ता के बाद ट्रंप और इशिबा ने एक संयुक्त बयान जारी किया। दोनों पक्षों ने दक्षिण कोरिया के साथ त्रिपक्षीय सहयोग के महत्व को रेखांकित किया।संयुक्त बयान में कहा गया, "दोनों नेताओं ने डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की और डीपीआरके के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की।" बयान के मुताबिक, "दोनों देशों ने डीपीआरके की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों को रोकने और उनका मुकाबला करने, रूस के साथ डीपीआरके के बढ़ते सैन्य सहयोग पर ध्यान देने पर जोर



दिया। इसके अलावा, डीपीआरके को जवाब देने, क्षेत्रीय शांति एवं समृद्धि को बनाए रखने में जापान-अमेरिका-आरओके त्रिपक्षीय साझेदारी के महत्व की पुष्टि की।" आरओके दक्षिण कोरिया के आधिकारिक नाम, कोरिया गणराज्य का संक्षिप्त रूप है, जबकि डीपीआरके उत्तर कोरिया के आधिकारिक नाम का संक्षिप्त रूप है। यह शिखर व्रार्ता उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के साथ ट्रंप की व्यक्तिगत कूटनीति की संभावित बहाली की उम्मीदों के बीच हुई। पिछले महीने फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने कहा कि वह फिर से किम से संपर्क करेंगे। उन्होंने किम को 'स्मार्ट आदमी' भी कहा। ट्रंप ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन उम्मीदों को पुख्ता करते हुए कहा कि किम के साथ मिलना-जुलना "एक अच्छी बात है, बुरी बात नहीं। हम उत्तर कोरिया, किम जोंग-उन के साथ संबंध बनाए रखेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "हमारे बीच अच्छे संबंध थे, और मुझे लगता है कि यह सभी के लिए बहुत बड़ी संपत्ति है कि मैं उनके साथ मिलता हूं।" राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्होंने 'युद्ध को रोका' और अगर वे राष्ट्रपति चुनाव नहीं जीतते, तो लोग 'बहुत बुरी स्थिति में फंस जाते।

## हमास ने तीन और इजरायली बंधकों को किया रिहा

**एजेंसी। तेल अवीव**

हमास ने शनिवार को तीन और इजरायली बंधकों को गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत मुक्त कर दिया। तीनों को 7 अक्टूबर के हमले के दौरान हमास के लड़ाकों ने बंधक बनाया था। इसके बदले में शनिवार को इजरायल फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। रिहा किए गए बंधकों में एली शराबी, ओहद बेन अमी और ऑर लेवी शामिल हैं। हमास ने शनिवार सुबह उन्हें रेड क्रॉस को सौंप दिया। इसके बाद इन्हें इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के हवाले किया गया और फिर इजरायल ले जाया गया। मीडिया रिपोट्स के मुताबिक तीनों बंधक रिहाई के समय काफी कमजोर दिख रहे थे। 19 जनवरी को युद्ध विराम शुरू होने के बाद से अब तक 21 बंधकों और 383 कैदियों को रिहा किया जा चुका है। कुल मिलाकर, तीन सप्ताह में युद्ध विराम के पहले चरण के अंत तक 33 बंधकों और



1,900 कैदियों को रिहा किया जाना है। इजरायल का कहना है कि 33 में से आठ की मौत हो चुकी है। 52 वर्षीय एली शराबी को उसके भाई योसी के साथ किबुत्ज बेरी से गाजा ले जाया गया। योसी की मौत की पुष्टि हो चुकी है। एली की ब्रिटिश मूल की पत्नी लियान और दो बेटियों नोइया और याहेल की हमले में हत्या कर दी गई। 56 वर्षीय ओहद बेन अमी को भी किबुत्ज बेरी से उनकी पत्नी राज के साथ बंधक बनाकर गाजा ले जाया गया। बाद में राज को हमास ने रिहा कर दिया। ऑर लेवी, (34), अपनी पत्नी इनाव के साथ नोवा फेस्टिवल से भाग गए, जब बंदूकधारियों ने इस कार्यक्रम पर हमला किया। लेवी को बंधक बना लिया गया और इनाव का शव उस शेल्टर में पाया गया, जहां दंपति छिपे हुए थे।

### अलास्का में लापता विमान का मलबा मिला सभी 10 यात्रियों की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के अलास्का में गुरुवार को लापता विमान का मलबा मिल गया है। विमान में सवार सभी 10 लोगों के शव निकाल लिए गए हैं। यूएस कोस्ट गार्ड ने शुक्रवार को यह घोषणा की। सीएनएन की खबर के अनुसार, टुकड़ों में बंटा यह विमान गंतव्य स्थल नोम से लगभग 34 मील दक्षिण-पूर्व में मिला है।यूएससीजी लेफ्टिनेंट कमांडर माइक सालेर्नो ने बताया कि दो बचाव तैराकों ने तीन शवों को निकाल लिया है। सात अन्य यात्री मलबे के अंदर हैं। मृतकों में अलास्का नेटिव ट्राइबल हेल्थ कंसोर्टियम के दो कर्मचारी रोन बॉमगार्टनर और कामेरोन हार्टविगसन शामिल हैं। एएनटीएचसी की सीईओ नताशा सिंह ने बॉमगार्टनर और हार्टविगसन की मौत पर दुख जताया है। अलास्का स्टेट ट्रूपर्स के अनुसार, यह विमान बेरिंग एयर का है। इसमें नौ यात्री और एक पायलट सवार थे। यह विमान अचानक मौसम खराब होने से अपने गंतव्य से भटककर दुर्घटना का शिकार हो गया।

## अलास्का में लापता विमान का मलबा मिला प्लेन में सवार सभी 10 लोगों की मौत

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अलास्का में लापता हुए एक छोटे यात्री विमान का मलबा मिल गया है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने शुक्रवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। तटरक्षक बल ने कहा कि विमान के अंदर सात अन्य शव होने का अनुमान है, लेकिन विमान की हालत की वजह से फिलहाल शवों तक पहुंचना संभव नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि एयरलाइन बेरिंग एयर के सेसना कारवां विमान में दस लोग सवार थे। गुरुवार दोपहर को यह विमान लापता हो गया। तटरक्षक बल ने बताया कि विमान का मलबा नोम शहर से 34 मील दक्षिण-पूर्व में मिला। विमान उनालाक्लीट से नोम के लिए उड़ान भर रहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी परिवहन सचिव सीन डफी ने कहा, "अलास्का में बेरिंग एयर की उड़ान में अपनी जान



गंवाने वाले 10 लोगों के लिए आज रात प्रार्थना करें।" उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड संघीय उड्डयन प्रशासन के सहयोग से घटना की जांच कर रहा है। अलास्का स्टेट ट्रूपर्स ने बताया कि उन्हें गुरुवार को स्थानीय समयानुसार 16:00 बजे (01:00 जीएमटी) एक विमान के बारे में उसे सूचना मिली। नोम स्वयंसेवी अग्निशमन विभाग ने कहा कि पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रकों से कहा था कि 'वह रनवे के साफ होने का इंतजार करते हुए होल्डिंग पैटर्न में उतरने का इरादा रखता है।" तटरक्षक बल ने बाद में कहा कि विमान की ऊंचाई और गति में तेजी से कमी आई थी, इसके बाद वह खो गया। विमान में कौन सवार था, इसका विवरण जारी नहीं किया गया, लेकिन नोम स्वयंसेवी अग्निशमन विभाग ने कहा कि यात्रियों के सभी परिवारों को सूचित कर दिया गया है। अलास्का सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने कहा कि विमान में सवार 10 लोगों में नौ यात्री और एक पायलट शामिल थे। यह विमान हादसा ऐसे समय में हुआ जब अमेरिकी हवाई सुरक्षा जांचकर्ता अभी भी हाल के हफ्तों में हुई दो दुखद घटनाओं की जांच कर रहे हैं। इनमें वाशिंगटन, डीसी के पास एक ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और एक यात्री जेट की हवा में टक्कर शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप 67 लोगों की जान चली गई, साथ ही फिलाडेल्फिया में एक मेडवेक जेट की दुर्घटना जिसमें सात लोगों की जान चली गई।

## हमास नेताओं से ईरान ने कहा इजरायल की हार अमेरिका की हार

**एजेंसी। तेहरान**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शनिवार को तेहरान में हमास के कार्यवाहक नेता खलील अल-हय्या और फिलिस्तीनी समूह के दो अन्य नेताओं से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी राज्य टीवी ने यह जानकारी दी। खामेनेई, ने फिलिस्तीनी प्रतिनिधिमंडल से कहा, "आपने जायोनी शासन इजरायल को हराया, जो वास्तव में अमेरिका की हार थी। आपने उन्हें उनके किसी भी लक्ष्य को हासिल करने नहीं दिया।"ईरानी टीवी ने कहा कि फिलिस्तीनी नेता 1979 की ईरानी क्रांति की वर्षगांठ पर खामेनेई को बधाई देने के लिए तेहरान में थे। उन्होंने ईरान के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में हमास के नेतृत्व परिषद के प्रमुख मोहम्मद दरवेश और हमास के शीर्ष अधिकारी निजार अवदल्लाह



भी शामिल थे। उन्होंने खामेनेई को गाजा और पश्चिमी तट की मौजूदा स्थिति और 'हासिल की गई जीत और सफलताओं' पर एक रिपोर्ट सौंपी। ईरानी मीडिया के मुताबिक खामेनेई ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी धमकियों का 'हमारे राष्ट्र की मानसिकता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।' ईरान हमास का समर्थक रहा है। गाजा युद्ध के दौरान भी वह फिलिस्तीनी ग्रुप के साथ खड़ा रहा। इस बीच हमास ने गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत शनिवार को तीन औरइजरायली पुरुष बंधकों को गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत मुक्त कर दिया।

## एक नजर

### बेंगलुरू एफसी की लड़खड़ाहट का फायदा उठाना चाहेगी जमशेदपुर एफसी



**बेंगलुरू(आईएएनएस)।** बेंगलुरू एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे श्री कांतीरवा स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में जमशेदपुर एफसी की मेजबानी करेगी, तो ब्लूज का लक्ष्य जीत से दूरी को समाप्त करना होगा जबकि रेड माइनर्स मेजबान टीम पर दूसरी बार लीग डबल पूरा करना चाहेंगे (इससे पहले 2020-21 में), क्योंकि उन्होंने रिवर्स फिक्स्चर 2-1 से जीता था। बेंगलुरू एफसी इस समय खराब फॉर्म से गुजर रही है। वो अपने पिछले छह मैचों में जीत दर्ज नहीं कर पाई हैं, जिसमें एक ड्रा और पांच हार शामिल हैं। वो पिछले तीन मैचों में लगातार हारी है। बेंगलुरू एफसी 19 मुकाबलों में आठ जीत, चार ड्रा और सात हार से 28 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। जमशेदपुर एफसी 18 मैचों में 11 जीत, एक ड्रा और छह हार से 34 अंक लेकर तालिका तीसरे स्थान पर है। बेंगलुरू 19 मुकाबलों में आठ जीत, चार ड्रा और सात हार से 28 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। जमशेदपुर एफसी (29) और ब्लूज (28) शीर्ष-छह टीमों में सबसे अधिक गोल खाने वाली टीमें हैं।

### एलेक्स कैरी ने गाले में ऐतिहासिक 156 रन बनाकर गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा

**गाले(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ते हुए एशियाई परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर द्वारा सर्वोच्च स्कोर दर्ज किया। कैरी ने गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 156 रनों की शानदार पारी खेलकर गिलक्रिस्ट के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 33 वर्षीय कैरी ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 87वें ओवर में श्रीलंकाई स्पिनर प्रभात जयसूर्या की गेंद पर पैडल-स्वीप लगाकर शानदार अंदाज में यह उपलब्धि हासिल की। इस शॉट के साथ, कैरी एशिया में 150 से अधिक रन बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बन गए, उन्होंने गिलक्रिस्ट के 144 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो उन्होंने दो बार हासिल किया था - एक बार श्रीलंका में और एक बार बांग्लादेश में। कैरी की पारी में धैर्य और सोची-समझी आक्रामकता देखने को मिली, क्योंकि उन्होंने 188 गेंदों पर 15 चौके और दो छक्के लगाए और 82.98 की शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की वापसी में अहम भूमिका निभाई, जब वे 91/3 पर मुश्किल स्थिति में थे और कप्तान स्टीव स्मिथ के साथ 239 रनों की साझेदारी कर मैच का रुख बदल दिया।

### दुबई में हुआ इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण

**दुबई(हि.स.)।** दुबई में आयोजित एक भव्य समारोह में इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह लीग दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटरों को एक मंच पर लाने का काम करेगी। आईएलसी का उद्घाटन सत्र 3 से 12 मार्च 2025 तक देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें अफ्रीका लायंस, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन एवेंजर्स, यूरो ग्लैडीएटर्स, कैरेबियन हरिकेन्स और ट्रांस टाइटन्स नाम की छह टीमें हिस्सा लेंगी। इस ट्रॉफी के अनावरण समारोह का आयोजन लीग के आधिकारिक प्रबंधक 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। लीग के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए आईएलसी के सीईओ प्रदीप सांगवान ने कहा, "यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि दुनिया भर के खेल प्रेमियों को जोड़ने का माध्यम है। भारत से शुरू होकर यह लीग विभिन्न महाद्वीपों की यात्रा करेगी और प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट को एक नई दिशा देगी।" दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार बल्लेबाज हर्शेल गिब्स ने कहा, "आईएलसी बाकी लीगों से इसलिए अलग है क्योंकि इसमें विभिन्न महाद्वीपों की टीमें शामिल हैं। यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव कराएगा और दर्शकों को बेहतरीन क्रिकेट का रोमांच देगा।"

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले टीम इंडिया कटक पहुंची

# इंग्लैंड के साथ भारत का दूसरा वनडे मुकाबला आज

**कटक(आईएएनएस)।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम इंडिया शनिवार सुबह बाराबती स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले कटक पहुंची। मेजबान टीम ने तीन मैचों की सीरीज की शानदार शुरुआत की और नागपुर में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया। बीसीसीआई के आधिकारिक एक्स हैंडल ने नागपुर से कटक तक भारतीय टीम की यात्रा का एक वीडियो पोस्ट किया। टीम पहले भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर उतरी और फिर बस से अपने होटल पहुंची। ओडिशा की राजधानी पहुंचने पर भारतीय टीम के खिलाड़ियों का प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया। वीडियो में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने भुवनेश्वर के लिए उड़ान भरने से पहले एक बच्चे को ऑटोग्राफ भी दिया। सीरीज के पहले मैच में शुभमन गिल ने 87 रन बनाए और भारत की 249 रनों की लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत में प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान जीता। मेजबान टीम को सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली की सेवाएं नहीं मिली, जो दाहिने घुटने में दर्द के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। हालांकि, रविवार को सीरीज का दूसरा मैच खेलने की उम्मीद है। "यह कोई गंभीर बात नहीं है। कल अभ्यास के दौरान वह ठीक थे, लेकिन आज सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन देखी गई।''गिल ने पहले वनडे के बाद कहा, "वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे के लिए वापस आएंगे।" अगर कोहली वापस आते हैं, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि प्लेइंग 11 में सीनियर प्रो को शामिल करने के लिए यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल में से किसे बेंच पर बैठाया जाएगा। जायसवाल अपनी पहली पारी में तीन चौकों सहित 15 रन से आगे नहीं बढ़ पाए, जबकि अय्यर (59) और अक्षर (52) दोनों ने पिछले मुकाबले में अर्धशतक जड़े थे। भारत और इंग्लैंड बाराबती स्टेडियम में वनडे में पांच बार भिड़ चुके हैं, जिसमें से तीन में इंग्लैंड ने जीत दर्ज की और दो बार भारत ने जीत हासिल की। फरवरी 2025 तक, बाराबती स्टेडियम ने 21 वनडे मैचों की मेजबानी की है, जिनमें से 19 में भारत शामिल था। भारत ने इनमें से 12 गेम जीते हैं और सात हारे हैं। इस स्थल पर सर्वोच्च टीम स्कोर 381/6 है, जो भारत ने 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था, जबकि सबसे कम पूरी की गई पारी 85 ऑल आउट है, जो दक्षिण अफ्रीका ने 1993 में भारत के खिलाफ बनाया था।



सीरीज के पहले मैच में **शुभमन गिल** ने **87** रन बनाए और **भारत की 249** रनों की लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत में प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान जीता।

## सूर्यकुमार यादव के बल्ले को भी लगा ग्रहण



**कोलकाता।** भारतीय वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा फॉर्म से जूझ रहे हैं। टेस्ट के बाद रणजी ट्रॉफी में वह फेल रहे। भारत के लिए वनडे मैच में भी उनका बल्ला नहीं चला। वहीं टी20 के भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का भी हाल कुछ ऐसा ही है। घरेलू क्रिकेट में फेल होने के बाद सूर्या इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं चले। उससे पहले साउथ अफ्रीका दौरे पर भी उनके बल्ले से रन नहीं निकले थे।

**रणजी में सस्ते में हुए आउट**

रणजी ट्रॉफी 2024-25 सीजन का क्वार्टर फाइनल मुकाबले शुरू हो गए हैं। कोलकाता के ईडेन गार्डन्स पर मुंबई की भिड़ंत हरियाणा से हो रही है। मैच के पहले दिन सूर्यकुमार यादव का बल्ला नहीं चला। वह 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। 9 रन बनाकर सूर्या सुमित कुमार की गेंद पर बोल्ड हुए। अंदर आती गेंद पर उनका स्टंप कुछ फीट दूर जाकर गिरा। अपनी पारी में भारतीय टी20 टीम के कप्तान ने दो चौके मारे।

**आखिरी 9 टी20 में सिर्फ 54 रन**

भारत के लिए आखिरी 9 टी20 इंटरनेशनल मैच में सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 54 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत सिर्फ 6.75 का रहा। उनकी सबसे बड़ी पारी 21 रनों की रही। इंग्लैंड के खिलाफ सूर्या ने 5 मैच में 28 और साउथ अफ्रीका के खिलाफ चार मैच में 26 रन बनाए।

लीजेंड 90 लीग

### दिल्ली ने खड़ा किया लीग का सबसे बड़ा स्कोर



**रायपुर(आईएएनएस)।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेली जा रही लीजेंड 90 लीग का तीसरा दिन दिल्ली रॉयल्स के नाम रहा। दिल्ली ने लीग का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 195 रन बनाए, हालांकि राजस्थान की टीम ने इस लक्ष्य को भेदने की बहुत कोशिश की, लेकिन दिल्ली की गेंदबाजी के आगे उनकी एक न चली और टीम 41 रन से इस मैच को हार गई। सुबह 12 बजे से शुरू हुए इस मुकाबले में राजस्थान किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो शायद पिच के लिहाज से सही नहीं रहा। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली रॉयल्स शुरुआत से ही अलग अंदाज में नजर आई। दिल्ली के कप्तान शिखर धवन भी लय पकड़ते नजर आए, हालांकि उनकी पारी बहुत लंबी तो नहीं रही, लेकिन 5 चौकों के साथ 26 रन बनाकर उन्होंने टीम को एक सशक्त शुरुआत दी, लेकिन आज दिन था उनका साथ निभाने आए सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमन्स का। सिमन्स ने 39 गेंदों पर 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर राजस्थानी गेंदबाजी की कमर तोड़ के रख दी। जिसके बाद आए एंजेलो परेरा ने 24 गेंदों में 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से ताबड़तोड़ 54 रन बनाकर टीम को 195 रनों के विशालकाय स्कोर तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान किंग्स के सलामी बल्लेबाज फिल मस्टर्ड को परविंदर अवाना ने पहले ही ओवर चलता कर दिया, जिसके बाद गौरव तोमर (34), राजेश विश्नोई (31), रजत सिंह (48) और मनप्रीत गोनी (27) ने प्रयास तो किया, लेकिन उतना काफी नहीं था और टीम 41 रन से पीछे रह गई। शानदार बल्लेबाजी के लिए लेंडल सिमंस को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

### पैट कमिंस दूसरी बार बने पिता पत्नी बेकी ने दिया बेटी को जन्म



**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और पत्नी बेकी के घर दूसरे बच्चे के आगमन हो गया है। पैट और बेकी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी बेटी एडी की पहली झलक दुनिया के सामने पेश की। बेकी और पैट ने अपने संयुक्त पोस्ट में कहा- वह यहां है। हमारी खूबसूरत बच्ची, एडी शब्दों से बयान नहीं कर सकती कि हम इस वक्त कितना खुश और प्यार से भरा हुआ महसूस कर रहे हैंइस बीच, एडी के जन्म के कारण कमिंस ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे से चूक गए। बताया जा रहा है कि कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटों के कारण आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से चूक जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए हालात धीरे-धीरे खराब होते जा रहे हैं क्योंकि मिशेल मार्श की चोट और मार्कस स्टोइनिस के सदमे से संन्यास लेने के बाद, उनके तेज गेंदबाजी विकल्प कम हो गए हैं ।

## पाकिस्तान पीएम भी अपनी टीम से खुश नहीं, बोले- भारत को हराना चुनौतीपूर्ण



**लाहौर ।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी टीम के लिए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि 23 फरवरी को दुबई में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना वास्तविक चुनौती होगी। शरीफ ने नए सिरे से तैयार किए गए गद्दाफी स्टेडियम के उद्घाटन समारोह के दौरान शुक्रवार की रात को कहा कि भारत के खिलाफ उनके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शरीफ ने कहा कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनके सामने अब वास्तविक चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि दुबई में होने वाले मैच में हमारे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना होगा। पाकिस्तान की टीम को पूरे देश का समर्थन हासिल है। भारत और पाकिस्तान का क्रिकेट प्रतिद्वंदिता का लंबा इतिहास रहा है और भारतीय टीम ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 90 के दशक से ही दबदबा बनाए रखा है। पाकिस्तान ने आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में भारत के खिलाफ आखिरी जीत 2021 में दुबई में टी20 विश्व कप में हासिल की थी। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन के रूप में भाग लेगा। शरीफ ने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा अवसर है क्योंकि हम लगभग 29 साल के बाद किसी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहे हैं।



### भारत का निर्यात चालू वित्त वर्ष में छू सकता है 800 अरब डॉलर का आंकड़ा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत का निर्यात चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में 800 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। इसकी वजह देश के सभी सेक्टरों में मजबूत आर्थिक गतिविधि होना है। यह जानकारी सरकार द्वारा दी गई। यूनियन कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर, पीयूष गोयल ने कहा कि निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और पिछले चार सालों में इसमें काफी वृद्धि हुई है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा,"हम पहली बार 800 अरब डॉलर से अधिक निर्यात के साथ वित्तीय वर्ष समाप्त करेंगे। हालांकि, घरेलू स्तर पर उपलब्धता की कमी और उच्च मांग के कारण पेट्रोलियम उत्पाद, कोकिंग कोयला, दालें और खाद्य तेल जैसे कुछ उत्पादों का आयात करना जरूरी हैं। घरेलू खपत बढ़ने के साथ आयात में वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। वैश्विक बाजार में विभिन्न श्रेणियों में भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ने के कारण, देश का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 778 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह 466 बिलियन डॉलर था, जो कि 67 प्रतिशत की भारी वृद्धि है।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे हफ्ते बढ़ा, गोल्ड रिजर्व में भी हुआ इजाफा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 जनवरी को समाप्त हुए हफ्ते में 1.05 अरब डॉलर बढ़कर 630.607 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए डेटा में दी गई। पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.574 अरब डॉलर बढ़कर 629.557 अरब डॉलर हो गया था। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया कि हफ्ते के दौरान गोल्ड रिजर्व 1.1242 अरब डॉलर बढ़कर 70.893 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। स्पेशल ड्राइंग राइट्स (एसडीआर) 29 मिलियन डॉलर बढ़कर 17.889 अरब डॉलर पर पहुंच गए हैं। हालांकि, इस दौरान देश की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रिजर्व पोजीशन 14 मिलियन डॉलर गिरकर 4.141 अरब डॉलर पर आ गई है। पिछले साल सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने नवंबर 2024 में 8 टन सोना खरीदा है। आरबीआई के अलावा दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों ने इस दौरान सामूहिक रूप से 53 टन गोल्ड खरीदा है। आरबीआई अन्य केंद्रीय बैंकों की तरह ही सुरक्षित संपत्ति समझी जाने वाली गोल्ड में निवेश कर रहा है। गोल्ड को अधिक मात्रा में खरीदने की वजह महंगाई के खिलाफ हेजिंग करना और विदेशी मुद्रा के जोखिम को कम करना है। विशेषकर ऐसे समय जब दुनिया में अस्थिरता बढ़ रही हो।

# राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां आर्थिक वृद्धि को मजबूत करने का कर रही काम: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली,(आईएएनएस)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार की मौद्रिक और राजकोषीय नीतियां मिलकर काम कर रही हैं और मजबूत बजट एवं आरबीआई के हालिया फैसलों से बढ़ती अर्थव्यवस्था को और लाभ होगा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बैंक और सरकार के बीच अच्छा समन्वय रहा है और कोई भी एक-दूसरे के कार्य में दखल नहीं देता है। उन्होंने नई दिल्ली में बजट के बाद की परंपरागत बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मल्होत्रा के साथ आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल से मुलाकात की। मंत्री के अनुसार, इंडस्ट्री को खपत में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इस कारण से इंडस्ट्री अपनी क्षमता उपयोग को बढ़ाने पर विचार कर रही है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि मैं इसे सकारात्मक संकेत के रूप में देखती हूं और आरबीआई द्वारा रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती के फैसले से अर्थव्यवस्था को आवश्यक गति मिलेगी। वित्त मंत्री के मुताबिक, रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती बजट में खपत बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के पूरक के रूप में काम करेगी। इससे देश में मांग को बड़ा बूस्ट मिलेगा। आरबीआई ने संकेत भी दिया कि अगर सिस्टम में अधिक लिक्विडिटी डालने की आवश्यकता होती है तो जरूरी कदम उठाए जाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि मौद्रिक नीति संचरण प्रभावी बना रहे। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि बुनियादी सीमा शुल्क में बदलाव किसी वैश्विक घटनाक्रम की प्रतिक्रिया नहीं है और पिछले दो वर्षों से इस पर काम चल रहा था। उन्होंने कहा, "हम इंडस्ट्री की आवश्यकता के अनुसार टैरिफ सुरक्षा प्रदान करेंगे।"इंडस्ट्री लीडर्स को विश्वास है कि केंद्रीय बैंक और सरकार के समर्थन से उभरते बाजारों पर बढ़ते डॉलर के दबाव के बावजूद विदेशी मुद्रा बाजार में स्थिरता सुनिश्चित करना जारी रखेगा।



### कोयला आयात कम करना, घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर मुख्य फोकस : मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि कोयले के यात को कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। कोयला क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है और देश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। भारत के पास दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है और यह कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। देश की कुल ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत कोयले से पूरा होता है। देश में लगभग 74 प्रतिशत बिजली उत्पादन ताप विद्युत संयंत्रों (थर्मल पावर प्लांट) पर निर्भर है। इसलिए एक मजबूत और टिकाऊ कोयला क्षेत्र की जरूरत बनी रहती है, यह बात कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कही।

### दोपहिया वाहनों का दाम बढ़ाएगी हीरो मोटोकॉर्प, इस नए नियम की वजह से लिया फैसला

**नई दिल्ली।** अतिरिक्त हार्डवेयर की जरूरत की वजह से उत्सर्जन के नए मानदंड 'ओबीडी 2 चरण बी' के कारण देश में दोपहिया वाहनों की कीमतों में एक से दो प्रतिशत तक का मामूली इजाफा होगा। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी निदेशक (परिचालन) विक्रम कसबेकर ने आज यह जानकारी दी। ओबीडी 2 चरण बी (ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स 2 चरण बी) के मानदंड देश में वाहनों के लिए कार्बन उत्सर्जन निगरानी के ऐसे कड़े मानक हैं जो उत्सर्जन की तत्काल निगरानी और निदान क्षमताओं को बढ़ाते हैं। ये मानदंड इस साल 1 अप्रैल के बाद बनने वाले वाहनों पर लागू होंगे। 1 मई से कंपनी के कार्यवाहक मुख्य कार्याधिकारी का पदभार संभालने जा रहे कसबेकर ने कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान विश्लेषकों को बताया, 'जहां तक ओबीडी-2 चरण-बी का सवाल है, तो हम सही रास्ते पर हैं। यह पहले वाले से इस मायने में कुछ अलग है क्योंकि हम 31 मार्च तक निर्माण कर सकते हैं और उसके बाद उन वाहनों को बाजार में बेचा जा सकता है। हालांकि 1 अप्रैल से हमें ओबीडी-2 चरण-बी के अनुसार ही वाहनों का निर्माण करना होगा। हम सही रास्ते पर हैं और हम समयसीमा से पहले ही अपना पूरा फोलियो बदल देंगे।' उन्होंने कहा, 'वाहनों में लगाए जाने वाले अतिरिक्त हार्डवेयर की वजह से दामों में एक-दो प्रतिशत का मामूली इजाफा होने जा रहा है। यह समूचे उद्योग पर लागू होगा।'

### मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर कांग्रेस के दावे का भाजपा ने किया खंडन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मैन्युफैक्चरिंग पर कांग्रेस के दावों का खंडन करते हुए भाजपा ने कहा कि 2009 से 2014 के बीच देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की औसत वृद्धि दर मात्र 5.6 प्रतिशत थी। 2013-14 में यह 2012-13 के मुकाबले नकारात्मक 0.7 प्रतिशत थी। कांग्रेस के दावों का खंडन करने के लिए भाजपा द्वारा जारी फैक्टशीट में कहा गया कि कोरोना के बाद से देश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ है। कांग्रेस ने दावा किया था कि 2013-14 से मैन्युफैक्चरिंग की वृद्धि दर औसतन केवल 5.8 प्रतिशत रही है, जबकि एनडीए ने 12-14 प्रतिशत की वृद्धि दर का लक्ष्य रखा था।

### जनवरी में रिकॉर्ड ई-वे बिल जारी

**नई दिल्ली।** जनवरी में अब तक के सर्वाधिक 11.81 करोड़ ई-वे बिल जारी किए गए। वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) पोर्टल के मुताबिक जनवरी में ई-वे बिल में सालाना आधार पर 23.1 फीसदी की वृद्धि हुई। ई-वे बिल या इलेक्ट्रॉनिक परमिट किसी राज्य में या दो राज्यों व्यापार के लिए वस्तुओं की आवाजाही के लिए होता है। इससे पहले बीते साल अक्टूबर में त्योहारी मौसम के कारण सर्वाधिक ई-वे बिल 11.7 करोड़ था। दिसंबर में ई-वे बिल दूसरे उच्चतम स्तर 11.2 करोड़ पर पहुंचा था। ई-वे बिल 50,000 रुपये या उससे अधिक मूल्य के सामान की आवाजाही के लिए अनिवार्य हैं। लिहाजा ये बिल अर्थव्यवस्था में मांग और आपूर्ति के शुरुआती संकेतक हैं। यह अक्सर व्यापक आर्थिक संकेतकों में थोड़े अंतराल के साथ दिखते हैं।

### टाटा मोटर्स ने गुवाहाटी में शुरू की पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा

**गुवाहाटी (आईएएनएस)।** टाटा मोटर्स ने शनिवार को पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा को लॉन्च किया। इसकी वार्षिक 15,000 वाहनों को सुरक्षित रूप से नष्ट करने की है। इसमें कार को नष्ट करने के लिए टिकाऊ और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाएगा। इस सुविधा को टाटा मोटर्स के साझेदार एक्सोम प्लैटिनम स्क्रैपर्स द्वारा संचालित किया जाएगा है और यह सभी ब्रांडों के यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को स्क्रैप करने के लिए सक्षम है।

## बिरसा मुंडा चौक के पास नाली निर्माण में अनियमितता, घटिया सामग्री का इस्तेमाल



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड के पीडब्ल्यूडी सड़क, बिरसा मुंडा चौक से 500 मीटर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता सामने आई है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सीमेंट की मात्रा कम और बालू अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही, घटिया गुणवत्ता वाले मिट्टी मिश्रित बालू का प्रयोग किया जा रहा है।

योजना स्थल पर कोई विभागीय बोर्ड भी नहीं लगा है, जिससे लागत और जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी नहीं मिल पा रही। निर्माण कार्य बिना किसी इंजीनियर की देखरेख में मनमाने ढंग से किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि पीसीसी ढलाई 4 इंच की जगह सिर्फ 2 इंच की जा रही है। इसके अलावा, निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से हो रहा है।

इस संबंध में पूछे जाने पर विभागीय एसडीओ विजय बखला ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी।

### पलामू टाइगर रिजर्व से विस्थापित ग्रामीणों के पुनर्वास पर अहम बैठक

# पुनर्वास की रणनीति पर चर्चा मूलभूत सुविधाओं के विकास पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गारू प्रखंड के वन विश्रामागार, मारोमार में बैठक आयोजित हुई, जिसमें पलामू टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बसे कुजरूम और लाटू गांवों के ग्रामीणों के पुनर्वास पर मंथन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत अंतर्गत लाई और पाइलापत्थर गांवों में विस्थापित परिवारों को बसाया जाएगा। पुनर्वासित परिवारों को भूमि और मुआवजा राशि प्रदान करने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, नए बसावट क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास पर जोर दिया गया।



बैठक में उप निदेशक (पलामू व्याघ्र परियोजना) कुमार आशीष, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, गोपनीय प्रभारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, गारू, सरयू और बरवाडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने अधिकारियों को पुनर्वास कार्य में तेजी लाने और विस्थापित परिवारों को जल्द से जल्द सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।

## कृषिकों को मिला उन्नत खेती का प्रशिक्षण

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** शनिवार को पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित कृषि सुरक्षा कार्यक्रम योजना 24-25 के तहत पंचायत स्तरीय 30 किसानों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू उपस्थित थे। प्रशिक्षण में किसानों को उन्नत खेती व बेहतर फसल से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गई। साथ ही फसल लगाने से फसल कटाई तक कौन-कौन से चीजों पर सावधानियां बरतनी चाहिए एवं फसल में लग रहे कीट पतंगों से उपचार करने करने की जानकारी ट्रेनर राकेश प्रसाद द्वारा दिया गया। वहीं ट्रेनर मोहम्मद असलम ने डिजिटल प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत रुप से जानकारियां भी दी। साथ ही तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। मौके पर पूर्व मुखिया मेघन दांगी, एटीएम रवि कुमार, समाजसेवी नरेश प्रसाद, कृषक मित्र रविंद्र दांगी, राजकुमार दांगी, पुष्पा देवी, रंजय कुमार व किसान उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने मैट्रिक परीक्षा केंद्र पीएम श्री मध्य विद्यालय और प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल, शौचालय और लाइट की सुविधाएं दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिद्धेश्वर पांडेय, ब्रजेश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### आरा शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 10 मार्च को

**बालूमाथ।** आरा ग्राम में पिछले 5 वर्षों से बन रहे मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 10 मार्च को होगा। इससे पहले, 8 मार्च को कलश यात्रा और यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय ग्रामवासियों की एक बैठक में लिया गया। बैठक में राजेश राम, विनोद गंझू, खेमालाल गंझू, मुकेश राम, संजय राम, राजेंद्र राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर लातेहार में जश्न



**लातेहार।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर लातेहार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल उड़ाकर और मिठाई बांटकर जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने बता दिया कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 10 सालों में कोई विकास कार्य नहीं किया। भाजपा जिला महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने दिखा दिया कि झूठ ज्यादा दिनों तक नहीं टिकता। इस अवसर पर भाजपा नेता रामदेव सिंह, अनिल सिंह, राकेश कुमार, समृत पासवान, वीरेंद्र प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चैनपुर प्रखंड और अंचल में भ्रष्टाचार चरम पर, उप प्रमुख ने की कार्रवाई की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड और अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। सरकारी कर्मी मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं और आम जनता को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। यह आरोप चैनपुर प्रखंड के उप प्रमुख सुनील सिंह ने पंचायत समिति की बैठक में लगाए। शनिवार को प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुनील सिंह ने कहा कि यदि अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी भ्रष्टाचार बंद नहीं करते हैं, तो पंचायत समिति के सदस्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन और तालाबंदी करेंगे। मोटेशन, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र बनाने के लिए आम जनता से अवैध रूप से भारी भरकम राशि वसूली जा रही है। सरकारी कर्मचारी समय पर ड्यूटी पूरी नहीं कर रहे हैं, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। बालू के कार्य संचालन में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि यदि 10 दिनों के भीतर हमारी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम सभी सदस्य और जनप्रतिनिधि मिलकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। लालजी चौधरी, सरिता देवी, कविता देवी, सोनी देवी, सुकुल रवि, वसीद अंसारी, अमरजीत कुमार सहित कई अन्य पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

## परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**हुसैनाबाद।** झारखंड वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। कार्यपालक दंडाधिकारी (आई) अनंत कुमार झा ने आदेश जारी कर परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। आदेश के अनुसार, 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक, प्रत्येक परीक्षा तिथि को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पूर्व से लेकर समाप्ति के दो घंटे बाद तक धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में पाँच या अधिक व्यक्तियों का एकत्रित होना वर्जित रहेगा। कोई भी व्यक्ति लाइसेंसी शस्त्र, तेज हथियार, लाठी-डंडा, भाला आदि लेकर परीक्षा केंद्र के आसपास नहीं घूम सकेगा। लाउडस्पीकर या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों पर लागू नहीं होगी।

# पुलिस ने विष्णु साव हत्याकांड के तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने शनिवार को टंडवा थाना क्षेत्र के लेंबुआ गांव निवासी विष्णु साव हत्याकांड के तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में टंडवा थाना क्षेत्र के लेंबुआ निवासी रोहित कुमार साहू पिता रघु साव, सदर थाना क्षेत्र के सिन्दुवारी बधार निवासी राजू पासवान पिता बोधन पासवान और सदर थाना क्षेत्र के ही सलैया-बधार गांव के दीपक कुमार उर्फ छोटू पिता पोखन साव का नाम शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से लकड़ी व लोहा का बना नकली दो नाली बंदूक, दो कैमोफ्लेज कारतूस रखने वाला पाउच, 1 उनी टोपी, 1 स्वेटर, गमछा एक पीस, जूता एक जोड़ी, दो टोपी, 1 पाजामा, 1 बांस का बेट लगा टांगी और दो स्मार्ट मोबाईल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने प्रेसवार्ता कर उपरोत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 फरवरी को चंदन कुमार पिता स्व. भुनेश्वर साव के लिखित आवेदन पर ब्रजेश गंझू, आक्रमण गंझू, भीखन गंझू, राजेश दुरी सहित अन्य 11 के विरुद्ध टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें आरोप है कि इनके पिता की हत्या उक्त उग्रवादी एवं अन्य लोगों द्वारा किया गया है। उक्त कांड के उदभेदन के लिए एसडीपीओ टंडवा के नेतृत्व एक विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। 7 फरवरी को पुलिस को गुप्त सूचना मिली की उक्त कांड में संलिप्त अपराधी रांची में छिप कर रह रहे हैं। इसके बाद गठित टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए उक्त कांड में संलिप्त तीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। एसपी ने बताया कि रोहित कुमार साहू, केरेडारी थाना के कांड और राजू पासवान के विरुद्ध कटकमदाग थाना में मामला दर्ज है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, एसडीपीओ सिमरिया प्रदीप कुमार, टंडवा थाना प्रभारी उमेश राम, सिमरिया अंचल पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक, एसआई दिलेश्वर कुमार, आरक्षी प्रकाश कुमार यादव तकनीकी शाखा, आरक्षी विरेन्द्र कुमार यादव, तकनीकी शाखा आदि शामिल थे।



# मुख्य नहर का जलप्रवाह बंद करने से जलस्तर गिरा

## गेहूं के पटवन में किसानों के समक्ष परेशानी बढ़ी



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** रबी फसलों में खासकर, गेहूं के पटवन को लेकर किसानों के समक्ष परेशानी खड़ी है। इसकी वजह किसान मुख्य नहर के जलप्रवाह का बंद होना बताते हैं। किसानों का कहना है कि लाइनिंग वर्क को लेकर नवंबर माह से ही मुख्य नहर का जलप्रवाह बंद कर दिया गया है। इस कारण नहरी इलाके में रबी फसलों की बोवाई नहीं की जा सकी। जबकि लाइनिंग का वर्क भी नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में नहरी इलाके के किसानों को रबी फसलों की बोवाई नहीं कर पाने से भारी नुकसान और मैदानी इलाकों के उन किसानों को पटवन को लेकर परेशानी झेलनी पड़ रही है, जिन्होंने वैकल्पिक संसाधनों से गेहूं की बोवाई की है।

### ऊपरी नहर निर्माण और काशीसोत डैम की वितरणियों का विकास ही विकल्प

पूर्व मुखिया पंचम खान, उपमुखिया नीलेश सिंह सहित अन्य कई किसानों का कहना है कि भीमबराज से निकली नहर से इसके दाहिनी ओर के खेतों की सिंचाई संभव नहीं हो सकता है। इस इलाके की पर्याप्त सिंचाई के लिए जीरो आरडी से ऊपरी नहर का निर्माण और काशीसोत डैम की वितरणियों का विकास ही विकल्प है। जबतक इस दिशा में कारगर उपाय नहीं किया जाता है, तबतक इस इलाके के किसानों के आत्मनिर्भर बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता है।

### ऊपरी क्षेत्र का जलस्तर प्रभावित

किसान रामजन्म राम, कृष्णा यादव, कमलेश मेहता एवं अन्य का कहना है कि मुख्य नहर का जलप्रवाह बंद होने से ऊपरी क्षेत्र का जलस्तर गिर गया है। ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र के किसानों को कुंआ अथवा बोरिंग से लगातार सिंचाई कर पाना संभव नहीं हो रहा है। घंटे आधे घंटे में ही कुंआ अथवा बोरिंग का पानी कम पड़ जाती है। अभी गेहूं के फसल की एक पखवाड़े के अंतराल में कम से कम तीन बार पटवन करनी होगी। इसमें पूरा मार्च खत्म हो सकता है। तबतक जलस्तर की क्या स्थिति रहेगी, सहज ही समझा जा सकता है।

## हर साल की भांति इस साल भी राजकीय इटखोरी महोत्सव का भव्य आयोजन होगा : उपायुक्त

### आयोजन सफल बनाने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिए निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन परिषद चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में हुई। बता दें कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरकार द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार 19, 20, 21 फरवरी 2025 को किया जाना है। बैठक में महोत्सव के भव्य एवं सफलता पूर्वक आयोजन हेतु कलाकारों के चयन, मंदिर परिसर के रंगरोगन, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई समेत कई अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही पूर्व में हुए आयोजन के बारे में उपायुक्त ने सभी से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा हर साल की भांति इस साल भी राज्यकीय इटखोरी महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन के लिए आप सभी प्रशासन का सहयोग करें। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, विधायक सिमरिया उज्ज्वल दास, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य, मंदिर प्रबंधन न्यास बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### कृषि के क्षेत्र...

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित के लिए कई योजनाओं को संचालित कर रही है। उन्होंने कहा, मैं खेती-कृषि परिवार से ही आता हूं। पहले हमारे गांव में गन्ने की खेती होती थी, हम लोगों ने खेतों में उगाए गए गन्ने से गुड़ बनते हुए देखा है, लेकिन अब गन्ने की खेती नहीं के बराबर हो रही है। इसके कई कारण हो सकते हैं। बहुत किसान ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपने खेतों में कृषि कार्य करना छोड़ दिया है। हमारे राज्य में खेती करने योग्य जमीन की कमी है। राज्य में खेती योग्य भूमि को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अब कई जगहों पर पाइप लाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार लिफ्ट इरीगेशन की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में कृषि के क्षेत्र में सकारात्मक विकास के लिए बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (बीएयू) एवं राज्य सरकार को साथ चलकर कार्य करने की जरूरत है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए एक बेहतर और मजबूत कार्य योजना बनाई जाएगी। किसान वर्ग के लोग अधिक से अधिक पैदावार कर सकें और उन्हें बाजार भी उपलब्ध कराया जा सके, ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। इन सभी चीजों पर विचार-विमर्श करते हुए एक बेहतर पॉलिसी बनाने को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से यहां के कृषकों को क्या लाभ मिल रहा है, आने वाले समय में और क्या लाभ दिया जा सकेगा, इस निमित्त ब्लूप्रिंट बनाई जाए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य गण्यमान्य अतिथियों ने इस अवसर पर बिरसा कृषि मार्गदर्शिका-2025 पुस्तक का विमोचन किया। मौके पर मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने एग्रोटेक किसान मेला में लगे स्टॉल का परिभ्रमण कर उद्देश्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हॉल एवं वन औषधि द्रव्य प्रदर्शनी दीर्घा का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के शुरू में स्वागत भाषण करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पदाधिकारियों के शत प्रतिशत पद, शिक्षकों-वैज्ञानिकों के 80 प्रतिशत, कृषि विज्ञान केंद्रों के 70 प्रतिशत तथा शिक्षकेतर कर्मियों के 60 प्रतिशत पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं, जिससे संस्था का कामकाज प्रभावित हो रहा है। भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, नामकुम के निदेशक डॉ सुजय रक्षित ने कहा कि झारखंड में अवस्थित आइसीएआर के संस्थान और बीएयू के वैज्ञानिक राज्य के कृषि क्षेत्र की बेहतरी के लिए एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ जगरनाथ उरांव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री तथा एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। संचालन शशि सिंह ने किया। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ सुजय रक्षित, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ जगरनाथ उरांव सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### दिल्ली में फिर...

राजकुमार चौहान, मोहन सिंह बिष्ट चुनाव जीत गए हैं। वहीं, रमेश बिधूड़ी कालकाजी सीट से हार गए हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में वर्ष 1993 में विधानसभा बनने के बाद पहले चुनाव में भाजपा जीती थी। वर्ष 1998 से भाजपा सत्ता से बाहर हो गई। वर्ष 1998, 2003 एवं 2008 में दिल्ली में शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार बनी। वर्ष 2013 के चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला। 32 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ा दल बनी। उसके मना करने पर आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाई। वह सरकार केवल 49 दिन चल पाई। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को 67 और भाजपा को तीन और 2020 के चुनाव में आम आदमी पार्टी को 62 और भाजपा को 08 सीटें मिली थीं।

### विकास जीता सुशासन...

जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो। पीएम मोदी ने अगले ह्यएक्सह्न पोस्ट में लिखा, मुझे भाजपा के हर एक कार्यकर्ता पर गर्व है। उन्होंने बहुत मेहनत की है, जिसके कारण यह उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुआ है। हम और भी अधिक जोश से काम करेंगे और दिल्ली की अद्भुत जनता की सेवा करेंगे।

### आउटसोर्सिंग समर्थकों व...

रहना मुश्किल हो गया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री, बीसीसीएल प्रबंधन, डीसी, एसएससी, एसडीएम सभी को लिखित शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसे लेकर ग्रामीण पत्र के माध्यम से आउटसोर्सिंग कार्य को बंद करने की चेतावनी दी गई थी। इसे लेकर आउटसोर्सिंग प्रबंधन के गुंडों द्वारा ग्रामीणों पर हमला किया गया, जिससे माहौल खराब हुआ।

वहीं, घटना की सूचना मिलते ही सीओ प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों और कंपनी के बीच विवाद के कारण कुछ बाइक जला दी गई हैं, मामले की जांच की जा रही है।

**रजत जयंती**

## टॉवर झूला, नाव झूला, ब्रेक डाउन झूला होंगे आकर्षण के केंद्र

# सतबहिनी झरना तीर्थ में 11 दिनी मेला की तैयारी शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में माघ पूर्णिमा से 11 दिनों के मेला की तैयारी शुरू हो गई। इस दौरान नालंदा की कंपनी द्वारा झूला लगाए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही विभिन्न दुकानों का रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। मालूम हो कि मानस महायज्ञ के अवसर पर माघ पूर्णिमा से सतबहिनी झरना तीर्थ में प्रतिवर्ष 11 दिनों का मेला लगता है, जिसमें स्थानीय व्यापारियों के साथ अन्य कई जिलों व दूसरे राज्यों के व्यापारी मेला में अपनी दुकान सजाते हैं। वहां लाखों काफी संख्या में दूर-दूर से आने वाले पर्यटक 11 दिनों तक जमकर खरीदारी करते हैं। मां सतबहिनी झरना तीर्थ व पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में 13 फरवरी से 23 फरवरी तक मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह के मौके पर 11 दिनों का मेला लगेगा। मेला की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। इन दिनों सतबहिनी झरना तीर्थ के मेला मैदान में बिहार राज्य के नालंदा जिला की कंपनी बड़ा झूला लगा रही है। इस दौरान टॉवर झूला, नाव झूला, ब्रेक डाउन झूला, ड्रैगन ट्रेन, मिकी माउस, थ्री इन वन झूला, स्कॉर्पियो झूला, जादू शो आदि की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। मेला के व्यवस्थापक ज्वाला प्रसाद ने कहा कि 13 फरवरी से मानस महायज्ञ के साथ मेला की शुरूआत होगी। बड़े झूले के लिए कई दिन पहले से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस झूला कंपनी के पास बच्चों के साथ बड़ों के मनोरंजन की भी भरपूर व्यवस्था है। यहां पहुंचने पर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया जाएगा। यह कंपनी जहां भी जाती है लाखों की संख्या में लोग झूले का आनंद लेने के लिए उमड़े पड़ते हैं। मेले की जानकारी देते हुए समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि मेले में भीड़ बढ़ने के बाद व्यवस्थित ढंग से मेले का कार्यक्रम सफल नहीं हो पाता। मेला को सुव्यवस्थित बनाए जाने को लेकर इस वर्ष पहले से ही तमाम व्यवसाइयों को उनकी दुकान के लिए स्थान आवंटन व लिखित रूप में उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय एवं दूर-दूर के विभिन्न तरह की दुकान लगाने वाले व्यापारियों को यह सूचना दी गई है कि सतबहिनी झरना तीर्थ में पहुंचकर समिति से संपर्क करके अपना स्थान आवंटन एवं दुकान का रजिस्ट्रेशन करा लें। उन्हें रजिस्ट्रेशन के दौरान दुकान की क्रम संख्या, आवंटित स्थान का आकार, दुकानों की कतार की संख्या व उनके लिए निर्धारित पर्यटन स्थल विकास शुल्क का विवरण स्पष्ट रूप से लिखा रहेगा। जिसे कमेटी को दिखाने के बाद ही वह अपनी दुकान लगा सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के दौरान उन्हें बताए गए नियमों व प्रावधानों का अक्षरशः पालन करना होगा। सफाई और शांति व्यवस्था की उनकी जिम्मेवारी निभानी होगी। निर्धारित शुल्क हर हाल में उल्लेखित तिथि को भुगतान करना होगा। पिछले मेला में हुई अव्यवस्था को देखकर ही समिति की बैठक में नियम व प्रावधान तय किए गए हैं।



## ट्रेन से कटकर युवती की मौत, ससुर ने की शव की पहचान

**हैदरनगर।** हैदरनगर रेलवे स्टेशन व रेलवे क्रॉसिंग के बीच ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवती की मौत शुक्रवार की रात करीब 8. 40 बजे हो गई है। इसकी सूचना मिलने पर स्टेशन प्रबंधक ने आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया। किन्तु दूसरे दिन शनिवार को फोटो को देख पतरिया गांव निवासी विजय राम ने स्टेशन पहुंचकर शव का पहचान जीआरपी थाना मेदिनीनगर की पुलिस के समक्ष किया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि उक्त युवती उनके अपाहिज पुत्र प्रताप चंद्र की पत्नी पूनम देवी है। जो मानसिक रुप से विक्षिप्त थी। मृतका दो पुत्र और दो पुत्री भी छोड़ गई है। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## कांग्रेस ने दिल्ली में लगाई 'जीरो' की डबल हैट्रिक

# देशहित नहीं, अर्बन नक्सलवाद की कर रही राजनीति : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर करारा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अपने सहयोगियों को एक-एक कर खत्म कर रही है और उनका यह तरीका काफी दिलचस्प है। आज की कांग्रेस अपने सहयोगियों की भाषा और एजेंडा चुराने में लगी है। वे उनके मुद्दों को हाईजैक कर लेते हैं और फिर उनके वोट बैंक में घुसपैठ करते हैं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस उस वोट बैंक को छीनने की कोशिश कर रही है, जिसे समाजवादी पार्टी और बसपा अपना मानती हैं। मुलायम सिंह यादव इस बात को अच्छी तरह समझते थे। तीन लोकसभा और तीन विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने एक बार फिर कांग्रेस को कड़ा संदेश दिया है। दिल्ली के चुनाव में कांग्रेस ने 'जीरो' की डबल हैट्रिक लगाई है। देश की राजधानी में, देश की सबसे पुरानी पार्टी का लगातार दिल्ली में छह बार से खाता नहीं खुल रहा है। यही स्थिति जम्मू-कश्मीर और बंगाल में हुई है, जहां कांग्रेस ने अपने सहयोगियों के साथ ऐसा ही व्यवहार किया है। आज दिल्ली में भी यह साफ हो गया है कि जिसने भी कांग्रेस का हाथ थामा, उसका विनाश तय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अब वैसी पार्टी नहीं रही। देशहित में काम करने की बजाय वह शहरी नक्सलवाद की राजनीति में लगी हुई है। कांग्रेस की शहरी नक्सली मानसिकता लगातार देश की उपलब्धियों पर हमला करती है। वह पूरी दुनिया में अपनी ही सोच का आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक निजाम लाना चाहती है। जब कांग्रेस में अर्बन नक्सलियों का डीएनए घुस गया है, तब ये कांग्रेस हर कदम पर बर्बाद हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति का अध्ययन करने वालों के लिए मैं आज एक काम छोड़ रहा हूं। देखिए कि कैसे 2014 के बाद उन्होंने हिंदू दिखने की कोशिश में पांच साल बिताए। मंदिरों में जाना, माला पहनना, पूजा करना जैसे प्रयास किए। उन्हें लगा कि इससे उन्हें बीजेपी के वोट बैंक में सेंध लगाने में मदद मिलेगी, लेकिन उनकी योजना विफल रही। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने वह रास्ता छोड़ दिया है। उन्हें एहसास हो गया है कि यह बीजेपी का क्षेत्र है और वे इसमें कदम नहीं रख सकते।




*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने संकल्प लिया है कि यमुना को दिल्ली शहर की पहचान बनाएंगे। यह काम कठिन है और लंबा है। उन्होंने कहा, "हम मां यमुना की सेवा के लिए हर प्रयास करेंगे, पूरे सेवाभाव से काम करेंगे।*

## हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली लोस चुनाव के बाद पीएम मोदी की अगुवाई में भाजपा की बेहतरीन वापसी

आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली चुनाव में करारा झटका लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को यहां प्रचंड जीत मिली है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में भाजपा के हिस्से में 48 सीटें आई हैं। इस जीत में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की अग्रणी भूमिका है। इस जीत के लिए चुनाव प्रचार की कमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने थाम रखी थी। पीएम मोदी की भी कई रैलियां दिल्ली में हुईं। इसके साथ ही भाजपा के स्टार प्रचारकों की भी सूची इस बार लंबी थी और सबने मिलकर इस जीत की कहानी लिखी। दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी 'आप' के 10 साल के शासन का भी यह लिटमस टेस्ट था, जिसमें वह पूरी तरह से फेल हुए हैं। इससे पहले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिस तरह का झटका लगा था, वह पार्टी के लिए पचा पाना मुश्किल हो रहा था। एनडीए को भले पूर्ण बहुमत मिल गया।


## जब-जब नारी पर अन्याय हुआ, तब-तब भगवान ने दोषियों को दी कड़ी सजा : स्वाती मालीवाल

**मुंबई (आईएएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूर्ण बहुमत की ओर बढ़ रही है। चुनाव आयोग के ताजा नतीजों के अनुसार, भाजपा ने अब तक 13 सीटें जीत ली हैं और 34 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, जिससे उसका कुल आंकड़ा 47 तक पहुंचता दिख रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) ने 11 सीटों पर जीत दर्ज की है और 12 सीटों पर आगे चल रही है, जिससे उसे कुल 23 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस इस चुनाव में कोई सीट नहीं जीत पाई, जिससे उसका खाता भी नहीं खुला। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी की हार पर प्रतिक्रिया देते हुए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा।




## जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता : अमित शाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। भाजपा कार्यालयों में जश्न शुरू हो चुका है। नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पटखनी दी है। भाजपा ने 45 से ज्यादा सीटों पर अपनी बढ़त बनाई हुई है या जीत चुकी है। इस शानदार प्रदर्शन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली भाजपा को बधाई दी है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, "दिल्लीवासियों ने बता दिया कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता। जनता ने अपने वोट से गंदी यमुना, पीने का गंदा पानी, टूटी सड़कें, ओवरफ्लो होते सीवरों और हर गली में खुले शराब के ठेकों का जवाब दिया है। दिल्ली में मिली इस भव्य जीत के लिए अपना दिन-रात एक करने वाले भाजपा दिल्ली के सभी कार्यकर्ताओं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को हार्दिक बधाई देता हूं।



## 'आपदा' मुक्त हुई राजधानी अब देश में मोदी और दिल्ली में भी मोदी : अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने दिल्ली की जनता का आभार जताते हुए कहा कि राजधानी को आपदा से मुक्ति मिल चुकी है। अनुराग ठाकुर महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज मौजूद थे। उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा- अब देश में मोदी और दिल्ली में भी मोदी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शुरुआती रुझानों में पूर्ण बहुमत हासिल किया है, वहीं आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हार मिली है। मनीष सिसोदिया भी जंगपुरा सीट से चुनाव हार चुके हैं। कुल मिलाकर यह रुझान भाजपा के लिए बहुत उत्साहित करने वाले हैं और पार्टी 27 साल बाद राजधानी में सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। इस पर महाकुंभ में मौजूद अनुराग ठाकुर ने आईएएनएस से कहा, "दिल्ली की जनता का आभार जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी को शानदार जीत दी है। आम आदमी पार्टी के पाप का घड़ा भर चुका था। दिल्ली विकास के लिए तरस और तड़प रही थी।



## हरियाणा से सटी सीटों पर भाजपा की बल्ले-बल्ले, 'आप' को भारी नुकसान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। कई ऐसी विधानसभा सीटें हैं, जिसकी सीमा हरियाणा के साथ है। इन सीटों पर हरियाणा की राजनीति का असर भी देखा जाता है। इनमें ज्यादातर सीटों पर भाजपा ने वापसी की है। नरेला विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार राज करण खत्री चुनाव जीत गए हैं। उन्हें कुल 87,215 वोट मिले हैं। उन्होंने आप के शरद कुमार को 8,596 मतों से पराजित किया है। बवाना सीट से भाजपा के रविंदर इंद्राज सिंह 31,759 वोटों से आगे चल रहे हैं जबकि एक राउंड की गिनती बाकी है। मुंडका विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी गजेन्द्र द्राल 10,280 मतों से बढ़त बनाए हुए हैं। इस सीट पर भी एक राउंड की गिनती बाकी है। हरियाणा से सटी नजफगढ़ विधानसभा सीट पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। यहां मुख्य मुकाबला बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच था।



## इन नतीजों से केजरीवाल को चिंतन करने की जरूरत : हरदीप पुरी

दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता वापसी हुई है। खबर लिखे जाने तक भाजपा ने 30 सीटों पर जीत हासलि की थी और 18 पर बढ़त बनाए हुए थी। आम आदमी पार्टी ने 15 सीटों पर जीत दर्ज की और 7 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस को इस चुनाव में कोई सीट नहीं मिली। आम आदमी पार्टी की इस हार पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि अब केजरीवाल को अपनी पार्टी के भवष्यि के बारे में चंतिन करना चाहिए कि उसका अस्तित्व बचेगा या नहीं। आईएएनएस से बात करते हुए मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, "इस जीत पर मैं सभी को बधाई देना चाहता हूं। इन नतीजों के आलोक में केजरीवाल को आत्ममंथन करने की जरूरत है कि वह अपनी पार्टी का अस्तित्व बचा पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा, "केजरीवाल को यह भी देखना होगा कि इस हार के बाद क्या वह पूर्व की भांति ही रिमोट कंट्रोल से पंजाब की सरकार चला पाएंगे या नहीं। इसका पता आगे लग जाएगा। हरदीप पुरी ने कहा कि आप का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुआ था। केजरीवाल को जनता की बड़ी अच्छी प्रतिक्रिया भी मिली थी। लेकिन अब लगता है कि उनकी पार्टी इतिहास का हिस्सा बन जाएगी। इंडी गठबंधन के भीतर भी बहुत लड़ाइयां हैं।



## 'भाजपा हमें इस जीवनकाल में नहीं हरा सकती' हार के बाद केजरीवाल का पुराना वीडियो वायरल

आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली चुनाव के नतीजों में करारा झटका लगा है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह दावा कर रहे हैं कि 'भाजपा हमें इस जीवनकाल में नहीं हरा सकती। वीडियो में अरविंद केजरीवाल का 2023 का दावा फिर से सामने आया है और दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद यह वायरल हो गया है। दरअसल, अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली विधानसभा सीट पर भाजपा के प्रवेश वर्मा के हाथों करारी हार मिली है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का जिक्र करते हुए केजरीवाल कहते हुए सुने जा सकते हैं।

## विश्वास और प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का आभार : जयशंकर

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत तमाम नेताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता को बधाई दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "दिल्ली में भाजपा की इस प्रचंड जीत पर जनता-जनार्दन और कार्यकर्ताओं को बधाई। इस विश्वास और जनादेश के लिए दिल्ली के लोगों को धन्यवाद। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार दिल्ली में बनने जा रही है। उनका नेतृत्व दिल्ली के लोगों के लिए एक नई सुबह की शुरुआत का प्रतीक होगा। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "दिल्ली के मतदाताओं को विश्वास जताने के लिए धन्यवाद। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हम दिल्ली के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए समर्पित हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता की कड़ी मेहनत और समर्पण की हम सराहना करते हैं। वहीं भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने एक्स पर लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली को आप-दा मुक्त करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी समेत भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई।



## दिल्लीवासियों ने झूठ, भ्रष्टाचार और कुशासन को नकारा, ऐतिहासिक विजय की बधाई : रविशंकर प्रसाद

दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली विधानसभा सीट से तो जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से मनीष सिसोदिया को हार का सामना करना पड़ा है। आम आदमी पार्टी की इस हार के बाद भाजपा का हौसला बुलंद है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, भाजपा की नीतियों के प्रति अटूट विश्वास और पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है।






दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

## केजरीवाल की हार का अनुपम खेर ने कश्मीर पंडितों से जोड़ा कनेक्शन बोले- जब एक आह श्राप बन जाती है

**मुंबई (आईएएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 4 हजार से भी ज्यादा वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। केजरीवाल की हार पर अभिनेता अनुपम खेर ने प्रतिक्रिया दी है। अभिनेता ने कहा कि जब किसी की पीड़ा का मजाक उड़ाया जाता है, तो उसकी आह एक श्राप का रूप धर लेती है। अभिनेता अनुपम खेर ने अरविंद केजरीवाल की एक पुरानी तस्वीर को एक्स हैंडल पर शेयर करते हुए उनकी हार का कनेक्शन कश्मीरी पंडितों से जोड़ते हुए लिखा, "वैसे तो किसी को भी पीड़ा पहुंचाना ठीक नहीं, लेकिन जिनके साथ गहरा अन्याय हुआ हो! उन पर हंसना, उनकी पीड़ा का मजाक उड़ाना, उनकी आत्मा को दुःख पहुंचाना, ये इंसानियत की सभी हदों को पार करना होता है और फिर उस दुखी आत्मा से ना चाहते हुए भी एक 'आह' निकलती है और वही आह आगे जाकर एक 'श्राप' का रूप धारण कर लेती है।



# मिल्कीपुर उपचुनाव : योगी के सामने फिर फीकी अखिलेश-अवधेश की रंगत

**लखनऊ (आईएएनएस)**

अयोध्या में योगी का विकास कार्य रंग लाया। पीएम मोदी के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ ने जिस रामनगरी को त्रेतायुगीन वैभव प्राप्त करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया, उस अयोध्या ने योगी के आह्वान पर मिल्कीपुर में 'जय श्री राम' का उद्घोष कर कमल का फूल खिलाया। योगी के काम के बलबूते पूरे मिल्कीपुर से 'जय श्री राम, जय श्री राम' की गूंज सुनाई दी, लिहाजा भाजपा उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान यहां 61,710 वोट से जीतने में सफल हुए। महाकुंभ, शासनिक दायित्व, उत्तर प्रदेश दिवस समेत अनेक व्यस्तताओं के बीच भी योगी आदित्यनाथ दो बार चंद्रभानु पासवान के लिए जनता से संवाद करने पहुंचे। वहीं, अपने प्रत्याशी के लिए पहुंचे अखिलेश यादव के प्रयास व्यर्थ ही साबित हुए। अयोध्या पहुंचकर भी अखिलेश ने रामलला के दर्शन नहीं किए।

अपनी रैलियों में योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रवाद को जिताने और परिवारवाद को हराने की अपील की। योगी की इस अपील का मिल्कीपुरवासियों पर इतना असर हुआ कि यहां वोट देने में भी मतदाता प्रथम श्रेणी में पास हुए। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को कुल 1,46,397 वोट मिले, उन्हें 60.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उन्हें ईवीएम से 1,46,291 और पोस्टल से 106 वोट मिले। जबकि, समाजवादी पार्टी के परिवारवाद को जनता ने खारिज कर दिया। सपा सांसद के बेटे और उपचुनाव से सपा प्रत्याशी 84,655 वोट ही प्राप्त कर सके। पोस्टल बैलेट में भी वे दहाई के आंकड़े में ही रहे। उन्हें महज 32 वोट मिले। उन्हें कुल 64,687 वोट ही मिले। कुल 34.81 फीसदी वोट पाने में सफल रहे।



